

लोकसभा में राहुल गांधी को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति -12



भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता -12



भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की -13



गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया -14


आज का मौसम 26.0° अधिकतम तापमान 12.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.49 सूर्यास्त 05.57

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी 07:27 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 10 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 177, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### छाती में संक्रमण के बाद शरद पवार अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)-शरदचंद्र पवार (शप) के प्रमुख शरद पवार को सोमवार को सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद पुणे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 85 वर्षीय पवार का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। राज्यसभा सदस्य पवार को सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत के बाद पुणे जिले के बारामती कस्बे स्थित उनके आवास से अपराह्न में रूबी हॉल क्लीनिक लाया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उनकी कई जांच हुईं और चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल उनका इलाज जनरल वार्ड में जारी है।

### ईपीएफओ लांच करेगा नया एप, सीधे यूपीआई से निकाल पाएंगे पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक इस साल अप्रैल में पेश होने वाले एक नए मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई (यूपीआई) भुगतान गेटवे का उपयोग करके अपने पीएफ का पैसा सीधे बैंक खातों में पा सकेंगे। एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत ईपीएफ का एक निश्चित हिस्सा सुरक्षित कर दिया जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये बैंक खाते के माध्यम से निकासी के लिए उपलब्ध होगा।

### मंदिर की छत गिरने से तीन लड़कियों की मौत छह अन्य घायल

**मुरैना।** मध्यप्रदेश में मुरैना जिले के अहरौली गांव में सोमवार दोपहर माता मंदिर की छत गिरने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। दोपहर करीब दो बजे जब मंदिर में गुंबद निर्माण के लिए पुरानी छत तोड़ी जा रही थी तब छत की पटिया (निर्माण संबंधी एक प्रकार का सहारा) अचानक गिर गयी और नीचे बैठी बच्चियां मलबे में दब गईं। पुलिस के अनुसार सभी घायलों को कैलारस के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सतीश गौड अपनी पत्नी के साथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आए थे तथा उन्होंने प्रसाद देने के लिए कुछ बच्चियों को मंदिर के अंदर बुला लिया, इसी दौरान यह हादसा हो गया।

# बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में हंगामा

## सपा विधायकों ने वेल में पहुंचकर की नारेबाजी, अभिभाषण के दौरान दो बार रुकीं आनंदीबेन, बोलीं-सपा सरकार में रही शून्य उपलब्धि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानमंडल के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई, पहले ही दिन सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला। सपा विधायकों ने महंगाई, बेरोजगारी, एसआईआर व यूजीसी जैसे मुद्दों को लेकर नारेबाजी की और वेल में आकर विरोध प्रदर्शन किया।

इसके बाद वित्त मंत्री ने पहली बार सरकार की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। बाद में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्यपाल ने जैसे ही संयुक्त अधिवेशन में अपना अभिभाषण शुरू किया, सपा विधायक नारे लगाते हुए वेल में पहुंच गए। उन्होंने राज्यपाल वापस जाओ जैसे नारे लगाए। हंगामा बढ़ता देख राज्यपाल ने अपना भाषण कुछ देर के लिए रोका और विपक्षी सदस्यों से शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा, 'शांत हो जाइए, नहीं तो गला बैठ जाएगा'। उन्होंने यह भी कहा, सपा सरकार में विकास शून्य था। इसके बाद भी सपा सदस्य शांत नहीं हुए। राज्यपाल ने करीब 30 मिनट में अपना अभिभाषण पूरा किया। अभिभाषण में उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उप्र ने पिछले वर्षों में 'बॉटलनेक स्टेट' की छवि से बाहर निकलकर 'ब्रेकथ्रू स्टेट' के रूप में नई पहचान बनाई है। कानून-व्यवस्था, आर्थिक सशक्तिकरण, कृषि विकास, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना और जनकल्याण के क्षेत्रों में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था में सुधार से निवेश का माहौल मजबूत हुआ है और प्रदेश उद्योग, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में भी सपा विधायकों ने प्रदर्शन किया।



अभिभाषण पढ़तीं राज्यपाल आनंदीबेन।




विधान भवन के सामने तख्तियां दिखाकर विरोध-प्रदर्शन करते विपक्षी।

### अभिभाषण की मुख्य बातें

- उत्तर प्रदेश 'बॉटलनेक' से 'ब्रेकथ्रू' स्टेट बना
- कानून-व्यवस्था में सुधार से निवेश का माहौल मजबूत
- खाद्यान्न, गन्ना, चीनी, दुग्ध और आलू उत्पादन में प्रदेश अव्वल
- गन्ना किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान
- 36 लाख से अधिक ग्रामीण आवासों का निर्माण
- 8 .5 करोड़ से अधिक श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण
- ऊर्जा, एथेनॉल, सामाजिक सुरक्षा और डिजिटल योजनाओं में प्रदेश अग्रणी
- शिक्षा, अवसंरचना और रोजगार सृजन पर विशेष जोर

# डिजिटल फ्रॉड के जरिए 54 हजार करोड़ का गबन डकैती के समान

## केंद्र को एसओपी बनाने के निर्देश, कहा-यह धनराशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए 54 हजार करोड़ रुपये के गबन को पूरी तरह से लूट और डकैती करार देते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसे हितधारकों के साथ चर्चा करके मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए गबन की गई धनराशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक है।

अदालत ने पाया कि इस तरह के अपराध बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या उनकी लापरवाही के कारण हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने आरबीआई और बैंकों की ओर से समय पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अदालत ने कई नए निर्देश जारी करते हुए गृह मंत्रालय से कहा कि वह आरबीआई की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तथा दूरसंचार विभाग की इसी तरह की एसओपी या निर्णयों पर विचार करे और ऐसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार सप्ताह में एक सहमति पत्र (एमओयू) का मसौदा तैयार करे। पीठ को बताया गया कि आरबीआई ने साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से रोकने (होल्ड) के संबंध में बैंकों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई निर्दिष्ट करते हुए एक एसओपी तैयार की है। अदालत ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पहचान करने का निर्देश दिया और गुजरात तथा दिल्ली सरकारों से कहा कि वे इन मामलों में जांच के लिए सीबीआई को आवश्यक स्वीकृति प्रदान करें। कोर्ट ने आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित पक्षों को संयुक्त रूप से एक बैठक आयोजित करके डिजिटल अरेस्ट मामलों में मुआवजा प्रदान करने के लिए एक ढांचा तैयार करने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार लोगों को मुआवजा देने के मामलों में व्यावहारिक व उदार दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।



- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही हो सकती है ऐसे अपराधों के पीछे**

### कोर्ट ने अगली सुनवाई से पूर्व मांगी रिपोर्ट

अदालत ने मामले में याचिका को चार सप्ताह बाद आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों से अगली सुनवाई से पहले ताजा स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने 16 दिसंबर को केंद्र सरकार से कहा था कि वह डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों के लिए मुआवजा सुनिश्चित करने के संबंध में न्यायमित्र के सुझावों पर विचार करे। साथ ही उसने साइबर अपराधियों द्वारा देश से बाहर ले जाई जा रही भारी धनराशि पर चिंता भी जताई थी। डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराध का एक बढ़ता हुआ स्वरूप है, जिसमें ठग कानून प्रवर्तन एजेंसियों, अदालतों या सरकारी विभागों के अधिकारियों के रूप में खुद को प्रस्तुत करके ऑडियो और वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़ितों को डराते-धमकाते हैं। वे पीड़ितों को उलझाकर रखते हैं और उन पर पैसे देने का दबाव डालते हैं। एक दिसंबर को शीर्ष अदालत ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट मामलों की एकीकृत, देशव्यापी जांच करने का निर्देश दिया था और आरबीआई से यह भी पूछा था कि वह साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों का पता लगाने और उन्हें फ्रीज करने के लिए एआई का उपयोग क्यों नहीं कर रहा है।

# एसआईआर में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **ममता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी, बंगाल सरकार से पूछे कई सवाल**
- **कोर्ट ने कहा- सभी राज्य सरकारें संशोधन प्रक्रिया में सहयोग करें**

शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूचियों के एसआईआर में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं देगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी। पीठ ने बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इनमें राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका भी शामिल है, जिसमें एसआईआर अभ्यास के दौरान मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जाने की आशंका जाहिर की गई है।

पीठ ने कहा, हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है। उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह संदेश जाना चाहिए कि भारत का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग को ग्रुप-बी के 8,505 अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराए जाने का संज्ञान लिया। उसने कहा कि इन अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया में प्रशिक्षित और नियोजित किया जा सकता है।

### पुनरीक्षण का अंतिम निर्णय मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा : पीठ

पीठ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में संशोधन के सिलसिले में अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा। उसने कहा कि इन 8,505 अधिकारियों की नियुक्ति का तरीका और कामकाज निर्वाचन आयोग द्वारा तय किया जाएगा। सुनवाई के दौरान ममता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने एसआईआर प्रक्रिया में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और बड़े पैमाने पर योग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर आशंकाएं व्यक्त कीं। दीवान ने पीठ से कहा, हम नहीं चाहते कि मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर लोगों के नाम हटाए जाएं।

# कार्यवाही बाधित करने के बजाय मुद्दे उठाएं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को बजट सत्र शुरू होने से पहले मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि सरकार संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान में विश्वास करती है। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि किसी भी मुद्दे को कार्यवाही बाधित कर नहीं, बल्कि चर्चा के माध्यम से उठाएं।

योगी ने कहा कि उनकी सरकार का 11 फरवरी को वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा और उस पर सदन में चर्चा होगी। यह उनकी सरकार का 10वां बजट है। पहली बार कोई राज्य सरकार अपनी आर्थिक उपलब्धियों को इस तरह आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में सदन के सामने रख रही है। इससे जनप्रतिनिधियों और जनता को प्रदेश की आर्थिक प्रगति, प्रति व्यक्ति आय, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन की जानकारी मिलेगी। विधानमंडल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और यह संवाद से चलता है, न कि कार्यवाही बाधित करने से।

# मणिपुर में फिर हिंसा, उपद्रवियों ने कई घर फूंके

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों द्वारा लिटान सारेइखोंग गांव में कई घरों में आग लगा दी, इसके बाद यहां एकाएक फिर हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी गांव के आसपास सशस्त्र समूहों ने हवा में कई गोलियां भी चलाईं, जिससे निवासी जरूरी सामान लेकर पड़ोसी कांगपोकपी जिले के सुरक्षित इलाकों में भागने को मजबूर हो गए।

तांगखुल में रहने वाले कई ग्रामीणों के भी इलाका छोड़ने की खबर है। इस इलाके में हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को लिटान गांव में तंगखुल नागा समुदाय के एक सदस्य पर सात से आठ लोगों द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई। पीड़ित पक्ष व लिटान सारेइखोंग के मुखिया के बीच मामला सुलझ गया था और दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से पारंपरिक तरीकों से मामले को सुलझाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एक बैठक भी तय की गई थी। हालांकि, बैठक नहीं हो सकी। इसके बजाय, पास के सिकिबुंग गांव के कुछ ग्रामीणों ने लिटान सारेइखोंग के मुखिया के आवास पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लिटान थाने के पास से गुजरते हुए कई गोलियां भी चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम को जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिससे प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। बताया कि मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कुकी उग्रवादियों ने आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लिटान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है।



- **हथियारबंदों ने फायरिंग व बमबारी की जवान तैनात**
- **तांगखुल में कई ग्रामीणों के अपना इलाका छोड़ा**

# अवैध वसूली में उद्योग विभाग के तीन अधिकारी निलंबित

- **आवेदन व फाइल निस्तारण के नाम पर उगाही का आरोप**

**लखनऊ।** जिला उद्योग कार्यालय में सरकारी योजनाओं से जुड़े ऑनलाइन आवेदन और फाइल निस्तारण के नाम पर अवैध वसूली के मामले में शासन ने उद्योग विभाग के तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबित किए गए अधिकारियों में सहायक आयुक्त उद्योग एवं प्रभारी उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा, सहायक प्रबंधक संतोष राव और जिला प्रबंधक मिलन कुमार शामिल हैं। यह कार्रवाई मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी हमीरपुर की दो सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। समिति की जांच में पाया गया था कि विभिन्न सरकारी योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन कराने, फाइलों का निस्तारण करने और सब्सिडी दिलाने के नाम पर संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध वसूली की जा रही थी।

# भारत जल्द ही बनेगा विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था: मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



- **सीतापुर के शास्त्री नगर स्थित तपोधाम आश्रम में सम्मिलित होकर दिया एकजुटता का संदेश**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से देश उन्नति के शिखर पर पहुंचा है, जल्द ही वो विश्व की तीसरी ताकत बनकर उभरेगा। हमे अपनी नैतिक विचारधारा को मजबूत करते हुए बंटने से बचना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीतापुर शहर के मोहल्ला शास्त्री नगर स्थित तपोधाम आश्रम के वार्षिकोत्सव में सम्मिलित होकर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के पास दुनिया के अर्थतंत्र का 45 फीसद हिस्सा था। हमले होने पर हम आपस में बंटते गये। मत, संप्रदाय, जाति, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बंटवारा हुआ। आजादी के समय हम अर्थव्यवस्था में महज दो फीसद ही रह गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व करते हुए कम समय में इसे शीर्ष तक पहुंचाया। आज हम अर्थव्यवस्था में विश्व की तीसरी ताकत बन रहे हैं। सभी समाज को एकजुट होना होगा, सनातनी संस्कृति को संरक्षित कर हमें बंटने से भी बचना होगा। तपोधाम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गिरधारी नाथ महाराज स्मारक स्थल का अनावरण किया। बाद में अनुष्ठान में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राजस्थान के तिजारा विधान सभा विधायक महंत योगी पीर बालकनाथ, महंत योगी तेजनाथ महाराज, सतगुरु गिरधारी नाथ, कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू, विधायक, जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका सीतापुर, खैराबाद अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

## परीक्षा पे चर्चा

### दूसरे चरण में प्रधानमंत्री बोले- मोबाइल कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं जो उसके बिना खाना भी नहीं खा सकते

# तकनीक का गुलाम न बनें, मार्गदर्शन के लिए हो एआई का प्रयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छात्रों को सलाह दी कि वे प्रौद्योगिकी को उन्हें गुलाम नहीं बनाने दें और एआई का उपयोग मार्गदर्शन और अपने काम में बेहतरी लाने के लिए किया जाना चाहिए, न कि सीखने के विकल्प के रूप में।

वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में मोदी ने कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। उन्होंने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा, हर युग में नई प्रौद्योगिकियों, चाहे कंप्यूटर हों या मोबाइल फोन, को लेकर चिंताएं रही हैं। लेकिन यह डर बेवजह है। आपको यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि हम प्रौद्योगिकी के गुलाम नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से न डरें, बल्कि उनका उपयोग कौशल को निखारने के लिए करें। हमें प्रौद्योगिकी को समझना होगा, खुद का विस्तार करना होगा, उसमें उस प्रौद्योगिकी की ताकत को जोड़ना होगा, जो हमारे कामों में 'वैल्यू एडिशन' करें। काम का स्वरूप हमेशा बदलता रहेगा, जैसे परिवहन बैलगाड़ियों से हवाई जहाजों में परिवर्तित हुआ, लेकिन जीवन चलता रहा।



विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

### सिर्फ दूसरों की उपलब्धियों को देखने के बजाय सफलता के लिए उनके प्रयास देखें : मोदी

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दूसरों की केवल उपलब्धियों को ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि सफलता के पीछे किए गए प्रयास और अनुशासन को भी देखना चाहिए। एक छात्र की पढ़ाई और रुचियों के बीच संतुलन बनाने संबंधी चिंता को दूर करने की कोशिश करते हुए, मोदी ने कहा कि दोनों ही उपयोगी हैं और एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। स्टार्टअप से संबंधित एक अन्य छात्र के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं, चाहे वह प्रौद्योगिकी में नवाचार हो या ड्रोन या विद्युत प्रणालियों जैसे व्यावहारिक समाधान।

# जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

## खेल से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास: महापौर, पहले दिन अमानीगंज टीम का रहा दबदबा





मकबरा स्टेडियम में रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर उद्घाटन करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व जिला पंचायत प्रतिनिधि आलोक सिंह एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद की दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सोमवार को मकबरा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में समारोह पूर्वक शुरू हुई। मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ा कर समारोह को भव्यता प्रदान की। प्रतियोगिता के पहले दिन अमानीगंज की टीम का दबदबा रहा।



जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता की दौड़ स्पर्धा में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद्र, वित्त लेखा अधिकारी अनुपम कुमार व खंड शिक्षा अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने बैंड की धुन पर मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि ने सलामी ली। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनन्दन किया और छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह में चार चांद लगा दिया। शिक्षक प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि खेल प्रतियोगिता से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों में खेलकूद के माध्यम से सहयोग, संयम व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की भावना का विकास होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह ने कहा कि प्रदेश में योगी सरकार खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और प्रदेश के खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान कर रही है। इस मौके पर प्रांतीय जिला व्यायाम शिक्षक विश्वनाथ सिंह, धीरज शुक्ला, योगेश्वर सिंह, हरकिशन निषाद, अनूप कुमार दुबे, अजय सिंह, अविनाश, अवधेश सिंह, सरबजीत सिंह, सुशील पांडेय, राजकुमार वर्मा, राकेश सिंह, दिलीप सिंह, सरवरे आलम, पंकज द्विवेदी, तारकेश्वर पांडेय, राजेश सिंह, अमित, शैलेंद्र, रियाजुद्दीन, यशवंत कुमार, रमाकांत राम, राजेश कुमार, अजय त्रिपाठी, रविता राव, विजय प्रताप सहित खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### वैष्णवी, आदित्य, अभय व अर्पिता ने दौड़ में जीते

**अयोध्या, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन हुई दौड़ प्रतियोगिता में वैष्णवी, आदित्य, अभय व अर्पिता ने दौड़ में बाजी मारी। वहीं प्राथमिक स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में अमानीगंज टीम विजेता रही। क्रीड़ा समारोह की 400 मीटर प्राथमिक स्तरीय दौड़ स्पर्धा में अमानीगंज की वैष्णवी प्रथम, पूरा की परी द्वितीय, मिल्कीपुर की नंदिनी तृतीय स्थान पर रहीं। प्राथमिक बालक वर्ग में मसौधा के आदित्य प्रथम, मिल्कीपुर के अंशुमान द्वितीय, बीकापुर के अमन तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में मिल्कीपुर के अभय शंकर प्रथम, मसौधा के निर्मल द्वितीय व अमानीगंज के हर्ष पाठक तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालिका वर्ग में अमानीगंज की अर्पिता प्रथम, पूरा की रीता द्वितीय, मिल्कीपुर की रागिनी तृतीय स्थान पर रहीं। प्राथमिक स्तरीय कबड्डी स्पर्धा के बालक वर्ग में अमानीगंज टीम ने मिल्कीपुर टीम को पराजित कर खिताब जीत लिया।

### नहर में कूदी युवती का चौथे दिन भी पता नहीं

**पूराबाजार, अमृत विचार :** घर से नाराज़ होकर शारदा सहायक बड़ी नहर में छलांग लगाने वाली युवती का चौथे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा। नहर का पानी पूरी तरह बंद होने के बावजूद एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीमों को अब तक सफलता नहीं मिली है। ब्लाक क्षेत्र के खानपुर पुरसाए गोविंदपुर की सविता गौड़ (20) पुत्री स्व. बजरंगी गौड़ शुक्रवार की शाम करीब तीन बजे घर से निकली थी। वह बिल्हार घाट स्थित शारदा सहायक बड़ी नहर पर पहुंची और अचानक नहर में छलांग लगा दी। थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि नहर का पानी पूरी तरह से बंद कराया गया है। एसडीआरएफ की टीम लगातार खोज अभियान में जुटी हुई है।

# उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ का वर्ष 2026 का कैलेंडर जारी

अयोध्या कार्यालय।



जयपुरिया स्कूल में उप्र बॉक्सिंग संघ की बैठक में मौजूद नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष विशाल गुप्ता व अन्य।

**अमृत विचार :** अयोध्या के सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में सोमवार को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ की एक आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। संघ के प्रदेश महासचिव उपेन्द्र पांडेय ने प्रदेश अध्यक्ष विशाल गुप्ता का स्वागत किया। इसके बाद प्रदेश से विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने पूरे वर्ष का अनुमानित कैलेंडर भी जारी किया।

बैठक में आगामी वर्ष 2026-27 हेतु अनुमानित बजट एक करोड़ 38 लाख 10 हजार रुपए का प्रस्ताव रखा, जिनमें प्रतियोगिताओं के आयोजन व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने जाने वाली टीम के सभी खिलाड़ियों के आने-जाने का टिकट, किट आदि देने, खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, खेल की सामग्री व अन्य मदों के खर्चे शामिल हैं। अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने खेल और खिलाड़ियों के लिए हर संभव मदद करने व दिलाने का आश्वासन दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक पाल ने जिलों में मजबूत इकाइयों के गठन सुझाव दिया व अप्रैल माह में एक प्रतियोगिता का आयोजन अपने विद्यालय में कराने का आश्वासन दिया। बस्ती जिले से आए प्रदेश सह सचिव रमाकांत पांडेय ने जूनियर पुरुष व महिला राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सितंबर माह में बस्ती जिले में कराने के लिए कहा। वाराणसी से आए गोपाल शाही ने सब जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन मई माह में वाराणसी में कराने को लेकर आश्वस्त किया। सह सचिव अभिषेक अग्रवाल ने संगठन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किए पर चर्चा की। बैठक में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता भी पहुंचे व प्रदेश संघ को हर संभव मदद करने का वादा किया। उन्होंने शीघ्र ही अयोध्या में बॉक्सिंग रिंग बनवाने का भी आश्वासन दिया।

### युवक पर चाकू से हमला, गंभीर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के मालीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवा बरियारपुर चौराहे पर सोमवार को एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने की घटना सामने आई है। इस घटना में श्वेत कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक के हाथ में चाकू से चोट लगने के बाद वह मौके पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों की सहायता से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. भास्कर की देखरेख में घायल का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। थाना अध्यक्ष मालीपुर ने बताया कि घटना आपसी विवाद से जुड़ी प्रतीत हो रही है। तहरीर प्राप्त होने के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### टूटी पुलिया हादसों को दे रही है दावत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जनपद के भियांव विकास खंड अंतर्गत बंदीपुर-बैनपुर-आजमगढ़-अहरौला मार्ग पर स्थित एक पुलिया दशकों से टूटी पड़ी है। यह पुलिया प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी सड़क पर है, जो अब हादसों का सबब बन सकती है। यह सड़क पांच साल पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई थी। हाल ही में इस सड़क की मरम्मत भी की गई, लेकिन टूटी हुई पुलिया पर शासन-प्रशासन का ध्यान नहीं गया। इस मार्ग से प्रतिदिन दर्जनों स्कूली वाहन, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज और अंबेडकरनगर जाने वाली बसें, चार पहिया वाहन, मोटरसाइकिल सवार और स्कूली छात्र-छात्राएं गुजरते हैं। स्थानीय लोगों को किसी भी दिन बड़े हादसे की आशंका है। बंदीपुर के प्रधान जयप्रकाश सिंह, अवनीश कुमार सोनी, पूर्व प्रधान रविंद्र बहादुर सिंह, इंधना के प्रधान श्याम लाल यादव, पूर्व प्रधान संजय कुमार सिंह, भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र, अरविंद कुमार सिंह, पूर्व प्रधान कृपाशंकर यादव और पूर्व प्रधानाचार्य भैरव प्रसाद पाठक सहित अन्य राहगीरों ने शासन-प्रशासन से इस पुलिया के निर्माण या मरम्मत की मांग की है।

# डीएम ने विकास भवन का किया निरीक्षण

संवाददाता, आजमगढ़।



विकास भवन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार। अमृत विचार

- सात अधिकारी व कर्मचारी नदारद, स्पष्टीकरण देने के निर्देश

**अमृत विचार :** विकास भवन में जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण में कुल सात अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने बिना सूचना अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण लेने और एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने सोमवार को विकास भवन में स्थित कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता एवं उनके तीन जेई कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। इसके अलावा एआर कोऑपरेटिव भी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। स्टाफ ने बताया कि एआर कोऑपरेटिव के पास जनपद मऊ का भी चार्ज है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालय के बाहर स्पष्ट डिस्प्ले लगाया जाए, जिसमें यह दर्शाया जाए कि वे किस दिन आजमगढ़ और किस दिन जनपद मऊ में रहेंगे। निरीक्षण में जिला युवा कल्याण अधिकारी भी कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। वहीं कौशल विकास मिशन कार्यालय में आशा भारती (बीपीएम) अनुपस्थित मिलीं और सात फरवरी को भी उपस्थिति पंजिका में उनके हस्ताक्षर दर्ज नहीं पाए गए। सुरुचि चौबे मेडिकल अवकाश पर थीं, लेकिन उसका अंकन उपस्थिति पंजिका में नहीं किया गया था। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मेडिकल अवकाश को उपस्थिति पंजिका में दर्ज करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सीडीओ को निर्देशित किया कि बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ परीक्षित खटाना, डीडीओ संजय कुमार सिंह, डीईएसटीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रसूता की मौत के मामले में तीन सदस्यीय टीम गठित

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के फखरपुर गांव निवासी नवविवाहिता की प्रसव के दौरान कथित चिकित्सीय लापरवाही से हुई मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने दी है।

बता दें कि फखरपुर गांव निवासी प्रवेश कुमार ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी पूजा देवी को 5 फरवरी को प्रसव पीड़ा होने पर दोपहर करीब 1:30 बजे उनके पिता साधु सरन कनौजिया सरकारी महिला अस्पताल जलालपुर लेकर गए थे। वहां ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ द्वारा पूजा देवी को भर्ती कर लिया गया। करीब 2:49 बजे पूजा देवी ने सामान्य रूप से एक बच्चे को जन्म दिया। आरोप है कि प्रसव के बाद पूजा देवी को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा, लेकिन समय रहते उचित इलाज नहीं किया गया। परिजनों का कहना है कि हालत बिगडने के बावजूद महिला को उसी अवस्था में छोड़ दिया गया और गलत उपचार किया गया।

### केंद्रीय बजट में सभी का रखा है ध्यान, साबित होगा मील का पत्थर : जयनाथ सिंह

**महराजगंज, आजमगढ़। अमृत विचार :** गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के महराजगंज ब्लॉक परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट को लेकर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता जयनाथ सिंह उपस्थित रहे। जयनाथ सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं और व्यापारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि बजट में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने, कौशल विकास को प्रोत्साहन देने तथा शिक्षा क्षेत्र में निवेश पर विशेष जोर दिया गया है। कहा कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। व्यापारियों और छोटे उद्यमियों के लिए कर प्रणाली को सरल बनाने तथा स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने पर भी सरकार का विशेष ध्यान है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पारसनाथ यादव ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास की सोच को दर्शाता है, जिसमें ग्रामीण विकास, आधारभूत संरचना और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। सतेंद्र राय ने बजट को दूरदर्शी बताते हुए कहा कि इससे युवाओं, किसानों और व्यापारियों को नई दिशा मिलेगी तथा विकसित भारत के निर्माण को गति मिलेगी।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि जयनाथ सिंह।

### महफिले नूर का वार्षिक कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अकबरपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम कयामुद्दीनपुर शेखपुरा स्थित बारगाहे सैयद करम हुसैन में महफिल-ए-नूर का भव्य वार्षिक कार्यक्रम परंपरागत ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें शायरों ने इमाम-ए-अस्र की शान में कसीदा पेश कर माहौल को खुशनुमा बनाए रखा। उल्माए कराम ने तकरीर के माध्यम से लोगों को जीवन के दूसरे चरण की तैयारी में लग जाने का आवाहन किया।



कलाम प्रस्तुत करते हुए शायर मुंतजिर।

मौलाना मुनव्वर हुसैन मछलीगांव ने कलाम मजीद के माध्यम से कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात बतौर मुख्य वक्ता मौलाना सैयद शाहिद हुसैन ने संबोधित करते हुए कहा कि आखिरी इमाम हजरत महदी अलैहिस्सलाम का जन्मदिवस हम सबके लिए सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि सत्य, धैर्य और न्याय की स्मृति का दिन है।

### नोटिस प्राप्त मतदाता प्रस्तुत करें दस्तावेज

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योत्स्ना बंधु ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर के तहत निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा उन निर्वाचकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए, जिन्हे पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की निर्वाचक नामावली से नहीं जोड़ा जा सका था एवं तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं को निर्वाचक नामावली के आलेख्य प्रकाशन के बाद नोटिस जारी किया जा रहा है। उक्त नोटिस प्राप्त किए जाने वाले मतदाताओं से अपील है कि सम्बन्धित निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास नोटिस सुनवाई के दिन ससमय उपस्थित होकर आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध करा दें। दस्तावेज मांगे जाने पर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो मतदाता का नाम 10 अप्रैल को अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची से हट जाएगा।

# सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



जिला कारागार में मरीजों से जानकारी लेते सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेश कुमार मौर्य।

**अमृत विचार।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ एक्शन के अनुपालन में सोमवार को जिला कारागार में बन्दियों के हितार्थ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जिला कारागार का निरीक्षण भी किया गया।

शिविर का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर आलोक सिंह जेलर, सूर्यभान सरोज, तेजवीर सिंह और शीतल जैसवाल डिप्टी जेलर, दिग्वजय प्रताप सिंह चिकित्साधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, कारागार पीएलवी, कारागार कर्मी और बन्दी उपस्थित रहे। शिविर को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बन्दियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बीएनएसएस की धारा 479 से संबंधित विचाराधीन बन्दियों या ऐसे बन्दी जिनकी जमानत हो चुकी है लेकिन जमानतदार के अभाव में रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूचना समय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराई जाएए ताकि आवश्यक विधिक कार्यवाही कर उन्हें रिहा कराया जा सके। इस दौरान सचिव ने आगामी 22 फरवरी को जनपद में आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर की भी जानकारी दी। बताया गया कि इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा निर्बल वर्ग, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांगजन, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। शिविर से पूर्व तहसील स्तर पर प्री-शिविर आयोजित कर पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण भी किया जाएगा। कारागार निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बन्दियों से भोजन, स्वास्थ्य, मुकदमों की स्थिति तथा निःशुल्क अधिवक्ताओं द्वारा की जा रही पैरवी के संबंध में जानकारी ली।

### शादी तय होने से नाराज युवक पर ब्लैकमेलिंग का आरोप, पुलिस से की शिकायत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती की शादी किसी अन्य युवक से तय हो जाने के बाद पूर्व परिचित युवक द्वारा कथित तौर पर आपत्तिजनक संदेश भेजकर और सोशल मीडिया के माध्यम से ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीडिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में युवती ने बताया कि गांव निवासी सुरजीत से पूर्व में मोबाइल पर बातचीत होती थी। इसी बीच परिजनों ने उसकी शादी किसी अन्य युवक से तय कर दी, जो आगामी मई माह में प्रस्तावित है। शादी तय होने के बाद युवती ने पूर्व परिचित युवक से बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि इससे नाराज होकर युवक ने उसके होने वाले पति के मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजे तथा इंस्टाग्राम और यूट्यूब के माध्यम से फोटो व वीडियो साझा कर शादी तुड़वाने का प्रयास किया। पीडिता का कहना है कि इस हरकत से उसे गंभीर मानसिक प्रताडऩा झेलनी पड़ रही है। पीडिता ने पुलिस से मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जलालपुर कोतवाल अजय प्रताप ने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### टीमें घर-घर जाकर लोगों को खिलाएंगी फाइलेरिया की दवा : सीएमओ

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने बताया कि ब्लाक जलालपुर में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु सामूहिक दवा सेवन अभियान एवं अन्य ब्लाक के चिन्हित गांव में केंद्रित सामूहिक दवा सेवन अभियान का शुभारम्भ मंगलवार से होगा। यह अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत ब्लॉक जलालपुर में श्रीड्रग थेरेपी अल्वेनडाजोल, डीईसी व आइवरमेक्टिन दवा का सेवन आयु वर्ग एवं लम्बाई के अनुसार समस्त जनमानस को सेवन कराया जाएगा। जिसमे कुल 3 लाख 33 हजार 212 लोग आच्छादित होंगे। जिससे फाइलेरिया रोग के संक्रमण को समाप्त किया जा सके। जलालपुर के अतिरिक्त अन्य सभी ब्लॉक को मिला कर कुल 42 गांव में टू-ड्रग थेरेपी अल्वेनडाजोल, डीईसी चलायी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने बताया की सभी टीम जो अभियान में लगी है वह घर-घर जाकर अपने सामने ही दवा का सेवन करवाएंगी।

शुभारंभ | अस्पताल के निदेशक बोले - आधुनिक तकनीक से सुसज्जित सुविधाएं और अनुभवी चिकित्सकों की टीम उपलब्ध

# कैंसर अस्पताल के संचालन से मिलेगी बेहतर सुविधाएं

टांडा, अंबेडकरनगर।



पूर्वांचल मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर केयर के शुभारंभ के दौरान मौजूद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, एसपी अभिजित आर शंकर और प्रबंध निदेशक केस्को सैमुअल पॉल एन व अस्पताल के निदेशक डॉ. आसिफ अख्तर व अन्य।

**अमृत विचार।** टांडा-अकबरपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम खेतापुर में स्थित पूर्वांचल मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर केयर का भव्य उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर व प्रबंध निदेशक केस्को सैमुअल पॉल एन और उनकी पत्नी दिव्या अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अस्पताल का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य संस्थान समाज की एक बड़ी आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जनपद में कैंसर के समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण मरीजों को लखनऊ सहित अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। इस अस्पताल के संचालन से जनपद के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज मिल सकेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। अस्पताल के निदेशक डॉ. आसिफ अख्तर ने बताया कि पूर्वांचल मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर केयर में आधुनिक तकनीक से सुसज्जित सुविधाएं और अनुभवी चिकित्सकों की टीम के माध्यम से उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह संस्थान पूर्वांचल क्षेत्र के लिए एक भरोसेमंद चिकित्सा केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

### सुपर स्पेशलिटी सेवाएं होंगी उपलब्ध

अस्पताल में न्यूरोसर्जरी, कैंसर सर्जरी, मेडिकल एवं रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, जनरल सर्जरी, मेडिसिन, क्रिटिकल केयर, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हड्डी रोग, नाक-कान-गला रोग, नेत्र रोग एवं बाल रोग जैसी सुपर स्पेशलिटी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रितेश पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, सब रजिस्ट्रार सतेन्द्र कुमार यादव, राम प्यारे विश्वकर्मा, अनुराग विश्वकर्मा, डॉ. आतिफ, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. केपी मल्ल, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. राजेश यादव, भाजपा नेता प्रदीप गुप्ता शंकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायालय का किया बहिष्कार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बार एसोसिएशन जलालपुर की ओर से तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आयोजित आपात बैठक के बाद न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया। संगठन ने तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता को पत्र प्रेषित कर न्यायिक व्यवस्था प्रभावित होने की जानकारी दी गई है। बता दें कि बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए पत्र में कहा गया है कि तहसील में मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता सहित अन्य पीठासीन अधिकारियों और उनके स्टाफ का कार्य व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रतिकूल है। आरोप है कि भ्रष्टाचार के कारण न्यायिक कार्य सुचारु रूप से संपन्न होना संभव नहीं हो पा रहा है। बार संघ अध्यक्ष कृपा शंकर मौर्य ने बताया कि जब तक बार एवं बेंच की संयुक्त बैठक कर समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य में सहयोग करने में असमर्थ रहेंगे। इसी क्रम में सोमवार को चौथे दिन भी अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन बहिष्कार जारी रखते हुए न्यायिक कार्य से दूरी बनाए रखी।

### वृद्ध की शिकायत पर तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक वृद्ध की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वृद्ध ने पेड़ उखाड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि ग्राम हाजीपुर, जलालपुर निवासी 76 वर्षीय कमला प्रसाद वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी आबादी संख्या 199 में वर्षों से एक आम का पेड़ लगा हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि 6 फरवरी को शांति देवी ने पेड़ उखाड़ दिया। विरोध करने पर शांति देवी, प्रेमा देवी और सीताराम ने गाली-गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। साथ ही, उन्हें और उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। कमला प्रसाद वर्मा ने आरोप लगाया है कि विपक्षीगण उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से बार-बार पेड़ उखाड़कर विवाद पैदा कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप यादव ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

## न्यूज ब्रीफ

### जिला अस्पताल में दो पक्षों में मारपीट, वीडियो वायरल

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में रविवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस वीडियो को संज्ञान में लेकर जानकारी करने में जुटी है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि थाना पूराकलंदर क्षेत्र के डाभासेमर इलाके में एक दुर्घटना हुई थी। पीड़ित को जिला अस्पताल लाया गया था। बताया गया कि पीड़ित पक्ष ने दुर्घटना करने वाली बाइक को कही खड़ा करा दिया था, इसके बाद बाइक मालिक जिला अस्पताल पहुंचा तो दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। बताया कि इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। वीडियो को संज्ञान में लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित होगी। अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजिनी शुक्ला ने दी ।

### श्रद्धा भक्ति के साथ संपन्न हुआ शिखर पूजन

**रानी बाजार।** बाल्दी बाबा ब्रहमस्थल हनुमान मंदिर पर शिखर पूजन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि–विधान से पूजा की गई। आचार्य गौ वत्स ,दिवाकर शास्त्री ने गणेश वंदना, कलश स्थापना और हवन–पूजन के बाद मंदिर के शिखर पर ध्वज और कलश स्थापित किया। क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। मानव जागृति सेवा संस्थान की आयोजन समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### बीकापुर में मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा 13 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर विधानसभा में मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा 13 फरवरी को निकाली जाएगी। पदयात्रा में पड़ने वाली बाजारों में कांग्रेस पार्टी नुक्कड़ सभा आयोजित करेगी। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने दी। बताया कि पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने जिले के सभी पदाधिकारी, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष उनके पदाधिकारी, एआईसीसी सदस्य, पीसीसी सदस्य एवं जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस जन इस पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है। पदयात्रा रामपुर भगन बाजार से 11 बजे शुरू होकर ग्राम मीतनपुर, गूंधौर, वासुदेवपुर, दशरथपुर चौराहा, पूरे बजाज, पिपरी चौराहा, जलालपुर तिराहा, चांदपुर शुक्लैया, तेंदुआ माफी, तहसील मुख्यालय बीकापुर में सभा के बाद पदयात्रा का समापन किया जाएगा।

### मेगा विधिक सहायता व सेवा शिविर 22 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशानिर्देशन में न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में 22 फरवरी को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजिनी शुक्ला द्वारा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक (पीएलवी) तथा एलएडीसीएस के द्वारा प्रचार–प्रसार कराया जाएगा। प्रत्येक तहसील में विधिक सहायता एवं सेवा शिविर हेतु प्री–कैम्प का आयोजन भी किया जा रहा है। उक्त प्री–कैम्प में उपस्थित आम जनमानस को आयोजित होने वाली मेगा/वृहद विधिक सहायता एंव सेवा शिविर के विषय में जानकारी प्रदान की जा रही है।

# हत्या के बाद आतंक के आरोपी अब्दुल के घर पर कोहराम

**आरोप था ऑनलाइन ली थी आतंक की ट्रेनिंग, आईएसआई के भी संपर्क में भी था आरोपी**

- मंजनाई गांव में मातमी सन्नाटा, तरह-तरह की चर्चाएं
- फरीदाबाद से गिरफ्तार हुआ था रहमान, बरामद हुए थे दो हैंड ग्रेनेड, राम मंदिर पर हमले की साजिश का था आरोप

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** हरियाणा के फरीदाबाद की नीमका जेल में आतंक के आरोपी अब्दुल रहमान की हत्या हो गई। यह खबर सोमवार को उसके गांव पहुंची तो कोहराम मच गया। घरवाले बोले, अभी दो दिन पहले तो उससे मुलाकात हुई थी। सब ठीक-ठाक था। अचानक यह क्या हो गया? आस-पास के लोग जमा हो गए। तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

बता दें कि राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में गुजरात एटीएस व फरीदाबाद एसटीएफ की टीम ने अयोध्या जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र के मंजनाई के रहने वाले अब्दुल रहमान (19) को दो मार्च 2025 को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था। उसके पास से दो हैंड ग्रेनेड भी बरामद हुए थे। मां आश्मीन रोते हुए कह रहीं थी कि अभी तो वह उससे मिलकर लौटी थी, तब तो वह एकदम ठीक था। उसके रिश्तेदार मो. सागिर ने बताया कि गुरुवार को अब्दुल की मां आश्मीन व पिता अबू बकर फरीदाबाद जेल में मिलने गए थे। रविवार को ही अयोध्या लौटे हैं। बताया कि सोमवार सुबह अबू बकर के पास फरीदाबाद जेल से फोन आया कि अब्दुल की तबियत बहुत खराब है। उसका ऑपरेशन होना है। आप जल्द ही यहां आ जाए। इसके बाद अबू बकर व उनके भाई फरीदाबाद के लिए रवाना हो गए। बताया कि दोपहर में उन्हें मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली की अब्दुल की जेल में हत्या हो गई है। वहीं उसके परिवार में मातम छाया हुआ है। घर का कोई सदस्य कुछ बोलने को भी तैयार नहीं था।


अब्दुल रहमान (फाइल फोटो)


रोते बिलखते परिजन।

### अलकायदा इन इंडियन सब कांटिनेंट के संपर्क में था रहमान

बता दें कि अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी के बाद जांच में पता चला था कि वह आईएसआई के साथ अलकायदा इन इंडियन सब–कांटिनेंट के कुख्यात आतंकी अबू सूफियान के संपर्क में था। उसे राम मंदिर उड़ाने का टारगेट दिया गया था। आरोप है कि उसने ऑनलाइन आतंकी बनने की ट्रेनिंग भी ली थी। गिरफ्तारी के बाद से वह फरीदाबाद की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद था। उसकी हत्या का आरोप बैरक में बंद साथी बंदी चौधरी उर्फ अब्बू जट पर है।

### बरामद फोन के वीडियो से मिली थी राम मंदिर से जुड़ी जानकारियां

गिरफ्तारी के बाद उसके पास से बरामद फोन से कुछ वीडियो भी मिले थे, जिनमें राम मंदिर से जुड़ी जानकारियां भी थी। आरोप है कि उसने राम मंदिर की रेकी कर बनाया था। जांच में पता चला था कि करीब डेढ़ साल से अब्दुल रहमान सोशल मीडिया अकाउंट पर भड़काऊ वीडियो अपलोड करता था। सबसे पहले अब्दुल ने टिकटॉक पर अपना अकाउंट बनाकर भड़काऊ वीडियो डालना शुरू किया। टिकटॉक पर बैन लगा तो वह इंस्टाग्राम पर सक्रिय हो गया था। बताया जाता है कि भड़काऊ वीडियो को देखकर वह आतंकी अबू सूफियान की नजरों में चढ़ा। इसके बाद अब्दुल रहमान को अलकायदा इन इंडियन सब–कांटिनेंट ने ब्रेनवॉश कर आतंक की ऑनलाइन ट्रेनिंग दी थी। वहीं, बार–बार अकाउंट पर भड़काऊ वीडियो डालने के बाद से ही वह जांच एजेंसियों के रडार पर आ गया था। इसके बाद यूपी, हरियाणा, गुजरात एटीएफ व एटीएस की टीम ने उसे ट्रैक करना शुरू कर दिया। आरोप है कि अबू सूफियान ने ही अपने आदमियों के जरिए उसके पास तक हैंड ग्रेनेड पहुंचाए थे। उसे 4 अप्रैल 2025 को अयोध्या पर आतंकी हमला करने का टारगेट दिया गया था लेकिन इससे पहले ही मार्च 2025 में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ था केस

एसटीएफ की टीम ने फरीदाबाद के डबुआ थाने में आतंकी अब्दुल रहमान के खिलाफ 25 (1) (अ) आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 4 (ए), 4 (बी), 5 के तहत केस दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद गुजरात एटीएस ने उसे कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसका 10 दिन का रिमांड मिला था। रिमांड पर मिलने के बाद गुजरात एटीएस आतंकी अब्दुल को अपने साथ ले गई थी। वह छह माह से फरीदाबाद जेल में बंद था।

### ई रिक्शा चलाता था अब्दुल पिता की थी मीट शॉप

गिरफ्तारी से पहले कक्षा 10 पास अब्दुल ई रिक्शा चलाता था। गांव के दो कमरों के मकान के बाहर एक मीट शॉप भी थी, जिसे उसके पिता अबू बकर चलाते थे। परिवार बहुत गरीब था। सरकार की तरफ से उन्हें अंत्योदय कार्ड भी मिला था। परिवार में मां आश्मीन और उनकी तीन बेटियां हैं, जो अब्दुल रहमान से छोटी हैं। जांच में यह भी सामने आया था कि चार साल से अब्दुल कुचेरा बाजार से किन्हूपुर के बीच ई–रिक्शा चलाता था। गिरफ्तार से पहले उसके पास अचानक खूब पैसे भी आ गए थे।

### अब्दुल का दादा का रहा है जमात से जुड़ाव

जांच में पता चला था कि अब्दुल रहमान के दादा का भी जमात से जुड़ाव रहा है। उसकी गिरफ्तारी के बाद जानकारी हुई थी कि कुछ समय पहले जमात से जुड़े लोग उनके घर भी आए और अब्दुल से बात की थी। जांच में यह भी पता चला था कि पिता अबू बकर ने 20 हजार रुपयों का इंतजाम करके उसे पहली बार उसे दिल्ली स्थित निजामुद्दीन मरकज भेजा था। इसके बाद वह विशाखापत्तनम गया और वहां से वापस दिल्ली गया। एक मार्च 2025 को वह फिर अयोध्या से दिल्ली गया था।


चेन्नई से आए भक्तों ने चंपत राय को समर्पित की अष्टधातु से बनीं मां लक्ष्मी की मूर्ति।

### भेंट की 45 किलो वजनी अष्टधातु की माता लक्ष्मी की मूर्ति

**अयोध्या, अमृत विचार :** चेन्नई के श्रद्धालुओं ने राम मंदिर ट्रस्ट को अष्टधातु से निर्मित माता लक्ष्मी की दो भव्य मूर्ति भेंट की है। मूर्ति करीब 45 किलोग्राम वजनी और 2 .5 फीट ऊंची है, जिसे विधिवत पूजा–अर्चना के बाद ट्रस्ट को सौंपा गया। चेन्नई के सेलम से आए श्रद्धालुओं ने रविवार को रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई और कारसेवकपुरम पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुलाकात की। गणपति सतीश व एमएसआर भास्कर परिवार की ओर से यह मूर्ति चंपत राय को समर्पित की गई। इस दौरान चेन्नई के संत रामा अब्रमीया जियर भी मौजूद रहे। एन देवव्रत मिश्र ने बताया कि सभी को रामलला का प्रसाद भी भेंट किया गया। ट्रस्ट ने आश्वस्त किया है कि इस मूर्ति को राम मंदिर परिसर में उपयुक्त स्थान पर स्थापित किया जाएगा।

## मंदिर हड़पने को बनाया फर्जी महज्जरनामा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मंदिर जानकी निवास हड़पने के लिए फर्जी महज्जरनामा तैयार कर लिया गया। इसकी असलियत कोर्ट में खुली तो मामले में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय की अदालत से सोमवार को हुआ। फौजदारी की अधिवक्ता नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि महंत मदन मोहन चेला स्वर्गीय रामस्वरूप दास उर्फ निमिया बाबा निवासी जानकी मंदिर प्रमोद वन थाना कोतवाली अयोध्या ने कोर्ट में अर्जी दी थी, जिसमें उन्होंने रामकुमार दास निवासी विजयपुर ललितपुर मदावरा, संजय मिश्रा निवासी ग्राम नवादा जनपद हरदोई, बलराम दास निवासी गंगानगर राजस्थान, सत्यम निवासी शिव उत्थान जिला हरदोई, राम आशीष निवासी मीरापुर बुलंदी थाना कोतवाली अयोध्या, शिवम निवासी शिव स्थान हरदोई, अशोक पांडेय निवासी स्वर्गद्वार नया घाट अयोध्या के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए दी गई अर्जी में कहा था कि वह मंदिर जानकी निवास का महंत व सर्वराहकार हैं। उनके गुरु की मौत 3 दिसंबर 2016 को हो गई। मौत के बाद वह जिले तथा अन्य राज्यों में स्थित मंदिर की संपत्तियों की देखरेख के लिए बाहर जाते रहे। दूसरे शिष्य सुदामा दास की भी मृत्यु 23 मार्च 2025 को हो गई। उनके गुरु ने अपने जीवन काल में ही 20 नवंबर 2016 को संतों की उपस्थिति में कंठी चादर देकर महाज्जरनामा स्वयं तहरीर करके उन्हें महंत व सर्वराहकार नियुक्त कर दिया था। सुदामा दास की मृत्यु के बाद भी 14 जुलाई 2025 को आयोजित भंडारे में संतों ने कंठी चादर देकर महज्जरनामा निष्पादित करके उन्हें महंत बनाया। रामकुमार दास ने अन्य पांच विपक्षी के साथ मिलकर मंदिर को हड़पने के लिए फर्जी महज्जरनामा तैयार किया। कोर्ट ने अपने स्तर से मामले की जांच कराई तो पता चला कि महज्जरनामा पर महंत कमल नयन दास, महंत हरिमोहन शरण, सिया बिहारी दास, स्वामी शिवरामानंद व महंत सुदामा दास द्वारा शपथ पत्र दाखिल करके कथन किया गया कि उनके हस्ताक्षर नहीं हैं। इस पर कोर्ट ने हस्तलेख विशेषज्ञ से इसकी जांच कराई इस जांच में भी हस्ताक्षर फर्जी पाया गया।

## बार के मंत्री समेत सात पदाधिकारियों का इस्तीफा

- शनिवार को पदभार ग्रहण समारोह में अपमानित करने का लगाया आरोप

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण समारोह में मंत्री समेत सात सदस्यों ने अपमान से नाराज होकर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन को इस्तीफा दे दिया है। कोषाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे ने बताया कि हमारी कार्यकारिणी के कुछ सदस्यों से पदभार ग्रहण समारोह में अमर्यादित आचरण किया गया।

शनिवार को बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह था। इसके मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति जिले के प्रशासनिक न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया थे। पदाधिकारियों ने इस्तीफे में लिखा है कि सत्र 2026 के निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्य गण हैं। शपथ ग्रहण समारोह में कार्यक्रम समापन के समय उनका जो अपमान हुआ है, उससे वह अत्यंत ही शर्मसार हैं। इसीलिए हम अपने पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। इस्तीफा देने वालों में मंत्री शैलेंद्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, संयुक्त मंत्री पीयूष मय त्रिपाठी तथा कार्यकारिणी के चार सदस्य अमित कुमार वर्मा, दुर्गा प्रसाद सिंह, बद्री प्रसाद यादव, रूद्र प्रकाश मिश्रा शामिल है। इस संबंध में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि उन्हें कोई इस्तीफा नहीं मिला है।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार:** मया-टांडा मार्ग पर जोतिया चौराहे के पास एक तेज रफ्तार भारी वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मया बाजार पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पौसरा निवासी सूरज तिवारी पुत्र स्वर्गीय राकेश तिवारी के रूप में हुई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि सूरज के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। सूचना मिलने पर महाराजगंज थाना प्रभारी राजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फिलहाल टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## एसयूवी भिड़ी, महिला की मौत व चार घायल

बीकापुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली अंतर्गत प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर चौरे बाजार स्थित मंगारी गांव के पास सोमवार की भोर में करीब चार बजे दो एसयूवी की आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार हादसे में गोंडा के मनकापुर स्थित संचार बिहार आईटी कॉलोनी निवासी दिनेश चंद्र (56) अपनी पत्नी सीमा रानी (54) के साथ एसयूवी से प्रयागराज में एक वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेकर घर लौट रहे थे। भोर में करीब चार बजे चौरे बाजार स्थित मंगारी बिसुही नदी पुल के पास सामने से आ रही दूसरी एसयूवी से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर भेजवाया। जहां चिकित्सक ने सीमा रानी को मृत घोषित कर दिया। घायलों में पति दिनेश समेत दूसरी एसयूवी में सवार गाजीपुर जिले के अरशदपुर जंगीपुर निवासी जीत नारायण (32), रवि पांडेय (46) और विशाल विश्वकर्मा (38) शामिल हैं। बीकापुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सभी चार घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

- अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर चौरे बाजार स्थित मंगारी गांव के पास दुर्घटना

## मुख्य अतिथि को पहले माला पहनाने के चक्कर में भिड़े शिक्षक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** उद्घाटन समारोह में मेजबानी कर रहे शिक्षकों में मुख्य अतिथि को माल्यार्पण करने की होड़ अचानक रार में बदल गई। अफरातफरी के माहौल में मुख्य अतिथि को हस्तक्षेप करना पड़ा। मामले ने समारोह की बड़ी फजीहत करवाई। सोमवार को मकबरा के राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बेसिक खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के मंचासीन होने पर माल्यार्पण का कार्यक्रम शुरू हुआ। अभी कार्यक्रम शुरू ही हुआ था कि मंच के नीचे वरिष्ठ शिक्षकों व शिक्षक संघ पदाधिकारियों में महापौर को पहले माल्यार्पण की होड़ में तू-तू, मैं-मैं शुरू हो गई। मामले ने इतना तूल पकड लिया कि नौबत हाथा-पाई पर आ गई। मुख्य अतिथि महापौर ने खुद दखल देकर दोनो पक्षों को शांत कराया, तब जाकर माल्यार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हो पाया।

- मकबरा के राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में समारोह की हुई फजीहत

## डॉ. सुधीर बने उप्र लोक सेवा आयोग के सदस्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. सुधीर प्रकाश को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग का सदस्य बनाए जाने पर कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में सोमवार को कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शिक्षकों द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कुलपति, कुलसचिव व वित्त अधिकारी सहित विवि शिक्षकों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर व माल्यार्पण कर डॉ. सुधीर प्रकाश का अभिनन्दन किया।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से बधाई देते हुए कहा कि यदि व्यक्ति स्वयं में अनुशासित व संकल्पित हो तो बड़ा से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि विवि के लिए यह गौरव का पल है। डॉ. सुधीर ने कहा कि विश्वविद्यालय में 25 वर्षों की सेवा में लगभग 12 हजार छात्रों का मार्गदर्शन करने का अवसर मिला है। संचालन डॉ. राजेश कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ.मनीष कुमार सिंह ने किया। वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. सुरेन्द्र मिश्र, डॉ. विनोद कुमार चौधरी, डॉ. दिवाकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


उप्र लोक सेवा आयोग सदस्य डॉ . सुधीर प्रकाश का अभिनन्दन करते अवध विवि के कुलपति डॉ . बिजेन्द्र सिंह। अमृत विचार

- अवध विवि के शिक्षक के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजन

## अनशन समाप्त, ई-रिक्शा संचालन पर संशय बरकरार

- यूनियन के अनुसार अधिकारियों ने रामपथ पर चौराहों को पार करने की दी अनुमति, अधिकारियों ने नकारा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामपथ पर टेढ़ी बाजार से लता चौक तक ई-रिक्शा वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में यूनियन द्वारा पांच फरवरी से किया जा रहा अनशन सोमवार को समाप्त हो गया। यूनियन के नेताओं के अनुसार पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने कुछ चौराहों को पार कर दूसरे लेन में जाने की अनुमति दी है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया गया है।

कृष्णानंद फाउंडेशन ई रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को एडीएम सिटी योगानंद पांडेय, क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी के साथ हुई बैठक में अधिकारियों ने बीच का रास्ता निकालने का आश्वासन दिया है। साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से इकबाल अंसारी के घर तक व जानकी महल मंदिर मार्ग पर रामपथ तक आने जाने की अनुमति देने की बात कही गई है। इस आश्वासन के बाद पांच फरवरी से चल रहे अनशन को खत्म कर दिया गया है। बताया कि अगर प्रशासन वादाखिलाफी करता है तो अब हमारे पास एकमात्र रास्ता न्यायालय का ही बचता है। वहीं, इस संदर्भ में सीओ अयोध्या ने बताया कि पूर्व की तरह रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक ई रिक्शा वाहनों के संचालन पर रोक रहेगी। रामपथ पर कोई कट या चौराहा पार करने की अनुमति देने का आश्वासन नहीं दिया गया है। आगे उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

**आस्था** | पंडाल बना आकर्षण का केंद्र, बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

## रामनगरी में अश्वमेघ महायज्ञ, थाईलैंड के भक्त यजमान


- स्वामी अखिलेश्वरानंद के शंखनाद से महायज्ञ का हुआ प्रारंभ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सरयू तट पर चल रहे अश्वमेघ महायज्ञ के दूसरे दिन शाम को स्वामी अखिलेश्वरानंद के शंखनाद से महायज्ञ प्रारंभ हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में आए भक्तों ने भी यज्ञ शाला में आहुति डाली। मुख्य रूप से थाईलैंड से आए भक्त अनुष्ठान में यजमान रहे। इस आयोजन स्थल पर बने भव्य पंडाल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या लोग पहुंच रहे हैं।

इसके पूर्व सुबह विधि विधान से मां सरयू के जल का पूजन किया गया। रामायण के प्रसंगों के अंश पर प्रवचन देते हुए स्वामी अखिलेश्वरानंद पवन तनय संकट हरण हनुमान जी की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के युग में हनुमान जी का चरित्र मानव को विनम्रता, निस्वार्थ सेवा और कर्तव्यबोध का मार्ग दिखाता है। जब तक व्यक्ति के भीतर अभिमान रहता है, तब तक वह ईश्वर कृपा का पात्र नहीं बन सकता। हनुमान जी का जीवन इस सत्य का जीवंत उदाहरण है। दूसरे प्रसंग में भक्तों को होलिका के जीवन प्रसंग के माध्यम से गूढ़ आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया। प्रवचन के दौरान यज्ञ स्थल पूर्णतः शांत, गंभीर और भावविभोर वातावरण में परिवर्तित हो गया। जहां संदेश भी दिया गया कि आज के समाज में व्यक्ति जब ज्ञान, धन या पद प्राप्त कर लेता है और उसका प्रयोग अन्याय के समर्थन में करता है तो उसका पतन निश्चित हो जाता है। होलिका का जीवन इस बात की चेतावनी है कि ईश्वर की कृपा और वरदान भी धर्म के अधीन होते हैं। अहंकार के नहीं। इस दौरान आचार्य सुदर्शन महाराज, राष्ट्रीय महासचिव धर्मानंद पांडे, आचार्य अत्री, मीडिया प्रभारी आचार्य विश्वामित्र, आचार्य देवेंद्र, आचार्य जैनेन्द्र, आचार्य सुकृति, आचार्य अटल, आचार्य दिव्या नंद, जितेंद्र, राजकुमार, सुरेंद्र, अर्जुन आदि उपस्थित रहे।


अश्वमेघ महायज्ञ में शामिल थाईलैंड से आए भक्त।


सरयू तट पर महा अनुष्ठान के लिए भाव सजा पंडाल।

## घर से सामान चुरा अपना ताला लगा गए चोर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** कोतवाली बीकापुर अंतर्गत ग्राम परोमा स्थित एक घर में चोरों ने ताला तोड़कर 1.46 लाख नकद व करीब पांच लाख के जेवरात चुरा लिए। चोरों ने जाते-जाते घर में अपना ताला लगा दिया। पीड़ित रणधीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह फरवरी को वह अपनी पत्नी के साथ अयोध्या स्थित घर पर चले गए थे। आठ फरवरी की शाम चार बजे जब वह आए तो देखा कि बाहर चैनल में दोनों ताले बदले हुए थे। जब ताला तोड़कर अंदर गए तो देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी का ताला भी टूटा था, उसमें रखा 1.46 लाख नकद करीब पांच लाख की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। बीकापुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### कृष्ण-सुदामा की मित्रता से लेनी चाहिए प्रेरणा : कथाव्यास



**शाहगंज, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र के पूरे रघुबर पण्डित बोदहरी में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में सातवें और आखिरी दिन सोमवार को कथा वाचक पंडित द्वारिका नाथ महाराज ने सुदामा चरित्र का रोचक वर्णन किया। बताया कि श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता से समाज के सभी लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए, यह प्रसांगिक है। कृष्ण और सुदामा की मनोरम धार्मिक झांकी निकाली गई। आरती और प्रसाद वितरण के बाद कथा को विश्राम दिया गया। कथा में मुख्य यजमान भीम दत्त तिवारी, सरोज तिवारी, प्रभावती देवी, निर्मला तिवारी, गुड्डू तिवारी, विनय तिवारी सहित अन्य श्रोता मौजूद रहे।

### अव्यवस्था से गन्ना किसानों के शोषण का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार :** केएम शुगर मिल मसौधा से मिल गेट के गन्ना किसानों के शोषण का आरोप है। यह आरोप रालोद अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल ने लगाया। कहा कि चीनी मिल और गन्ना विभाग के अधिकारियों के ग़लत तरीके से गन्ना सप्लाई इंडेंट जारी करने से यह हो रहा है। कहा कि चीनी मिल प्रबंध तंत्र बाहर से गन्ना खरीदने के चक्कर में शोषण कर रहा है। पर्ची जारी करने में गडबड़ की जा रही है। जिला गन्ना अधिकारी ने फोन पर बात में कहा कि हमारी ड्यूटी सुल्तानपुर एसआईआर में लगाई गई है।

# तकनीकी जांच में कम मिला काम, रिकवरी की तैयारी

## मनरेगा परियोजनाओं पर कार्यों की एक तस्वीर यह भी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से स्पष्टीकरण, सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि, मेट हटी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या



**अमृत विचार :** मनरेगा परियोजनाओं में कराए जा रहे कार्यों की एक स्याह तस्वीर यह भी है। परियोजनाओं पर श्रमांश का भुगतान तो पूरा कर दिया जाता है, लेकिन काम कम होता है। इस पर किसी की नजर नहीं जाती। शिकायत के बाद एक ग्राम पंचायत में ऐसा मामला पकड़ा गया तो विभाग में हलचल मच गई। कई इसके दायरे में आए। कार्रवाई हुई। अब रिकवरी की तैयारी है।

व्यवस्था के अनुसार मनरेगा परियोजनाओं पर लगाए गए मजदूरों को श्रमांश के भुगतान के लिए भी मानक है। निर्धारित मात्रा में काम होने और तकनीकी सहायक की नाप के बाद ही श्रमांश का पूरा भुगतान किया जा सकता है, लेकिन हो यह रहा है कि परियोजनाओं पर काम तो कराया जाता है लेकिन नाप की फर्ज अदायगी भर की जाती है। कम कम हो या ज्यादा, यह तो सरकारी काम है।

### ऐसे हुआ खुलासा

रायबरेली के समाजसेवी विजय प्रताप सिंह ने मवई ब्लॉक के टेर गांव में मनरेगा में भ्रष्टाचार की शिकायत की। आरोप रहा कि फर्जी मजदूरी, नाम व फोटो के साथ एनएमएमएस पर हाजिरी पर सवाल उठाए। बीडीओ ने वसीम के चक से झील तक चकरोड निर्माण और पक्की सड़क से सैमसी बार्डर तक नाला खुदाई की जांच कराई। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी यदुवेंद्र को जांच सौंपी। उन पर भी लापरवाही के आरोप हैं। कई दिनों तक जांच नहीं की। स्वयं भी तय समय में ऑनलाइन हाजिरी व फोटो सेव न करने के दायरे में आ गए।

तकनीकी सहायक से किए गए कार्य की माप के बाद बीडीओ ने दोनों कार्यों की तकनीकी जांच जेई दीपाली मिश्रा से कराई। जांच रिपोर्ट में 30830.98 रुपये और 17 हजार का काम कम पाया गया। इसके बाद तो हलचल मच गई। जांच रिपोर्ट के बाद खंड विकास अधिकारी ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया। ग्राम पंचायत सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ चेतावनी जारी की गई। पेशबंदी भी हुई। सचिव ने एनएमएमएस भरने वाली महिला मेट को हटाने की जानकारी देकर पीछा छुड़ाया। बीडीओ ने कम पाए गए काम की धनराशि 40830.98 रुपये की वसूली की कार्रवाई के लिए अपने पत्रांक 1280 दिनांक छह फरवरी 2026 क जरिए उपायुक्त रोजगार को पत्र भेज दिया।

### आयुक्त ने लिखा- कृपया संभलें

बीडीओ मवई से भेजे गए पत्र पर कार्रवाई डीसी मनरेगा को करनी थी लेकिन टिप्पणी के लिए पहुंच गया आयुक्त ग्राम विकास के पास। उन्होंने सख्त टिप्पणी की। लिखा कि बीडीओ के पत्र पर कार्रवाई डीसी के स्तर से की जानी है। उस बिंदु पर कुछ बता नहीं पा रहे हैं। बीडीओ की आख्या आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यप्रणाली दोषपूर्ण है। कृपया संभलें।

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन 12 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारत– अमेरिका ट्रेड–डील के विरोध में जिला मुख्यालय पर 12 फरवरी को प्रदर्शन होगा। सोमवार को पूरा बाजार ब्लाक में भाकियू की किसान पंचायत में यह घोषणा की गई। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा एडवोकेट ने कहा कि भारत अमेरिका व्यापारिक समझौते के कारण भारत का किसान बर्बाद हो जाएगा क्योंकि अमेरिका सरकार अपने किसानों को भारत से 267 गुना अधिक सब्सिडी देकर लागत को कम करता है। जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने कहा कि गांव कमेटियों को मजबूत करते हुए किसानों के समस्याओं के समाधान के लिए मजबूती से आंदोलन किया जाना आवश्यक है। पंचायत को जिला उपाध्यक्ष भागीरथी वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पूरा रामवचन भारती, ब्लॉक अध्यक्ष माया जगदीश, विवेक पटेल, पंकज, राम सिधार, राजाराम, बनवारी लाल, सरोज वर्मा आदि ने संबोधित किया।

# महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में ध्वज फहराने की तैयारी

अयोध्या कार्यालय

- मुख्य अतिथि तय न होने से नहीं हुआ औपचारिक एलान

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर राम मंदिर के परकोटे में स्थापित भगवान शिव मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराए जाने की तैयारी है। हालांकि अभी इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि तय नहीं हो सका है, जिसके कारण ट्रस्ट इस कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा नहीं कर सका है। 15 फरवरी को मंदिर परिसर में भव्य आयोजन सम्पन्न होंगे। सुबह से धार्मिक अनुष्ठान, रुद्राभिषेक और शाम को भव्य झांकी सजाई जाएगी। पहली बार भगवान शिव की बारात निकाले जाने के साथ विवाह उत्सव भी संपन्न किया जाएगा।

राम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला पर कुबेरेश्वर महादेव मंदिर के साथ पहली बार परकोटा में स्थित भगवान शिव मंदिर में भोलेनाथ की झांकी सजाई जाएगी। सायंकाल आरती उतारी जाएगी और विशेष भोग भी लगेगा। जहां इस दिन मंदिर का पट पूरे दिन खुला रहेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के सहयोगी विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज के नेतृत्व में होने वाले इस अनुष्ठान की भी तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें शाम को भगवान शिव के विवाहोत्सव के आयोजन की भी तैयारी है। भगवान शिव की बारात के लिए भी कार्यक्रम को प्रतीकात्मक रूप में ही संपन्न हो सकेगा।



किसानों को पौध वितरित करते एडीओ पंचायत अरविंद कुमार व उद्यान विभाग के अधिकारी।

### किसानों को सब्जियों के पौधे वितरित

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** साथी यूपी संस्था एवं उद्यान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सागरपट्टी गांव में किसानों को सब्ज़ियों के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान लौकी, नेनुआ, खीरा, बैंगन एवं करैला के पौधे किसानों को नि :शुल्क वितरित किए गए तथा उन्हें ऑर्गेनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पौध वितरण कार्यक्रम में एडीओ पंचायत अरविन्द कुमार, ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार, बीडीसी राम शंकर यादव एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों ने किसानों को पौध वितरित किए। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जैविक खेती से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। साथी यूपी संस्था की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर वन्दना ने किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लाभों की जानकारी देते हुए रासायनिक खादों के कम उपयोग पर जोर दिया। वहीं जीडीडीपी वृजेश कुमार यादव ने किसानों को तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

# लेखपाल समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार:** स्पॉट मेमो पर फर्जी हस्ताक्षर करने के मामले में लेखपाल समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश हुआ है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय की अदालत से सोमवार को हुआ। मामले की अर्जी संगीता तिवारी निवासी बल्लीपुर पातुपुर थाना कोतवाली बीकापुर ने दिया था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके गांव के संजय तिवारी व राजीव तिवारी नवीन परती की भूमि पर कब्जा करके संगीता के आने-जाने का रास्ता बंद कर दिए हैं।

उक्त कब्जा को मुक्त कराने के लिए उन्होंने जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल मोतीलाल ने गांव के लोगों के सामने स्थलीय जांच करके स्पॉट मेमो बनाया। इस पर फर्जी हस्ताक्षर मुकुल आनंद व बबलू प्रसाद का बनाकर झूठी रिपोर्ट बनाकर उसे उच्च अधिकारियों के पास प्रेषित कर दिया, जबकि दोनों गवाह निरीक्षण के समय मौजूद नहीं थे। मामले की सत्यता जानने के लिए कोर्ट ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रारंभिक जांच आख्या मंगाई। जांच में गवाह मुकुल आनंद का बयान अंकित किया गया। उसका कथन है कि मेमो पर उसके हस्ताक्षर नहीं है।

क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दूरभाष से अवगत कराया गया था कि वह अपना नाम हस्ताक्षर के स्थान पर लिख दे रहे हैं। जो मेरी जानकारी में है। बबलू प्रसाद ने बयान में कथन किया कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा प्रस्तुत आख्या पर उसके हस्ताक्षर नहीं है। जानकारी सामने होने पर कोर्ट ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश कोतवाल बीकापुर को दिया है।

# सीएचसी तक का रास्ता बन गया स्वयं दर्द की कहानी

सोहावल, अयोध्या



सोहावल ड्योढ़ी मार्ग से सीएचसी तक जाने वाली सड़क।

**अमृत विचार :** रौनाही-ड्योढ़ी संपर्क मार्ग से शेखपुर जाफर गांव होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल तक का रास्ता स्वयं दर्द की कहानी बन गया है। गड्ढों से भरी यह सड़क अब सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि ग्रामीणों के लिए रोज का दर्द बन गई है।

इसी रास्ते से बीमार अस्पताल जाते हैं। बच्चे स्कूल जाते हैं और बुजुर्ग सहारे के लिए निकलते हैं, लेकिन हर कदम पर डर साथ चलता है। सड़क की हालत इतनी बदहाल है कि आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। कहीं साइकिल फिसलती है, कहीं बाइक डगमगाती है तो कहीं एंबुलेंस तक हिचकोले खाने को मजबूर होती है। जब अस्पताल तक पहुंचने का रास्ता ही सुरक्षित नहीं तो इलाज कैसे सुरक्षित होगा? गांव के समाजसेवी सिफवान सिद्दीकी की आवाज इस दर्द को बयां करती है। उन्होंने समाधान दिवस में सड़क बनाने की गुहार लगाई। कहा कि यह सड़क लगभग 27 साल पहले तत्कालीन ग्राम प्रधान मो. इबरार सिद्दीकी के प्रयास से मंडी समिति से बनवाई गई थी, लेकिन तब से इस पर रोलर नहीं चला। जबकि पूरे ब्लॉक की सेहत दुरुस्त रहने का रास्ता इसी से होकर जाता है।

## लंबित सर्वे प्रक्रिया को निर्धारित समय में पूरा कराएं : जिलाधिकारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सर्वे एवं अभिलेख इकाई के कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि जिन गांवों मे सर्वे प्रक्रिया लंबित है उसे तय समय में पूरा कराएं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में बताया गया कि सर्वेक्षण इकाई अयोध्या के तहत कुल आठ जिलों के 43 ग्राम सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रकिया के अन्तर्गत हैं। अयोध्या के कुल आठ गांव मांझा बरहटा, मांझा मीरापुर द्वाबा, मांझा जमथरा, मांझा रामपुर हलवारा, मांझा सरायरासी, मांझा पिपरी संग्राम व मांझा पूरेचेतन हैं। डीएम इसके सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा की। वर्तमान में मांझा सरायरासी, मांझा जमथरा, मांझा बरहटा आदि ग्रामों में सर्वे प्रक्रिया गतिमान बताई गई। डीएम ने निर्देश दिया कि सर्वे प्रकिया के ग्रामों में समानांतर रूप से प्रगति लाई जाए। न्यायालय सहायक अभिलेख अधिकारी पर विचाराधीन सीमा विवाद के वाद का त्वरित गति से निस्तारण किया जाए। आवास एवं विकास परिषद में अधिग्रहीत गाटों का अंश निर्धारण शीघ्र करते हुए अधिग्रहण की कार्रवाई पूर्ण कराई जाए। गांव की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। काश्तकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए सर्वे प्रक्रिया शीघ्र सम्पन्न कराते हुए खतौनी तैयार कर तहसील को उपलब्ध कराया जाए। जिससे काश्तकारों की समस्या केसीसी, कय-विक्रय, अंश निर्धारण, फार्मर रजिस्ट्री का निस्तारण किया जा सके।

# विद्यार्थियों के लिए गुडलक सेरेमनी का आयोजन

मसौधा अयोध्या

- आने वाली परीक्षाओं के लिए स्वयं को करें रिचार्ज : प्रधानाचार्य

**अमृत विचार :** देवा इंटर कॉलेज में हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को शुभकामना देने के लिए गुडलक सेरेमनी का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक सहदेव उपाध्याय ने सरस्वती पूजन कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर सभी विषय शिक्षकों घनश्याम यादव, अमित रंजन, अभिषेक कुमार, विवेकानंद शर्मा सहित शैक्षिक प्रमुख सीता सरन मिश्र ने परीक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिया। सफलता प्राप्त करने व भविष्य के सपनों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए मार्गदर्शन दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य नें छात्र-छात्राओं से कहा कि उन्हें आने वाली परीक्षाओं के लिए स्वयं को रिचार्ज करना चाहिए। जिस प्रकार एक अच्छा चलता हुआ मोबाइल बिना रिचार्ज के बेकार होता है। उसी प्रकार स्वयं को रिचार्ज करें।



देवा इंटर कालेज में गुडलक सेरेमनी कार्यक्रम में छात्रा को पुरस्कृत करते निदेशक सहदेव उपाध्याय।

निदेशक ने समापन पर कहा कि परीक्षा आपकी मेहनत का पारितोषिक होता है। यह आपके परिश्रम का उचित पुरस्कार देता है। परीक्षा के अंकों के रूप में प्राप्त सफलता आपको आगे बढ़ने और अत्यधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है। परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है। छात्र छात्राओं को शुभाशीष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर रीतू त्रिपाठी और सीता सरन मिश्रा, घनश्याम यादव, कमलेश, रंगोली, सुमन दूबे का योगदान रहा।

एच0 सी0 जे0 फार्म संख्या 23 भाग 7
H-C-J- Part VII Form No-23

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान, न्यायाधिकारी महोदय ग्राम न्यायालय मनकापुर गोण्डा**
**वाद संख्या...99 सन् 2024 ई0**
**श्रीमती बिन्दू सिंह आदि.**
**विनोद सिंह** बनाम

विनोद सिंह पुत्र सुरेन्द्र बहादुर सिंह ग्राम पचपुती जगतापुर पर0 तह0 मनकापुर जिला – गोण्डा

चूंकि ऊपर नामांकित श्रीमती बिन्दू सिंह आदि ने इस न्यायालय में यह निवेदन किया है कि. . अतः एवं आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हेतु संदर्भित करने के लिए दिनांक 17–02–26 को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं और सम्यक का अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में सफल न रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक. ..को निकाली गई।

**आज्ञा से**
**न्यायालय**

### रिपोर्ट में गलती स्वीकार, फिर भी नहीं बहाल हुई वृद्धा की पेंशन

**मवई, अयोध्या।** विकास खंड मवई क्षेत्र में एक वृद्ध महिला को अभिलेखों में मृत दर्शाए जाने से बंद हुई वृद्धावस्था पेंशन का मामला अब भी अधर में लटका है। विभागीय जांच में तकनीकी गलती स्वीकार किए जाने और शीघ्र निस्तारण का आश्वासन मिलने के बावजूद पेंशन बहाल नहीं हो सकी है। ग्राम दिगम्बरपुर मजरे मवई निवासी तुलसीदेई पत्नी तुलसीराम ने बताया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी, जिसका पंजीकरण संख्या 31491030510 है। सत्यापन के दौरान उन्हें अभिलेखों में मृत दर्ज कर दिया गया, जिसके चलते करीब तीन वर्षों से उनकी पेंशन बंद है। इस संबंध में उन्होंने कई बार विकास खंड कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसके बाद 27 अक्टूबर 2025 को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट में तकनीकी त्रुटि स्वीकार करते हुए बताया गया कि मृत दर्ज डाटा को संशोधित कराने के लिए निदेशालय समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को पत्र भेजा गया है। विभाग ने शीघ्र पेंशन बहाली का भरोसा भी दिया था। पीड़िता का कहना है कि आश्वासन के बावजूद आज तक पेंशन शुरू नहीं हुई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि यदि ऐसा मामला है तो इसकी जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशिक्षण शिविर में 500 सफाई मित्रों ने किया प्रतिभाग

अयोध्या कार्यालय




कार्यक्रम में मौजूद अपर नगर आयुक्त भारत व अन्य।

**अमृत विचार :** नगर निगम के मंडपम में दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैकिट संस्था, जागरण पहल, ग्रीनस्पर्ष फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यकम में कौशलपुरी जोन के कुल 500 सफाई मित्रों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में अपर नगर आयुक्त भारत मौजूद रहे।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी राम मणि शुक्ला ने कहा कि हार्पिक वर्ल्ड टॉयलेट कॉलेज का यह प्रयास सराहनीय है जो सेनिटेशन के क्षेत्र में सबसे अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के बारे में सोचा और उनके लिए तीन आवश्यक बिंदुओं जैसे स्वास्थ्य, सुरक्षा व सम्मान को ध्यान में रखकर उनकी क्षमतावर्धन किया जा रहा है। राज्य समन्वयक अश्वनी चौरसिया ने प्रशिक्षण के दौरान साफ सफाई जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, शौचालय के रख रखाव, कूड़ा प्रबंधन, हाउस कीपिंग के साथ-साथ प्रत्येक 6 माह में टीटी के टीके को सफाई मित्रों के लिए आवश्यक रूप से लगवाने की बात बताई गई। कार्यक्रम में नगरीय स्वास्थ्य की तरफ से निशुल्क मेडिकल चेकअप का भी आयोजन किया गया।

### मेंहदौना में 34 साल में पूरा हुआ चकबंदी का कार्य, किसान खुश

**अयोध्या कार्यालय।** जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबन्दी निखिल टीकाराम फुंडे ने चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बताया गया कि मिल्कीपुर तहसील क्षेत्रके मेहदौना गांव में चकबंदी प्रक्रिया पूरी हो गई। धारा –52 के प्रकाशन के लिए पत्र चकबंदी आयुक्त को भेज दिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कुल 18 ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है। इसमें से 16 गांवों में द्वितीय चक्र की और 12 गांवो में प्रथम चक्र की चकबन्दी चल रही है। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी गांवों मे किसानों से संवाद स्थापित करते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करें। डीएम के प्रयास से मेहदौना में चकबंदी प्रक्रिया पूरा कर लिया गया। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि साल 1991 से चकबन्दी प्रक्रिया में लंबित ग्राम–मेहदौना तहसील–मिल्कीपुर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में तहसील रुदौली के तीन ग्राम खैरी, नैपुरा व उदरौरा और तहसील मिल्कीपुर का एक ग्राम मेवापुर मु. देवगांव की प्रस्तावित चकबन्दी योजना सहायक चकबन्दी अधिकारियों से तैयार की जा रही है। डीएम ने कहा कि प्रत्येक दशा में फरवरी तक प्रारम्भिक चकबन्दी योजना पूर्ण करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर–अम्बेडकरनगर।**

पत्रांक 1142/न0पा0परि0ज0/कोटेशन सूचना/2025–26– दिनांक– 06.02.2026

**कोटेशन सूचना**

समस्त डम्फर की बॉडी मरम्मत कर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकर नगर, पालिका फण्ड/राज्य वित्त आयोग की धनराशि से वित्तीय वर्ष 2025–26 में दो अदद डम्फर (बड़ा/छोटा) की बॉडी का निर्माण एवं रंगाई पुताई व अन्य मरम्मत कार्य कराया जाना है। दोनो डम्फर हाजीपुर स्थित पंचायत भवन के परिसर में खड़े है। इन दोनो डम्फर का बॉडी बनाने वाली फर्म अवलोकित कर अपनी दर दिनांक–16–02–2026 को अपरान्ह 02 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडरकर नगर में दे सकते है।

1– निविदा सशर्त मान्य नही होगी।
2– नगर पालिका प्रशासन/शासन के नियमो उपनियमो का अनुपालन करना आवश्यक है।
3– निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है।
4– निविदा को किसी शर्तो का उल्लंघन करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।

**अधिषासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर।**

# कृषि क्षेत्र कर रहा अनेक चुनौतियों का सामना

अयोध्या कार्यालय

- समसामयिक कृषि तकनीक एवं प्राकृतिक खेती आधारित उत्पादकता पर प्रशिक्षण



कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता।

**अमृत विचार:** कृषि विज्ञान केंद्र के फसल अनुसंधान केंद्र पर उपकार से वित्त पोषित समसामयिक कृषि तकनीक एवं प्राकृतिक खेती आधारित उत्पादकता विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि उपमहानिदेशक उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. परिमेन्द्र सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इनमें जलवायु परिवर्तन, मृदा उर्वरता में गिरावट, उत्पादन लागत में वृद्धि और बाजार की अनिश्चितताएं प्रमुख हैं। आवश्यक है कि किसान आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाए। डा. पंकज सिंह ने कृषि में तकनीकी नवाचार, यंत्रीकरण एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग की बात कही। विशिष्ट अतिथि कृषि उपनिदेशक डा. पीके कनौजिया ने विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अनुदानों की जानकारी दी। केवीके मसौधा के अध्यक्ष डा. वीपी शाही ने किसानों से कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचें। जैविक विकल्पों को अपनाएं, जिससे भूमि की दीर्घकालिक उत्पादकता बनी रहे। शोध निदेशक प्रो. शम्भू प्रसाद ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों की विस्तार से व्याख्या की। प्रशिक्षण को प्रो. वी. प्रसाद, डॉ. हिमांशु तिवारी, प्रेमचंद चौरसिया, डॉ. विद्यासागर, अमन सिंह आदि ने भी जानकारी दी। प्रशिक्षण में डॉ. अनूप कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं फसल अनुसधान केन्द्र के वैज्ञानिक, कर्मचारी मौजूद रहे। दूसरे दिन प्राकृतिक खेती के व्यावहारिक पक्ष पर विशेष जोर दिया गया।

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव



# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड



HOUSE OF HIMALAYAS

> प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।
>
> **पुष्कर सिंह धामी**
> मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

> हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।
>
> **नरेन्द्र मोदी**
> प्रधानमंत्री

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरुप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरुप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता : हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।**

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS
UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है,



इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रुपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रुपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## न्यूज ब्रीफ

### दोहरे हत्याकांड में सुनवाई 11 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : प्रधानी के चुनाव विवाद में संग्रह अमीन और उसके भतीजे के चर्चित हत्याकांड में सोमवार को सुनवाई नही हो सकी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट न्यायाधीश के अवकाश पर होने से दरोगा से शेष जिरह के लिए कोर्ट ने 11 फरवरी की तारीख नियत की है। मुसाफिरखाना कोतवाली के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उसके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### बिजली सुधार को एक करोड़ मंजूर

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : चांदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली व्यवस्था सुधार के लिए शासन ने मुख्यमंत्री इमरजेंसी निधि से एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति अखिल भारतीय किसान संघ, अयोध्या मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामभजन के अनुरोध पर दी गई है। इस धनराशि से विकास खंड प्रतापपुर कमैचा के साढ़ापुर, भीटी शाहपुर, गोपालपुर, हंडिया सरपतहा, अमहा, बाभनपुर, मरछे व राजपुर गांवों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। साथ ही सराय गोपाल गांव की विभिन्न बस्तियों में जर्जर एलटी लाइन बदलकर नया केबल डाला जाएगा।

### कोथराखुर्द में किसान संवाद कार्यक्रम आज

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : ब्लॉक प्रतापपुर कमैचा के कोथराखुर्द मेला वाली बाग में मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा काशी प्रांत का विशाल किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा।

# महिला गवाह को पुलिस ने बताया 'गैर-मौजूद'

## एडीजे तृतीय ने जताई नाराज़गी, सिपाही को किया तलब, आगजनी केस की अगली सुनवाई 6 मार्च को



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः आगजनी के एक पुराने मामले में गवाही दे चुकी महिला के अस्तित्व पर ही पुलिस ने सवाल खड़ा कर दिया है। धनपतगंज थाने के सिपाही ने कोर्ट में यह रिपोर्ट दाखिल कर दी कि संबंधित महिला गांव में रहती ही नहीं, जिसके बाद एडीजे तृतीय निशा सिंह ने गहरी नाराज़गी प्रकट करते हुए सिपाही को तलब कर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।

कुड़वार थानाक्षेत्र के पूरे शुकुल, मौजा अगई की रहने वाली मीना कुमारी पत्नी श्यामलाल यादव ने आरोप लगाया था कि 21 अप्रैल 2009 की रात आरोपियों ने उनके मकान व सरिया में आग लगा दी थी। आग से गृहस्थी का सामान जल गया था और झुलसने से एक गाय की मौत हो गई थी। मीना कुमारी की तहरीर पर राम नरायन, प्रदीप, सोनू और राजकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने राजकुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की, जबकि अन्य आरोपितों को क्लीन चिट दे दिया था। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विजेंद्र द्विवेदी के अनुसार 25 अक्टूबर 2017 को वादी मीना कुमारी सहित अन्य दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। अभियोजन प्रार्थना पर आरोपी राम नरायन, प्रदीप और सोनू को विचारण के लिए तलब किया गया था। बाद में प्रदीप और सोनू को जेल जाने के बाद जमानत मिली।

कोर्ट ने वादी मीना कुमारी को दोबारा गवाही के लिए बुलाया था, मगर सिपाही अमित यादव ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि गांव में मीना नाम की कोई महिला ही नहीं है। रिपोर्ट में यह भी लिखा कि ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने भी इस नाम की महिला के गांव में निवास न करने की बात कही है। इस पर एडीजीसी क्रिमिनल संजय सिंह ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि सिपाही ने झूठी रिपोर्ट दाखिल की है। मामले में अगली सुनवाई छह मार्च को निर्धारित है।

### सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा ने दाखिल की डिस्चार्ज अर्जी

- 27 फरवरी को होगी सुनवाई

संवाददाता, सुलतानपुर : कृषि कानूनों के विरोध में हुए धरना-प्रदर्शन के मामले में सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ दर्ज मुकदमे में सोमवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में कार्यवाही हुई। पूर्व विधायक अनूप संडा ने अपने खिलाफ चल रहे मुकदमे से उन्मोचन (डिस्चार्ज) की अर्जी दाखिल की है। मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने अर्जी पर सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तारीख तय की है। आरोप है कि 7 दिसंबर 2020 को सपाइयों ने कृषि कानूनों के विरोध में कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की थी। उसी आधार पर दरोगा कमलेश कुमार की तहरीर पर अनूप संडा समेत 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

### स्थायी लोक अदालत ने दिलाई 5.20 लाख की क्षतिपूर्ति

- विद्युत पोल गिरने से हुई थी किसान की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर : स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष राधेश्याम यादव तथा सदस्यों मृदुला राय और रमेश चन्द्र यादव की पीठ ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत धम्मौर थानाक्षेत्र के भांटी निवासी मृतक किसान सोनू की पत्नी शीला देवी को कुल 5 लाख 20 हजार रुपये मय 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के भुगतान का आदेश दिया है। आरोप था का शीला देवी के पति सोनू पर 15 अगस्त 2018 को पेड़ की डाल गिरने से बिजली का खम्भा टूटकर गिर पड़ा था, जिससे सोनू की मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई थी। घटना की रिपोर्ट, पंचनामा व पोस्टमार्टम पुलिस द्वारा कराया गया था। मृतक पंजीकृत कृषक था और परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य। याचिनी ने बीमा दावा देर से प्रस्तुत किया था, जिसे पहले बीमा कम्पनी ने वापस कर दिया। बाद में जिलाधिकारी द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जांच कर दावा स्वीकृत किया गया, लेकिन नेशनल इन्श्योरेन्स कम्पनी ने भुगतान से इंकार कर दिया था।

### दंपति समेत छह पर दर्ज होगा मुकदमा

- पीड़िता की अर्जी पर सीजेएम ने दिया आदेश

मुकदमेबाजी की रंजिश में घर में घुसकर महिला की पिटाई करने के मामले में दंपति समेत छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने मुकदमा दर्जकर सात दिन में रिपोर्ट देने का आदेश पुलिस को दिया है।

अमेठी जिले के रामगंज थाने के नहरराय गांव निवासी मालती देवी पत्नी दयाराम ने गांव के राकेश व उसकी पत्नी सीता देवी और रामफेर, लखराजी, कृष्ण कुमार व उसकी पत्नी सुशीला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। मालती का कहना है कि मुकदमेबाजी की रंजिश को लेकर 15 नवंबर 2025 को आरोपियों ने मालती के घर में घुसकर मारपीट कर चोटें पहुंचाई थी और गाली देते हुए धमकी दी थी।

### जेल में निरुद्ध आरोपियों को मिली राहत

थानाक्षेत्र कुड़वार के गांव से बीते साल 10 जून को किशोरी के अपहरण के मामले में जेल में निरुद्ध गोंडा जिले के मनकापुर थाने के मंशाराम निवासी आरोपित राकेश प्रजापति व गुड्डू चौहान को पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। बचाव पक्ष के वकील अंकुर पांडेय के मुताबिक आरोप था कि 8 जून 2025 को किशोरी का अपहरण कर लिया था । साक्ष्य एव तर्कों पर कोर्ट ने आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली है।

### सराफा डकैती कांड में गवाह गैरहाजिर

संवाददाता, सुलतानपुर : सराफा डकैती कांड में सोमवार को अपर जिला जज चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर के अवकाश पर होने से सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट में सुनवाई 23 फरवरी को होगी। कोतवाली नगर के चौक बाजार में भरतजी सोनी की ज्वेलरी की दुकान पर 28 अगस्त 2024 को डकैती पड़ी थी। अमेठी जिले के मोहनगंज थाने के भवानी नगर निवासी आरोपी बिपिन सिंह सहित दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है। इस मामले में साक्ष्य की कार्यवाही लंबित चल रही है।

### गैर इरादतन हत्यारोपी की अग्रिम जमानत खारिज

कोतवाली नगर के चुनहा में 23 जनवरी को हैदर अब्बास की हुई गैर इरादतन हत्या करने के मामले में आरोपी तौकीर हुसैन की अग्रिम जमानत अर्जी जिला जज सुनील कुमार ने सोमवार को खारिज कर दी । अभियोजन की ओर से पीड़ित के वकील शेख नजर अहमद के अनुसार अफरोज बानो ने पड़ोसी खादिम, उसकी मां बिलकिश बानो, तौकीर हुसैन और अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया था।

# सीडीओ ने दो खंड विकास अधिकारियों को थमाई नोटिस

- एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि, दो अकाउंटेंट को कारण बताओ नोटिस

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः बीते दिनों मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने जयसिंहपुर विकासखंड का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान योजनाओं व अभिलेखों में गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर सीडीओ ने कड़ी कार्रवाई की। एडीओ पंचायत रामजी लाल को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई, जबकि दो खंड विकास अधिकारियों और दो अकाउंटेंट के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने एडीओ पंचायत से पंचायतों में संचालित योजनाओं और ओडीएफ घोषित ग्राम पंचायतों की संख्या की जानकारी मांगी, लेकिन वे स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए सीडीओ ने उनके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर दी।निरीक्षण में यह भी पाया गया कि जिन ग्राम पंचायतों को पहले ही खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित किया जा चुका है, वहां दोबारा शौचालय आवंटन किया गया। इस पर सीडीओ ने निर्देश दिए कि ओडीएफ पंचायतों में शौचालय आवंटन से पहले ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी और पंचायत सहायक द्वारा पात्रता की जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए, ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग रोका जा सके।अभिलेखों व योजनाओं की स्थिति असंतोषजनक मिलने पर तत्कालीन खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी और वर्तमान खंड विकास अधिकारी एसएन चतुर्वेदी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं अन्य वित्तीय अभिलेखों में खामियां मिलने पर तत्कालीन अकाउंटेंट राजकुमार और वर्तमान अकाउंटेंट बालू सिंह को भी नोटिस दिया गया। सीडीओ ने निर्देश दिए कि राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत सभी विकास योजनाओं की पत्रावलियां नियमों के अनुसार संचालित की जाएं। चेतावनी दी कि यदि नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला विकास अधिकारी गजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उक्त कार्यवाही सीडीओ द्वारा की गई है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत व दूसरा गंभीर, परिजनों में मचा कोहराम



घटना की खबर पाकर रोते-बिलखते परिजन।

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : डीजे पर चढ़कर वीडियो बनाना एक युवक को भारी पड़ गया। हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में चल रहा है। रविवार को बढ़ौनाडीह गांव से कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मंगरावा गांव बारात जा रही थी। बारात निकलते समय रिश्तेदारी में आए अंबेडकर नगर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के प्रखरपुर गांव निवासी रंजीत पुत्र वीरेंद्र डीजे पर चढ़कर वीडियो बना रहे थे, तभी वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। उसी दौरान नीचे खड़े होकर डीजे को हाथ से पकड़े बढ़ौनाडीह गांव निवासी शिवा (26) पुत्र संतोष उर्फ बुद्धू भी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को आनन-फानन में मोतिगरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान शिवा की मौत हो गई, जबकि रंजीत का इलाज जारी है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम को शिवा का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। गोमती नदी के दियरा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। शिवा दो विवाहित बहनों कुसुम व पिंकी और एक छोटी बहन प्रीति का इकलौता भाई था। मां गेना देवी और बहनें रो-रोकर बदहवास हैं। पिता संतोष उर्फ बुद्धू ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गांव में शोक की लहर है और लोगों ने पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया।

# पीएम रिपोर्ट में किशोर की हत्या की पुष्टि, केस दर्ज

- पोस्टमार्टम में गला दबाने से मौत की पुष्टि, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : धम्मौर थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय किशोर की संदिग्ध मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोर की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस ने मृतक के बाबा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रामापुर हाजीपट्टी गांव निवासी अरुण चौहान के 11 वर्षीय पुत्र विवेक चौहान का शव शुक्रवार शाम घर के अंदर छप्पर से लटका हुआ मिला था। घटना के समय मृतक के मामा आशीष चौहान बाजार गए हुए थे। लौटने पर उन्होंने विवेक को फंदे से लटका देखा। परिजन तत्काल उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शुरू से ही आत्महत्या की आशंका को खारिज करते हुए हत्या का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि विवेक की पहले गला दबाकर हत्या की गई और बाद में साक्ष्य छिपाने के लिए शव को रस्सी के सहारे छप्पर में लटका दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार को डॉग स्क्वॉड टीम ने गांव पहुंचकर घटनास्थल के साथ-साथ आसपास के खेतों और रास्तों का भी निरीक्षण किया। धम्मौर थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि मृतक के बाबा राम अभिलाष की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर जल्द ही घटना के कारणों और आरोपियों की पहचान की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार पलटी, पांच घायल

संवाददाता, सुलतानपुर



खड्ड में पलटकर क्षतिग्रस्त हुई कार।

- वैवाहिक कार्यक्रम से लौटते समय बैती कला के पास हाईवे पर हुआ हादसा

अमृत विचारः चांदा कोतवाली क्षेत्र के बैती कला गांव के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

वाराणसी जिले के भुल्लरपुर निवासी पांच लोग सुलतानपुर के लंभुआ क्षेत्र में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। सोमवार सुबह सभी लोग कार से वापस भुल्लरपुर लौट रहे थे। जैसे ही कार बैती कला गांव के पास हाईवे पर पहुंची, अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण बिगड़ गया। कार संतुलन खो बैठी और सड़क किनारे पलट गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में एंबुलेंस पहुंची और सभी घायलों को सीएचसी प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया। घायलों की पहचान प्रीति पत्नी हेमंत, निवासी भुल्लरपुर, थाना रोहनिया, वाराणसी, ईशा पत्नी कृष्ण कुमार, कृष्ण कुमार पुत्र राजेंद्र, नवनीत के पुत्र महत्व और श्वेता पत्नी नवनीत के रूप में हुई है। इनमें से कृष्ण कुमार, प्रीति और श्वेता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से 60 फीट का महात्रिशूल पहुंचा सुलतानपुर

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : सोमवार को महात्रिशूल सनातन हिंदू एकता यात्रा के जिले में पहुंचने पर माहौल भक्तिमय हो गया। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से 2 फरवरी को शुरू हुई यह यात्रा 10 फरवरी को अयोध्या स्थित श्री विघ्नेश्वर नाथ महादेव धाम पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म को संगठित करना और हिंदू एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा का मुख्य आकर्षण 60 फीट ऊंचा 11 फीट चौड़ा व 800 किलोग्राम वजनी विशाल स्टील त्रिशूल है। आयोजकों के अनुसार यह पूरी तरह स्टील से निर्मित भारत का पहला ऐसा विशाल त्रिशूल है, जिसे अयोध्या में स्थापित किया जाएगा। जिले में यात्रा पहुंचने पर स्थानीय हिंदू संगठनों और श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।

# गिरफ्तारी न हुई तो 16 से करेंगे अनशन

- जयसिंहपुर के पीड़ित ने नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी से लगाई गुहार

संवाददाता, सुलतानपुर



पिटाई से घायल विंदेश्वरी पांडेय। ● अमृत विचार

अमृत विचारः जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रवनिया सूबेदार का पूरा निवासी विंदेश्वरी पांडेय ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि 2 फरवरी 2026 को शाम करीब 7 बजे वह रोज की तरह चक्की बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में गेहूं के खेत में छिपकर बैठे हरिओम पांडेय, नीरज पांडेय, पंकज उर्फ प्रभूनाथ पांडेय और एक अज्ञात ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को कोतवाली व सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया। जहां से प्रथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। आरोप है कि हमलावर अब भी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने कहा है कि यदि 15 फरवरी तक गिरफ्तारी नहीं हुई तो 16 फरवरी से कोतवाली जयसिंहपुर पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेगा। जयसिंहपुर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि एक आरोपी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई हुई है। दो फरार है, विवेचना की जा रही है।

# सीनियर्स को दी गई भावभीनी विदाई

गोसाईगंज, सुलतानपुर



विदाई समारोह में शामिल बच्चे व शिक्षकगण । ● अमृत विचार

- कक्षा 10 व 12 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित

अमृत विचारः क्षेत्र के अंगनाकोल स्थित ए.के. शिक्षा निकेतन स्कूल में कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भावनात्मक माहौल में सम्पन्न हुआ, जहां छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

प्रधानाचार्या आरती पांडेय ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह एक यादगार क्षण होता है, जो उनके शैक्षिक जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय का समापन और नए सफर की शुरुआत का प्रतीक है। विद्यालय प्रबंधक शीतला प्रसाद पांडेय ने कहा कि यह गर्व और खुशी का अवसर है कि विद्यार्थी अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण कर उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 की छात्राओं को स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीमा मिश्रा, पूजा मिश्रा, शालनी यादव, अनुष्का यादव, रेनू भारती, मैसाना, सत्य प्रकाश तिवारी, शेर मोहम्मद, धर्मेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों अभिभावक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हकीकत

प्रधान विहीन हैं जिले की 11 ग्राम पंचायतें, कमेटियों के सहारे चल रहा विकास

# जनादेश गायब, ग्राम पंचायतें कमेटियों के भरोसे

- ग्रामीण बोले- निर्वाचित प्रधान के अभाव में योजनाओं पर निर्णय लेने की प्रक्रिया कमजोर हुई है जिससे कार्यों की गति हो रही है प्रभावित

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जिले की पंचायत व्यवस्था इस समय नेतृत्व संकट से गुजर रही है। जिले की कुल 979 ग्राम पंचायतों में से 11 ग्राम पंचायतें प्रधान विहीन हैं, जहां निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अभाव में तीन सदस्यीय प्रशासनिक कमेटियों के सहारे विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यह स्थिति जिले के सभी 14 विकासखंडों में पंचायत शासन की जमीनी हकीकत को उजागर करती है।

प्रधान विहीन ग्राम पंचायतों में बल्दीराय विकास खंड की रैंचा, धनपतगंज विकास खंड की चंदौर व ढबिया, कादीपुर विकास खंड की खालिसपुर मुबारकपुर, जयसिंहपुर विकास खंड की पेमापुर व रवानिया, लंभुआ विकास खंड की राजा उमरी, पीपी कमैचा विकास खंड की सराय जुझार तथा कुड़वार विकास खंड की धारूपुर व असरोगा शामिल हैं। इनमें से 9 ग्राम पंचायतें प्रधानों की मृत्यु के बाद नेतृत्व विहीन हो गई हैं। वहीं जयसिंहपुर विकास खंड के रवानिया की प्रधान नीरा कुमारी तथा धनपतगंज विकास खंड के बहादुरपुर ग्राम पंचायत की प्रधान अनीता को अनियमितताओं के आरोप में जिलाधिकारी के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है। रिक्त ग्राम पंचायतों में फिलहाल तीन सदस्यीय कमेटियों के माध्यम से औपचारिक रूप से कामकाज चलाया जा रहा है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि निर्वाचित प्रधान के अभाव में योजनाओं पर निर्णय प्रक्रिया कमजोर हुई है और जवाबदेही तय नहीं हो पा रही है। विकास कार्यों की गति प्रभावित होने की भी शिकायतें सामने आ रही हैं।

गौरतलब है कि ये 11 ग्राम पंचायतें बीते करीब छह माह से प्रधान विहीन हैं। वहीं दूसरी ओर मौजूदा ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्ति की ओर है और आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य भी शुरू हो चुका है। ऐसे में उपचुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रधान विहीन ग्राम पंचायतों में तीन सदस्यीय कमेटियों का गठन कर विकास कार्य कराए जा रहे हैं और कहीं से भी कार्यों में अवरोध नहीं आया है।

# मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः तहसील बल्दीराय अंतर्गत कस्बा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में नंदी एवं भगवान कार्तिकेय की मूर्ति स्थापना के पावन अवसर से पूर्व भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष पीले वस्त्र धारण कर श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए।

शोभा यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे की विभिन्न गलियों से गुजरती हुई मुसाफिरखाना-देवरा मार्ग के रास्ते ग्राम निदूरा स्थित गौरी शंकर धाम पहुंची। वहां धाम के संरक्षक योगी ओंकार अग्निवंशी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर नंदी व भगवान कार्तिकेय की आरती उतारी, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। पूजन के उपरांत शोभा यात्रा पुनः अपने गंतव्य की ओर लौट आई। इस दौरान धार्मिक धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और "बोल बम" व "भोले शंकर" के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा। शोभा यात्रा में मुख्य यजमान जय बहादुर सिंह, केपी सिंह, विजय सिंह, दिलीप सिंह, राजमणि पांडेय, अरविंद तिवारी, अशोक सिंह, अरुण सिंह, अग्रदीप अग्रहरि, अनुज अग्रहरि, निशांत, घनश्याम तिवारी, कंसराज जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा मूल स्टाम्प दस्तावेज जो दिनांक 15/03/2022 को वैनामा करायी थी जिसका गाटा संख्या 1268 जिल्द संख्या 5312 पृष्ठ 1से 16 दस्तावेज नम्बर 1435 दर्ज है जो दिनांक 28/09/2025 को घर से जाते समय रास्ते मे कही गुम हो गया। **विन्दू सिंह पत्नी उमापाल सिंह शास्त्री नगर मनकापुर, जिला- गोण्डा, मोबाइल नम्बर- 7398885200**

**सूचना**
मैंने अपना नाम ABUL HASAN KHAN MOHAMMED AHMED से बदल कर ABUL HASAN KHAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। C/O: MOHAMMAD AHMAD KHAN R/O:167 KANCHANA JAIS KASIMPUR AMETHI UTTAR PRADESH-229305

**सूचना**
मैंने अपना नाम JAMAL AHMAD ISRAR से बदल कर JAMAL AHMAD रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। C/O: ISRAR AHMAD R/O:VILL AND PO AMILO PS MUBARAKPUR AZAMGARH UTTAR PRADESH 276404

**सूचना**
मैने अपना नाम शाकिर (SHAKIR) से बदलकर शाकिर अली (SHAKIR ALI) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **शाकिर अली पुत्र श्री जाबिर अली पूरे मिया रुदौली अयोध्या उ0प्र0**

**सूचना**
मैं NEERAJ पुत्र श्री KANHAIYA LAL GUPTA निवासी म0नं0-44, हुसैन नगर, थाना कोतवाली उन्नाव, जिला-उन्नाव, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर NEERAJ GUPTA कर लिया है, अतः आज से मुझे NEERAJ GUPTA के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 का अंकपत्र 1578644 व इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अंकपत्र 1283485 के साथ पैनकार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य पढ़ाई के कागजात कहीं खो गए हैं। **शीबू पुत्र छोटेलाल ग्राम शिवनी, पोस्ट खरौंज जिला हमीरपुर (उ.प्र.)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बबलू और बबलू सिद्दीकी दोनों एक ही व्यक्ति मेरे ही हैं ।यह सूचना सार्वजनिक कर रहा हूं ताकि किसी प्रकार का संशय लोगों में न रहे। **बबलू सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी-कुरसहा थाना विशेश्वरगंज तहसील पयागपुर जनपद बहराइच।**

**सूचना**
मैं **सुशीला देवी पत्नी शोभनाथ निवासी ग्राम-गुलाल मिश्र का पुरवा चण्डेरिया, परगना व तहसील-अमेठी**, मेरे आधार कार्ड संख्या-6801-9162-2062 में लिपिकीय त्रुटि के कारण मेरा नाम सुशीला देवी के स्थान पर राम नरेश तथा पति का नाम शोभनाथ के स्थान पर भीखाराम अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम सुशीला देवी तथा पति का नाम शोभनाथ है जो कि उसके निर्वाचन कार्ड, बैंक पासबुक आदि अभिलेखों पर अंकित है यह मेरा वास्तविक नाम है।

**सूचना**
मैं सौमित्र बाजपेई पुत्र सुनील बाजपेई निवासी-569क/57, स्नेह नगर, आलमबाग, लखनऊ-226005 मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में पुत्र का नाम अभिमन्यु बाजपेई दर्ज है मैने अपने पुत्र का नाम अभिमन्यु बाजपेई से बदल कर वेदस बाजपेई रख लिया है, जो की पुत्र के आधार में दर्ज है। यह कि विद्यालय अभिलेखों में पुत्र का दर्ज नाम अभिमन्यु बाजपेई के स्थान पर आधार कार्ड के आधार पर वेदस बाजपेई दर्ज किया जाये और पुत्र को वेदस बाजपेई माना जाये।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बैंक खाते से निकल गए 1.81 लाख रुपये

**उमरी बेगमगंज, गोंडा, अमृत विचार :** साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। आरोप है कि यूपीआई के जरिए साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1.81 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ताराडीह निवासी रामशंकर के मुताबिक सोनू मौर्या व मदन कनौजिया ने उनके बैंक खाते से 1.81 लाख रुपये की धनराशि यूपीआई के माध्यम से किसी अन्य खाते में अवैध रूप से ट्रांसफर कर ली। राम शंकर ने इसकी शिकायत एसपी विनीत जायसवाल से की थी। पुलिस अधीक्षक ने उमरी पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। एसपी के आदेश पर मामले में सोनू मौर्या व मदन कनौजिया के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### घरौनी की जमीन पर कब्जे का आरोप

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** रामापुर के मजरा रामलाल पुरवा निवासी लीलावती ने घरौनी की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। शिकायत में आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कहा की आबादी की जमीन पर घरौनी बनी हुई है जिस पर टिन शेड रखकर रह रही है फिर भी विपक्षीगण आये दिन कब्जे की फिराक में रहते है और नया निर्माण नहीं करने दे रहे । एसडीएम विश्वमित्र सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है। जांच कराई जा रही है।

### विदाई समारोह आयोजित

इटियाथोक :सरदार पटेल इंटर कॉलेज बिनोहनी में सोमवार को विदाई समारोह एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा 9 व 11 के छात्रों ने कक्षा 10 व 12 के छात्रों को विदाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में संत छोटे बाबा ने हाई स्कूल इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी छात्र मन लगाकर पढ़ें। जिससे समाज में उनकी अलग पहचान बन सके। वार्षिकोत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रबंधक राम उजागर वर्मा, चंद्र प्रकाश वर्मा, चंद्र भूषण वर्मा अशोक मौर्य सहित समस्त छात्र-छात्राएं व विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रक से भिड़ी कार, बच्चे की मौत, 6 घायल

## नवाबगंज के लोलपुर ओवरब्रिज पर हुआ हादसा, बहूभोज कार्यक्रम से लौट रहे थे कार सवार

**रफ्तार की मार**

नवाबगंज, गोण्डा



ओजस फाइल फोटो।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

**अमृत विचार :** अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के एक कार व ट्रक की भिड़ंत में एक बच्चे की मौत हो गयी जबकि 6 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज भेजा गया है।

कार सवार लोग बहू भोज कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे कि रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। हादसा नवाबगंज थाना क्षेत्र के सरयू घाट चौकी क्षेत्र के लोलपुर ओवरब्रिज पर हुआ जहां तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

बस्ती जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बड़े वन निवासी दिलीप उपाध्याय (38) अपनी पत्नी ज्योति (32), बड़े बेटे दिशांत (9), छोटे बेटे ओजस (6) के साथ रिश्तेदार अशोक दुबे (65) पुत्र स्व. राम सुमेर, उनकी बहू पलक (28) पत्नी दीपक दुबे तथा अनाया (6) पुत्री दीपक दुबे (निवासी मोहल्ला कजियाना, अयोध्या कोतवाली) के साथ एक बहू भोज में शामिल होकर कार से वापस लौट रहे थे। सोमवार की भोर लगभग 2:15 बजे लोलपुर ओवरब्रिज पर आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे चल उनकी रही कार ट्रक से जा भिड़ी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखचे उड़ गए और उसके टूटे हिस्से ओवरब्रिज पर दूर-दूर तक बिखर गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही सरयू घाट चौकी प्रभारी संजीव सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल अयोध्या मेडिकल कॉलेज भेजवाया। जहां उपचार के दौरान 6 वर्षीय ओजस उपाध्याय ने दम तोड़ दिया। हादसे में कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद ज्योति, दिशांत, दिलीप और अशोक दुबे की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रक ने साइकिल सवार छात्राओं को मारी टक्कर, एक की मौत



निशा फाइल फोटो

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** पारासराय गांव के समीप एक ट्रक ने साइकिल सवार दो छात्राओं को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दूसरी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इटियाथोक के ग्राम सादीपुरवा पारासराय के रहने वाले रामकुमार उर्फ भोले मौर्य की पुत्री निशा मौर्य उर्फ अनुप्रिया (16) और सुनीता(17) साइकिल से बाजार गयी थीं। बाजार से वापस लौटते समय गांव के समीप पहुंचा थी कि सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हे ठोकर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गयीं। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां निशा उर्फ अनुप्रिया की मौत हो गई जबकि सुनीता की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतका के पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ इटियाथोक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। घटना की जांच- पड़ताल की जा रही है।

# बैंक से लौट रहे ग्रामीण को बदमाशों ने दिनदहाड़े लूटा

**वारदात**

- सिर पर तमंचे की बट से वार कर लूटे 10 हजार रुपये

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार:** थाना खोड़ारे क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। बैंक से रुपये निकालकर घर लौट रहे एक ग्रामीण से अज्ञात बदमाशों ने तमंचे के बल पर दस हजार रुपये लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने पीड़ित के सिर पर तमंचे की बट से वार कर उसे घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कूकनगर ग्रांट छब्बन दूबेडीह निवासी निर्मल प्रसाद दूबे पुत्र स्व. जगदत्त प्रसाद दूबे 4 फरवरी को उत्तर प्रदेश बड़ौदा ग्रामीण बैंक, शाखा कूकनगर ग्रांट से आवश्यक घरेलू खर्च के लिए 10,000 निकालकर साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह जनता इंटर कॉलेज से लगभग 200 मीटर पीछे अपने गांव के पास पहुंचे, तभी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे और गौरा चौकी जाने का रास्ता पूछने लगे। पीड़ित रास्ता बताकर आगे बढ़ना ही चाहते थे कि तभी एक बदमाश ने अवैध तमंचा निकालकर उनके सिर पर बट से वार कर दिया।

हमलावरों ने उनके पास मौजूद 10,000 की नगदी छीन ली। विरोध करने पर दोनों बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाना खोड़ारे में लिखित तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है।

## नाले में मिला अज्ञात युवक का शव

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के रेलवे आईओडब्ल्यू कार्यालय के सामने बने नाले में सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष आंकी जा रही है, हालांकि उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

सेमरा पुलिस चौकी प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह, पुलिसकर्मी रोहित गौतम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने के साथ ही आसपास के क्षेत्र की भी जांच की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में शरीर पर बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं, हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है और आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों से मिलान किया जा रहा है।

# सेवानिवृत्त कर्मी के घर से लाखों के जेवर ले उड़े चोर

मनकापुर, गोंडा

- परिवार की गैर मौजूदगी में चोरों ने दिया वारदात को अंजाम



**अमृत विचार :** आईटीआई लिमिटेड कॉलोनी में सेवानिवृत्त कर्मचारी के आवास में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

उन्नाव जनपद के सिविल लाइन्स निवासी रंजीत बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि वह वर्तमान में आईटीआई लिमिटेड मनकापुर की संचार बिहार कॉलोनी के आवास संख्या सी-24 में निवास कर रहे थे।वे बीते दिसंबर माह को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसके बाद बीती 12 जनवरी को अपने पुत्र शेखर प्रताप सिंह के पास गुरुग्राम चले गए थे। पड़ोसियों ने उन्हें 3 फरवरी को फोन कर सूचना दी कि उनके आवास का दरवाजा खुला हुआ है। सूचना पर अगले दिन जब वह वापस आईटीआई स्थित आवास पर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के कमरों व अलमारियों के ताले टूटे हुए थे और अंदर रखी नकदी व कीमती जेवरात गायब थे। चोरी गए सामान में लगभग 30 हजार रुपये नकद, सोने की दो चेन, दो हार, चार चूड़ियां, दो कंगन, महिलाओं की पांच व पुरुषों की चार अंगूठियां, दो टॉप्स, एक हीरा जड़ित अंगूठी, एक छल्ला तथा चांदी की पांच जोड़ी पायल, दस जोड़ी बिछिया और दस चांदी के सिक्के शामिल हैं।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# एसआईआर सुनवाई में उमड़ी भीड़

गौरा चौकी, गोंडा



एसआईआर सुनवाई के लिए ब्लॉक सभागार में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बभनजोत ब्लॉक परिसर और सभागार में सोमवार को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के तहत नो-मैपिंग और तार्किक विसंगतियों वाले मतदाताओं की सुनवाई को लेकर भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

105 से 112 तक के बूथों से जुड़े मतदाताओं को जारी नोटिस की सुनवाई के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग परिसर में अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। भीड़ इतनी अधिक थी कि कई लोगों को घंटों खड़ा रहना पड़ा। 80 से 90 वर्ष तक के बुजुर्गो को भी नोटिस जारी किए जाने से लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

वृद्ध बाबूलाल ने बताया कि वह सुबह 9 बजे से ही ब्लॉक परिसर में मौजूद हैं, लेकिन देर शाम तक उनका मामला नहीं निपट सका। उन्होंने कहा कि उम्र और स्वास्थ्य के बावजूद घंटों इंतजार करना उनके लिए बेहद कष्टदायक रहा। वहीं सुनवाई के लिए छोटे बच्चों के साथ पहुंची सुनीता ने बताया कि उनके पति के नाम से नोटिस आया है। नोटिस का जवाब देने के लिए वह सुबह से ही परेशान हैं, लेकिन अभी तक उनकी सुनवाई नहीं हो पाई। इसी तरह एक अन्य महिला मतदाता सितारा ने बताया कि वह भी अपने बच्चों के साथ सुबह से आई थीं और उनका नंबर दोपहर करीब तीन बजे आया, तब जाकर उनके नोटिस पर सुनवाई हो सकी। लंबे इंतजार और अव्यवस्थित व्यवस्था को लेकर मतदाताओं में नाराजगी साफ तौर पर दिखाई दी। लोगों ने मांग की कि बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ आने वाले मतदाताओं के लिए अलग से व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े।

## कोर्ट के आदेश पर 5 पर रिपोर्ट दर्ज

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** लिदेहना ग्रन्ट में महिला से मारपीट, घर में घुसकर हमला और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उत्तम देवी ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते वर्ष 15 दिसंबर की शाम करीब पांच बजे वह बाजार से लौट रही थीं। तभी जमीन विवाद को लेकर सूरज निषाद, सिंघा लाल निषाद, दूधनाथ निषाद, संगीता निषाद और अजय निषाद ने रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया और मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, घर पहुंचने के बाद भी उत्पात नहीं थमा। सभी आरोपी लाठी-डंडा, कुदाल व भाला लेकर घर में घुस आए और सिर पर वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी।

# मेड़ के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** ढेमवा घाट चौकी क्षेत्र के साकीपुर में जमीन की मेड़ पर खंभा लगाने को लेकर उपजा विवाद सोमवार को खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने थाने में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है, जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

साकीपुर गांव निवासी साहेब शरन पुत्र मुन्ना यादव ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपनी जमीन की मेड़ पर सीमेंटेड खंभा लगा रहा था। इसी बात से नाराज होकर गांव के ही मनोहर यादव पुत्र रामजीत, उनके पुत्र अजय, रक्षाराम पुत्र गया प्रसाद तथा गया प्रसाद पुत्र रामजी उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसके बाद सभी ने लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे छेदी, गंगाराम, छट्ठू और उपेन्द्र को भी पीटा गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और साहेब शरन का मोबाइल फोन तोड़कर फेंक दिया।

वहीं दूसरे पक्ष से मनोहर यादव पुत्र राम पती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि साहेब राम, छेदी, छट्ठू और धनलाल उसकी जमीन में जबरन खंभा लगा रहे थे। मना करने पर सभी ने एक राय होकर अपशब्दों का प्रयोग किया और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। तहरीर में यह भी कहा गया कि झगड़े के दौरान बीच-बचाव करने आए अजय, मारा और संदीप को भी मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

**होंगे प्रशिक्षित**

## महाराष्ट्र से सीखेंगे आधुनिक खेती, 12 किसान रवाना, ड्रिप सिंचाई से बदलेगी तस्वीर, जलगांव पहुंचे एफपीओ प्रतिनिधि

# अब परंपरागत नहीं, हाईटेक खेती करेंगे देवीपाटन मंडल के किसान

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** जिले के किसान परंपरागत खेती से हटकर हाईटेक विधि से खेती करेंगे। खेती के हाईटेक विधि अपनाने के लिए उन्हें महाराष्ट्र के जलगांव में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण में वह आधुनिक खेती के साथ-साथ ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से सिंचाई की नई तकनीक से रूबरू होंगे। सोमवार को 12 सदस्यीय किसानों के एक दल को महाराष्ट्र के लिए रवाना किया गया।

खेती किसानी के माध्यम से किसानों को लाभ अधिक से अधिक मिले इसको लेकर सरकार की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। खेती को लाभकारी बनाने के लिए सरकार की ओर से नए-नए कदम उठाए जा रहे हैं। किसानों को उच्च व नई तकनीक के साथ-साथ व्यावसायिक तरीके के भी बताये जा रहे हैं। खेती को लाभकारी बनाने और किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में सरकार की एक और अहम पहल सामने आई है। देवीपाटन मंडल के गोंडा, बलरामपुर और बहराइच जनपदों से चयनित 12 किसान महाराष्ट्र के जलगांव के लिए रवाना हुए हैं, जहां वे ड्रिप सिंचाई व आधुनिक खेती का पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह सभी किसान किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़े संचालक हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय, देवीपाटन मंडल द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम 11 फरवरी से 15 फरवरी तक महाराष्ट्र के जलगांव स्थित देश की अग्रणी माइक्रो इरिगेशन संस्था जैन इरिगेशन सिस्टम लिमिटेड में आयोजित होगा। प्रशिक्षण दल के साथ मंडलीय अधिकारी अशोक कुमार वर्मा को समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले 13 किसानों का चयन किया गया था, लेकिन एक किसान के शामिल न हो पाने के कारण 12 सदस्यीय दल रवाना हुआ है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई, जल संरक्षण, उन्नत कृषि नवाचार, कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग व पैकेजिंग, गुणवत्ता मानक और विपणन व्यवस्था की व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी। साथ ही ड्रिप इरिगेशन के अत्याधुनिक संयंत्रों और अनुसंधान केंद्रों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

### इन किसानों को मिला है प्रशिक्षण का अवसर

**गोंडा, अमृत विचार :** प्रतिभागियों में बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा स्थित अथरिस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ कुलदीप मिश्रा, सावित्री देवी जैविक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, बलरामपुर के निदेशक प्रह्लाद पाण्डेय, तारावती देवी बायो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, बलरामपुर के निदेशक कृष्ण कुमार द्विवेदी, देवी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, बलरामपुर के निदेशक अजय सिंह, तरबगंज ग्रामीण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ राम बहादुर सिंह, फतेहगढ़ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक अनिल चन्द्र पाण्डेय, इंटेंस फार्म डेवलपर बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक राजेश त्रिपाठी, एग्री फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, पयागपुर (बहराइच) के सीईओ विष्णु नारायण पाण्डेय, गोनार्द एफपीओ के निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय व सीईओ रवि शंकर सिंह, बेलसर ऑर्गेनिक फार्मिंग प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक शिव कुमार मौर्य एवं जय प्रकाश तिवारी और हुजूरपुर नेचुरल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, बहराइच के सीईओ दिनेश मौर्य शामिल हैं।

### सीखेंगे तकनीक

महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित इस प्रशिक्षण से देवीपाटन मंडल से किसानों का चयन किया गया है ये सभी एफपीओ से जुड़े है। प्रशिक्षण में खेती को आधुनिक रूप से करने की जानकारी दी जाएगी। एफपीओ संचालक आधुनिक कृषि तकनीक से जुड़ेंगे। किसानों का समूह महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गया है। 13 किसानों को जाना था लेकिन एक किसान किसी कारणवश नहीं जा रहे। 12 किसानों का दल जा रहा है।

– **अशोक कुमार वर्मा**, सहायक कृषि विपणन अधिकारी

## विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** घरेलू खर्च मांगने पर पति व ससुराल पक्ष ने विवाहिता की बेरहमी से पिटाई कर, जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सास-ससुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

महादेवा मजरा शुकुलपुरवा निवासिनी रीमा का आरोप है तीन वर्ष पहले उसने मंदिर में संजय से विवाह किया था। विवाह के बाद से ही पति, सास दिललगना तथा ससुर तुलसीराम घरेलू खर्च को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता ने बताया कि उसकी दस माह की एक बेटी है। बीते गुरुवार को खर्च के लिए कुछ रुपये मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे लात-मुक्कों लाठी-डंडों से पीटा गया और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया गया।

### एसपी ने छात्रों को दी पुलिस व्यवस्था की जानकारी



छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सोमवार को कार्यालय में छात्र पुलिस अनुभावात्मक अधिगम कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं को पुलिस व्यवस्था से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने कानून एवं आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान की मूल अवधारणाएं, साइबर अपराध एवं उससे बचाव, यातायात नियंत्रण व सड़क सुरक्षा नियमों, महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम, नशा मुक्ति अभियान, नागरिक-पुलिस समन्वय तथा पुलिस के सामाजिक दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। एसपी ने कहा कि समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जागरूक नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कानून के प्रति सम्मान, अनुशासन के पालन व समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

### महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक



महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करती एंटी रोमियो टीम। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के अंतर्गत सोमवार को जनपद में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। एंटी रोमियो स्क्वायड टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में गांवों, कस्बों और सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद किया। महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा के उपाय, साइबर अपराध से बचाव तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं की समस्याएं सुनीं और उनके आवागमन के दौरान होने वाली परेशानियों पर चर्चा की। टीमों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है। साथ ही 112 पुलिस आपात सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस ने साइबर सुरक्षा को लेकर भी सावधान किया।

### निरंतर मेहनत से जरूर मिलेगी कामयाबी



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं अतिथि। ● अमृत विचार

**कटरा बाजार,गोंडा, अमृत विचार :** स्व .अवधराम इंटर कॉलेज भगहरिया पूरे मितई में सोमवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैसरगंज सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह व एसडीएम कर्नलगंज नेहा मिश्रा अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसडीएम नेहा मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी,समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वहीं सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत आधारशिला है। विद्यालय परिवार की ओर से छात्रों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को यादगार बनाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुजीत कुमार सिंह, शिक्षक आशीष कुमार तिवारी, अभिषेक तिवारी, अंकित यादव, शिवनाथ प्रजापति,पूजा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हाईस्कूल के छात्रों को दी गई विदाई



विजेता छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** दयानंद बाल मंदिर उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में सोमवार को कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा 9 के बच्चों द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए रोचक खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रुद्रांश कमल सिंह, द्वितीय स्थान मयंक गोस्वामी और तृतीय स्थान माही गोस्वामी ने प्राप्त किया। विजेताओं को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया। कक्षा 10 के विद्यार्थियों को विभिन्न टाइटल दिए गए। इस अवसर पर छात्रों ने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभवों और मधुर स्मृतियों को साझा किया। विद्यालय के आचार्य एवं आचार्याओं ने विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़ी जानकारियां दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक शिवनंदन वैश्य, प्रधानाचार्या अर्चना सक्सेना, उपप्रधानाचार्य कमल किशोर कसेरा सहित पूनम तिवारी, शशिकांत सिंह, सनद तिवारी, बेनीमाधव मिश्र, सुप्रिया मिश्रा, रश्मीत कौर, ज्योति पुरवार, जिकरा, रामकुमार तथा विष्णु प्रताप वर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### किसानों को दी सरसों की उन्नत प्रजाति की जानकारी



प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम में मौजूद कृषि वैज्ञानिक व किसान। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकासखंड ग्राम फिरोजपुर में सरसों फसल पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सरसों की उन्नत प्रजाति की जानकारी दी। डॉ. एसके वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ने तिलहनी फसलों में सल्फर के प्रयोग को आवश्यक बताया। डॉ. राम लखन सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने सरसों की उन्नत प्रजाति आर .एच . 725 की विशेषताओं की जानकारी दी। कृषक के प्रक्षेत्र पर लगी सरसों की फसल का वैज्ञानिकों ने अवलोकन किया, जो संतुलित उर्वरक प्रयोग के कारण कीट व रोग से मुक्त पाई गई। इस अवसर पर डॉ. डीके श्रीवास्तव ने कार्बनिक खाद, डॉ. मनोज कुमार सिंह ने सहफसली खेती तथा डॉ. दिनेश कुमार पांडे ने मधुमक्खी पालन व सिंचाई प्रबंधन पर जानकारी दी।

# शक्ति संवाद में छलका महिलाओं का दर्द

## विशेष महिला जनसुनवाई : 17 प्रकरणों पर आयुक्त सख्त, दो सप्ताह में समाधान कराने का दिया निर्देश

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर सोमवार को मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के तहत आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में महिलाओं की गंभीर समस्याएं खुलकर सामने आईं। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंची 17 महिलाओं ने अपराध, उत्पीड़न, धोखाधड़ी और भूमि विवाद से जुड़े मामलों में न्याय की गुहार लगाई। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त देवीपाटन मंडल ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मामलों का निस्तारण अधिकतम दो सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर आयुक्त भी मौजूद रहीं।



महिलाओं की शिकायत सुनते आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील। ● अमृत विचार

जनसुनवाई में थाना इटियाथोक क्षेत्र के ग्राम परना बगुलहा निवासी महिला ने नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष विवेचना की मांग उठाई। पीड़िता ने बताया कि गैंगेस्टर एक्ट में सजा पा चुके आरोपियों ने उसके पति पर जानलेवा फायरिंग की, जिसमें वह बाल-बाल बचे। चिकित्सकीय परीक्षण में फायर आर्म इंजरी की पुष्टि के बावजूद विवेचना में लापरवाही बरती जा रही है। आरोपियों की लगातार धमकियों से परिवार की जान-माल पर खतरा बना हुआ है। इसी क्रम में करनैलगंज थाना क्षेत्र की महिला आसमा बानों ने दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक और न्यायालय के आदेश के बावजूद गुजारा भत्ता न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के अनुसार दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया और बिना तलाक दूसरी शादी कर ली। महिला ने मामले की निष्पक्ष जांच और अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग की। कटरा बाजार थाना क्षेत्र की वृद्ध महिला ननकई देवी ने जालसाजी और ठगी का गंभीर मामला उठाया। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने आधार और बैंक दस्तावेज लेकर कन्या विवाह सहायता योजना की धनराशि खाते में भिजवाकर धोखाधड़ी से निकाल ली, जिससे उनके विरुद्ध वसूली अधिपत्र जारी हो गया। पीड़िता ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कराने और वसूली की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। तरबगंज तहसील क्षेत्र की लालमती ने भूमि विवाद से जुड़े प्रकरण में खड़ी गेहूं की फसल में किलाबंदी कराए जाने का विरोध दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि संबंधित आदेश के खिलाफ अपील न्यायालय में लंबित है, जिसकी सुनवाई 11 फरवरी को निर्धारित है। इसके बावजूद किलाबंदी की तैयारी की जा रही है। महिला ने अपील के निस्तारण तक किलाबंदी पर रोक लगाने की मांग की। आयुक्त ने सभी प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर अधिकारियों से वार्ता की और हर प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान आज से

**बलरामपुर, अमृत विचार। :** जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत मंगलवार को व्यापक अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस अवसर पर 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए एल्बेंडाजोल की दवा पिलाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ, सशक्त एवं कुपोषण मुक्त बनाना है।

उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा वितरण किया जा रहा है। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है।

सीएमओ ने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चों में एनीमिया, कमजोरी व सीखने की क्षमता प्रभावित होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। जो बच्चे आज दवा नहीं ले पाएंगे, उनके लिए 13 फरवरी को मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को दवा अवश्य खिलाएं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव मना



वार्षिकोत्सव का विधि-विधान से शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रमनापार्क बलरामपुर में रविवार देर शाम को भव्य वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्र रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत राजकुमार दास महाराज, अधिकारी राम बल्लभ कुंज अयोध्या ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गंगा सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में तुलसीपुर विधायक कैलाश शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, पूज्य महंत जय राम दास महाराज श्री राम आश्रम अयोध्या, अखिल भारतीय अभिलेखागार प्रमुख राजेंद्र सिंह बघेल, प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, सांस्कृतिक बोध परियोजना प्रमुख उत्तम मिश्र सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके पश्चात प्रधानाचार्य बृजेश नारायण सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। विद्यालय के भैया-बहनों ने विविध मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता गंगा सिंह ने विद्या भारती की योजनाओं और लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। विद्यालय प्रबंधक डॉ. सतीश सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की। अंत में महंत राजकुमार दास महाराज ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का समापन सह प्रबंधक डॉ. दिव्य दर्शन तिवारी द्वारा आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

## सोनाली ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में पाई सफलता



**बलरामपुर, अमृत विचार :** होनहार छात्रा सोनाली जायसवाल ने मनोविज्ञान विषय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोनाली एक मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं। उनके पिता सुभाष जायसवाल तथा माता उमा जायसवाल हैं। सोनाली अपने माता-पिता की पांच संतानों में तीसरे स्थान पर हैं और पहलवारा, पीपल तिराहा की निवासी हैं। उन्होंने वर्ष 2022 में स्नातक तथा 2024 में मनोविज्ञान में परास्नातक की पढ़ाई एम.एल.के. स्नातकोत्तर महाविद्यालय से पूरी की। परास्नातक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। परास्नातक के दौरान ही उन्होंने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा की तैयारी शुरू की। प्रारंभिक असफलताओं के बावजूद निरंतर परिश्रम करते हुए दिसंबर 2025 में उन्होंने सफलता प्राप्त की। सोनाली ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार एवं गुरुजनों को दिया।



समारोह में सम्मान पाकर खुशी जतातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## जैनब को 'मिस फेयरवेल' एवं फरहान खां को 'मिस्टर फेयरवेल' का खिताब

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार :** स्टार वड्र्स पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य, भावुक एवं प्रेरणादायी आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिवम सिंह कलहंस व प्रधानाचार्या प्रभा सिंह ने किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने शिक्षकों व अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा सीनियर विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्विज, नृत्य, गीत सहित अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी टास्क में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जैनब को 'मिस फेयरवेल' एवं फरहान खां को 'मिस्टर फेयरवेल' का खिताब प्रदान किया गया, जिससे पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। संस्थापक प्रबंधक विनोद सिंह कलहंस ने अस्वस्थ होने के बावजूद विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक लाने, अनुशासन व आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी। प्रबंध निदेशक शिवम सिंह कलहंस व प्रधानाचार्या प्रभा सिंह ने जीवन में अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को संस्कारवान व जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन आइसा अजीज खान व अभिषेक तिवारी ने किया।

# संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

- आकांक्षी जिला और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित विकास संकेतकों की पूर्ण संतृप्ति, अच्छी गतिविधियों को संस्थागत रूप देने तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 14 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा। अभियान की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज से की।





कार्यक्रम को संबोधित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधन एवं वित्तीय समावेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निर्धारित संकेतकों की संतृप्ति के लिए विभागवार कार्ययोजनाएं प्रस्तुत की गईं। इनके प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित निगरानी, विभागीय अभिसरण, नवाचार और परस्पर सीख को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को जिला एवं ब्लॉक को स्वस्थ, समर्थ एवं समृद्ध बनाने की शपथ दिलाई गई। सभी ने संपूर्णता अभियान को जनआंदोलन के रूप में संचालित करने और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, उपनिदेशक कृषि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी सीडीपीओ, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फकीरापुर, बनकटवा व माधव महुवा में विकास ठप

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** उतरौला ब्लॉक के ग्राम फकीरापुर, बनकटवा एवं माधव महुवा में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। गांवों की स्थिति दिन-ब-दिन बद से बदतर होती जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि मौजूदा ग्राम प्रधान व उनके प्रतिनिधि ने पिछले 10 से 15 वर्षों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं कराया। ग्रामीणों का कहना है कि आज भी गांव पूर्व प्रधान छेदी खां के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों के सहारे चल रहा है। गांवों की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, नालियां टूट-फूट गई हैं, जिससे गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली व्यवस्था भी बदहाल है। कहीं लो वोल्टेज तो कहीं जर्जर तारों के सहारे आपूर्ति की जा रही है। माधव महुवा स्थित प्राथमिक विद्यालय के ऊपर से गुजर रही नहर बच्चों के लिए खतरा बनी हुई है। नहर के किनारे कोई सुरक्षा बाउंड्री नहीं है। विद्यालय की हालत भी दयनीय है। शौचालयों में पानी नहीं, हैंडपंप से गंदा पानी पीने को बच्चे मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से कार्रवाई की मांग की है।

## पुल निर्माण की मांग : हस्ताक्षर अभियान जारी



पुल निर्माण की मांग के समर्थन में हस्ताक्षर करते लोग। ● अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** जर्जर बिसुही पुल के लिए निर्माण के लिए हस्ताक्षर अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर पुल निर्माण की मांग उठाई। छात्र आकाश दूबे ने बताया कि यह पुल बनना बहुत आवश्यक है छात्र सुरेंद्र कनौजिया ने बताया कि सुबह स्कूल जाते समय एक से डेढ़ घंटे का जाम में फंसना पड़ता है। व्यापारी सूरज जायसवाल ने भी जल्द से जल्द पुल निर्माण की मांग की। कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि आज तीसरे दिन तक 3231 लोगों ने हस्ताक्षर कर कहा कि इस पुल का निर्माण बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर सिद्धेश सोनी, अल्तमस इदरीसी, अयान चौधरी, विवेक सोनी, विकाश द्विवेदी, नितिन शर्मा, ओम प्रकाश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# आग लगने से 20 बीघा गन्ने की फसल जली

**नवाबगंज, गोण्डा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र तुलसीपुर माझा गांव में रविवार की शाम खेत में जल रही गन्ने की सूखी पत्तियों से उठी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को चपेट में ले लिया। करीब 20 बीघा गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई।



जली फसल के बीच खड़े किसान।

राकेश यादव रविवार शाम लगभग 5:30 बजे अपने खेत में गन्ने की सूखी पत्तियां जला रहे थे। उसी दौरान तेज़ हवा चलने लगी, जिससे आग बेकाबू हो गई और पास के खेतों तक फैल गई। कुछ ही देर में बड़े इलाके में खड़ी गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। इस आगजनी में हीरालाल, रामतेज, बच्चे लाल, रामकिशोर, जग्गा पुजारी, सोनी लाल और बंसीलाल उर्फ नानकु के खेतों में लगी गन्ने की फसल नष्ट हो गई। प्रभावित किसानों का कहना है कि गन्ने की यह फसल ही उनकी साल भर की कमाई और परिवार के पालन-पोषण का मुख्य जरिया थी। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि आग की चपेट में आने से कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। किसानों के अनुसार इस आग लगने से लाखों रुपये की फसल का नुकसान हुआ है। आग से तबाह हुए खेतों को देखकर किसान गहरे सदमे और चिंता में हैं। मामले में हल्का लेखपाल विनीत ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। मौके पर पहुंचकर फसल क्षति का आकलन किया जाएगा और रिपोर्ट तैयार कर तहसील को भेजी जाएगी।

## मदरसा बोर्ड :760 छात्रों ने दी परीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार :** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) तथा आलिम (सीनियर सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जनपद में निर्धारित 4 परीक्षा केन्द्रों पर सोमवार को परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई गईं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में फाजिल/मुंशी/मौलवी परीक्षा के अंतर्गत कुल 785 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 569 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 216 अनुपस्थित पाए गए। वहीं द्वितीय पाली में आयोजित आलिम (सीनियर सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) परीक्षा में कुल 244 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 191 उपस्थित एवं 53 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों को मिलाकर कुल 1029 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 760 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 269 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय परीक्षा : पहले दिन 1313 विद्यार्थी हुए शामिल



परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते कक्ष निरीक्षक और अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार:** एमएलके पीजी कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र पर सोमवार से सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु व मां पाटेश्वरी विवि से संबद्ध महाविद्यालयों की बीएड, बीए एलएलबी व एलएलबी विषम सत्र की परीक्षाएं प्रारंभ हो गईं। परीक्षा के पहले दिन 1313 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 79 छात्र अनुपस्थित रहे। बीएड प्रथम सत्र की परीक्षा में एक नकलची पकड़ा गया।

यह जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया कि परीक्षाओं के निष्पक्ष संचालन के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा कक्षों में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। परीक्षा प्रभारी डॉ. लवकुश पाण्डेय ने बताया कि सिद्धार्थ विवि के अंतर्गत प्रथम पाली में 301 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 4 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 24 उपस्थित रहे और 4 अनुपस्थित रहे। वहीं मां पाटेश्वरी विवि के अंतर्गत प्रथम पाली में बीएड प्रथम सत्र की परीक्षा में 498 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, 33 अनुपस्थित पाए गए।

## सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने पर जोर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा सुरक्षित प्रसव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जननी सुरक्षा योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क एवं सुरक्षित प्रसव सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। संस्थागत प्रसव से जटिलताओं की समय पर पहचान और उपचार संभव हो पाता है, जिससे मां और नवजात दोनों सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रसव उपरांत ग्रामीण क्षेत्र में 1400 रुपये तथा शहरी क्षेत्र में 1000 रुपये की धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में दी जा रही है।

## ग्राम न्यायालय पहुंचा नाम दर्ज कराने का मामला

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने को लेकर चल रहा विवाद ग्राम न्यायालय पहुंच गया है। धनावा स्टेट राजघराने से जुड़े ग्राम कटरा शहबाजपुर निवासी कुंवर कमलेन मोहन सिंह और कुंवर अजेयन मोहन सिंह का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कराने के मामले में कानूनी लड़ाई तेज हो गई है। अधिवक्ता हृदय नारायण मिश्रा ने बताया कि लल्ला भैया की बहन कुंवरि शैल सिंह की ओर से ग्राम न्यायालय में डीएम गोंडा, एसडीएम करनैलगंज, बीडीओ करनैलगंज, जिला पंचायत राज अधिकारी गोंडा तथा कुंवर कमलेन मोहन सिंह और कुंवर अजेयन मोहन सिंह पता अज्ञात को पक्षकार बनाते हुए वाद दाखिल किया गया है। वाद में कहा गया है कि नियमों के तहत परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने से पहले खुली बैठक कराना अनिवार्य है, लेकिन इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। मामले में एक पक्ष खुली बैठक के निर्णय पर स्थगन लगाने की मांग कर रहा है, जबकि दूसरा पक्ष स्थगन न दिए जाने के पक्ष में न्यायालय में प्रस्तुत हुआ। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने अगली सुनवाई की तिथि तय कर दी है। उधर कुंवर कमलेन मोहन सिंह का कहना है कि सभी साक्ष्य संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए जा चुके हैं और उन्हीं के आधार पर न्यायालय में भी मजबूती से पैरवी की जा रही है।

**शिव महापुराण कथा** | हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा कथा स्थल

# करुणा के अगाध सागर हैं महादेव : कौशिक महाराज

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** डॉ आरएन पाण्डेय हॉस्पिटल के परिसर में आयोजित भव्य शिव महापुराण की कथा में नौवें दिन सोमवार को साक्षात कैलाश का मनोरम दृश्य दिखाई दिया। कथावाचक कौशिक जी महाराज से पावन कथा को सुनकर पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथा में दिव्य भजनों को सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर होकर झूमने लगे।



व्यास पीठ की आरती करते डॉ. दंपति। ● अमृत विचार

कौशिक महाराज ने कहा कि महादेव केवल संहारक नहीं हैं, वे परम कल्याणकारी और करुणा के अगाध सागर हैं। वे आदि भी हैं और अंत भी। उनका विवाह प्रकृति और पुरुष के मिलन का प्रतीक है, जो सृष्टि के संचालन का आधार है। शिव महापुराण के पाठ और श्रवण से व्यक्ति को आत्मशांति, सुख और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने भगवान शिव, भगवान गणेश, माता पार्वती की कथाओं को सुनाने के साथ-साथ पारिवारिक संस्कारों पर बहुत बल दिया। विशेष रूप से बेटियों को आदर सम्मान देने की प्रार्थना करते हुए कहा कि हमेशा अपने बेटी बेटियों को ऐसे संस्कार दें जिससे वह समाज में एक श्रेष्ठ नागरिक बने और परिवार में कभी भी मतभेद और मनभेद न हो। माता-पिता के प्रति आदर सम्मान और सेवा का भाव होना चाहिए, कभी भी मां-बाप को अलग करने का प्रयास न करें, उनकी भावनाओं का सम्मान करें, कभी भी उनकी आज्ञा को टाले मत। आयोजक डॉ. राजेश पाण्डेय व प्रतिभा पाण्डेय ने सभी भक्तों से कथा के अंतिम दिवस 10 फरवरी को कथा का श्रवण कर भंडारे में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. अरुण शर्मा विभागाध्यक्ष नेत्र विभाग केजीएमसी लखनऊ, डॉ. विनीत मोदी, रामकृष्ण तिवारी जयप्रभा ग्राम, पूर्व विधायक राम सागर अकेला, सपा नेता मसूद आलम खान, भाजपा नेता महेश नारायण तिवारी, रामनरेश पाण्डेय, धैर्य पाण्डेय, डॉ. लक्ष्मीनाथ पाण्डेय, विशाल शुक्ला, दुर्गेश मिश्रा, डॉ. सुनील पाठक, डॉ. बिश्वास पाण्डेय, विकास पाण्डेय, चंद्र मोहन मिश्रा, सहित हजारों की संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।

# धर्म की स्थापना को हुआ श्रीकृष्ण अवतार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** सिरसा कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार की सायं भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रभु श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन सुनकर भक्त भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास पंडित अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य ने कहा कि जब-जब समाज में अधर्म बढ़ता है, तब-तब धर्म की रक्षा के लिए भगवान स्वयं अवतार लेते हैं। उन्होंने बताया कि कंस के अत्याचारों से जब पृथ्वी कराहने लगी, तब माता देवकी के गर्भ से कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य हुआ। समापन पर जंग बहादुर सिंह नेहरू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पुनीत श्रीवास्तव ने पत्नी अंशिका श्रीवास्तव के साथ व्यास पीठ का पूजन किया। इस मौके पर राधेश्याम पांडेय, अवधेश पांडेय, कुंवर बहादुर सिंह, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी, कप्तान पाठक, दिलीप पाठक, राजू पाठक, शुभम, सुमित, तिलकराम, शनि तिवारी, भरत नादान, अभिषेक श्रीवास्तव, धनंजय तिवारी, पं. श्याम त्रिपाठी, दिनेश शास्त्री, अवनीश पांडेय, संजय श्रीवास्तव (सिरसा) सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।



यजमान को प्रसाद देते कथावाचक पंडित अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य। ● अमृत विचार

## परीक्षा पे चर्चा का संस्करण बना प्रेरणा का अभियान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण इस बार अपने नए स्वरूप और व्यापक संवाद के कारण पूरी तरह अलग और विशेष रहा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने केवल मंच से संबोधन नहीं किया, बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों और शहरों में जाकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चों की बातों को गंभीरता से सुना, उनके अनुभवों को समझा और परीक्षा के तनाव से लेकर जीवन निर्माण तक की उपयोगी सलाह दी। प्रधानमंत्री ने अंत में स्पष्ट कहा कि परीक्षा पे चर्चा का असली उद्देश्य विद्यार्थियों को सुनना और उनके मन की बात को समझना है। प्रधानमंत्री की यह संवाद यात्रा तमिलनाडु के कोयम्बटूर से शुरू होकर छत्तीसगढ़ के रायपुर पहुंची। इसके बाद गुजरात के देवमोगरा क्षेत्र में आदिवासी गांवों में जाकर उन्होंने बच्चों से बातचीत की। बच्चों की प्रगति, आत्मविश्वास और सवालों को देखकर प्रधानमंत्री हैरान भी हुए और प्रसन्न भी। बच्चों ने गीत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यात्रा का अंतिम पड़ाव असम का गुवाहाटी रहा, जहां स्टीमर पर बैठकर प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्टार्टअप, रुचि, अनुशासन, खेल, नेतृत्व क्षमता, दबाव से निपटने, संतुलित आहार, प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक जिद जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री की सलाहों को छात्रों ने गंभीरता से सुना और आत्मसात किया।

# मरम्मत के दौरान अस्थाई पुल से होगा आवागमन

## संजय सेतु की मरम्मत के बीच घाघराघाट पर फिर तैरेगा पीपे का पुल, 10 दिन में होगा तैयार

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** घाघरा नदी पर स्थित ऐतिहासिक संजय सेतु की मरम्मत के दौरान क्षेत्रवासियों को न केवल यातायात की सुविधा मिलेगी, बल्कि उन्हें सत्तर के दशक की यादों से जुड़ने का भी अवसर मिलेगा। सेतु मरम्मत कार्य के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा पीपे का अस्थायी पुल तैयार किया जाएगा, जो कभी इस क्षेत्र में नदी पार करने का प्रमुख साधन हुआ करता था।

यह पीपे का पुल केवल वैकल्पिक व्यवस्था नहीं, बल्कि अतीत की स्मृतियों को वर्तमान से जोड़ने वाली एक जीवंत कड़ी होगा। वर्ष 1982–83 के दौर में जब लोग पीपे के पुल से घाघरा पार किया करते थे, वही अनुभव अब आधुनिक सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक निगरानी के साथ दोबारा देखने को मिलेगा।

मरम्मत अवधि में संजय सेतु पर यातायात बाधित न हो, इसके लिए बनाए जाने वाले इस अस्थायी पुल से पैदल यात्रियों, दुपहिया वाहनों, मोटर कारों, स्कूल वैन तथा एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं का आवागमन निर्बाध रूप से जारी रहेगा। इससे स्थानीय नागरिकों, मरीजों, विद्यार्थियों और व्यापारिक गतिविधियों पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार पीपे का पुल नियंत्रित क्षमता और पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के तहत संचालित किया जाएगा। आवश्यकतानुसार निगरानी, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा इंतज़ाम सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या जोखिम से बचा जा सके।

स्थानीय लोगों के लिए यह पुल सुविधा और भावनाओं का संगम साबित होगा, जहां एक ओर दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, वहीं दूसरी ओर घाघरा की लहरों पर तैरता यह पुल बीते दौर की यादों को फिर से जीवंत कर देगा। संजय सेतु की मरम्मत के बीच प्रस्तावित यह पीपे का पुल इतिहास और वर्तमान को जोड़ने वाला एक अनोखा प्रतीक बनकर सामने आएगा।


संजय सेतु का फाइल फोटो।

### करीब 5 करोड़ रुपये की आएगी लागत

**जरवल रोड (बहराइच)।** घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु की मरम्मत के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पीपे के पुल का निर्माण किया जाना तय है। अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि पीपे का पुल तैयार करने में लगभग 10 दिन का समय लग सकता है, जबकि इस पर करीब 5 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि पीपे के पुल के निर्माण को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के बीच आवश्यक समन्वय और बातचीत चल रही है। सभी तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर सहमति बनने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वहीं अवर अभियंता ने स्पष्ट किया कि संजय सेतु की मरम्मत के दौरान पुल पर यातायात पूरी तरह बंद किए बिना कार्य संभव नहीं है, ऐसे में पीपे का पुल क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक व्यवस्था साबित होगा। इससे आमजन, व्यापारियों और वाहनों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि पीपे का पुल इस क्षेत्र में पहले भी उपयोग में लाया जाता रहा है और यह स्थानीय लोगों की स्मृतियों से भी जुड़ा हुआ है। मरम्मत कार्य के दौरान इस अस्थायी पुल के बन जाने से घाघरा नदी के दोनों किनारों के बीच संपर्क बना रहेगा और दैनिक जीवन प्रभावित नहीं होगा। प्रशासन का दावा है कि सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी कर ली जाएंगी, ताकि संजय सेतु के मरम्मत कार्य के साथ–साथ यातायात व्यवस्था भी निर्बाध बनी रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीआईएसएफ में चयनित होने पर शुभम का किया गया स्वागत


शुभम को सम्मानित करते उपनिदेशक।

**कैसरगंज (बहराइच):** कैसरगंज के ग्राम चिलवा निवासी शुभम सिंह का सीआईएसएफ में चयनित होने पर स्थानीय कंचन कान्वेंट स्कूल में स्वागत अभिनंदन किया गया। विद्यालय प्रबंधक एम.एम श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि शुभम सिंह बेहद मेहनती और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षक के रूप में उनका योगदान बहुत सराहनीय रहा। शुभम सिंह ने कहा कि विद्यालय के संपूर्ण स्टाफ का सदस्य सहयोग मिला सभी ने उनकी हौसला अफजाई की। शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय पिता राम कृपाल सिंह व माता कुसुम सिंह एवं शुभचिंतकों को दिया है। इस मौके पर विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव, डॉ पंकज शुक्ला, केकेमौर्य, एसके सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, विजय मिश्रा आदि रहे।

### गांव बाबूपुरवा में हुई मारपीट, केस दर्ज

**जरवलरोड (बहराइच):** थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम बाबूपुरवा, तपेसिपाह में आपसी विवाद ने उग्र रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट और गाली-गलौज हुई, जिससे गांव की शांति व्यवस्था पूरी तरह भंग हो गई। जानकारी के अनुसार घटना 6 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि कुछ लोग आपस में लाठी-डंडों से मारपीट कर रहे थे, जबकि कुछ लोग उकसाने का कार्य कर रहे थे। भारी भीड़ जुट जाने से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने अपने-अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। पुलिस की मदद से घायलों को मौके से अलग किया गया और जन सहयोग से घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। इस घटना में कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस इस मामले में दोनों पक्षों के 12 नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से किशोर की मौत, युवक घायल

संवाददाता, सिरसिया (श्रावस्ती)

• सिरसिया तुलसीपुर मार्ग पर डगमरा नाले के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** सिरसिया तुलसीपुर मार्ग स्थित डगमरा नाले के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली ने रविवार देर रात बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार किशोर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे भिनगा रेफर किया गया है। मौके पर पहुंची सिरसिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

बलरामपुर जिले के ग्राम अतरपरी निवासी लावधेश यादव (18) बाइक से सिरसिया क्षेत्र के जुड़ेपुरवा आया था। यहां से वह देर रात बाइक से जुड़ेपुरवा निवासी शिवम वर्मा (17) के साथ किसी काम से सिरसिया बाजार जा रहा था। जैसे ही लावधेश बाइक लेकर सिरसिया थाना क्षेत्र के अखण्ड परमधाम डगमरा सेतु के पास पहुंचा। तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में शिवम वर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि लावधेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय ने घायल लावधेश को सीएचसी सिरसिया पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक की टक्कर में ई-रिक्शा चालक सहित पांच घायल

**गिलौला (श्रावस्ती)।** बौद्ध परिपथ पर सोमवार को ट्रक ने ई रिक्शा को टक्कर मार दिया। घटना में ई रिक्शे में सवार चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी गिलौला पहुंचाया। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम कैथौली निवासी बंशराज (48) अपने ई रिक्शा पर पड़ोसी गांव ताजपुर निवासी पिंकी (16), उषा (25), शिवा (7) व रिया (5) को बैठाकर बहराइच जिले के पयागपुर थानांतर्गत पददेवरा गांव प्रसिद्ध मां काली का दर्शन करने जा रहा था। जैसे ही वह गिलौला के महमदीपुर गांव के पास मुड़ने लगा, तभी इकौना की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा चालक समेत सभी सवार घायल हो गये। घटना के बाद चालक ट्रक सहित मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी गिलौला पहुंचाया, जहां से बंशराज की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने उसे बहराइच रेफर कर दिया।

# भारत-नेपाल सीमा पर दो नेपाली युवक गिरफ्तार


एसएसबी की गिरफ्त में आरोपी युवक। अमृत विचार

रूपैडिहा, बहराइच

**अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा चेकपोस्ट पर एसएसबी जवानों ने दो नेपाली युवकों को सोने व हीरे के जेवरात के साथ गिरफ्तार किया है। ये दोनों युवक हैदराबाद से इन गहनों को चुराकर भागे थे।

एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि हैदराबाद जिले में स्थित थाना जुबली हिल्स के इंस्पेक्टर ने सूचना देते हुए बताया था कि दो नेपाली युवक करोड़ों कीमत के सोने व हीरे के जेवरात व कीमती नग चोरी कर बहराइच के रास्ते नेपाल जाने की फिराक में हैं। पुलिस ने उनके फोटो भी साझा की गई थी। जिसके बाद रूपईडीहा चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध नेपाली युवकों को रोक तलाशी ली गई तो उनके पास से सोने की चूड़ियां, बेशकीमती नग व अंगूठियां बरामद हुईं। दोनों नेपाली युवकों की पहचान कृष्णा चंद्र निवासी जनपद करनाली व भूपेंद्र शाही निवासी आठाबीस जिला दैलख नेपाल के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों को हैदराबाद पुलिस के निरीक्षक कविउद्दीन व उनकी टीम के सुपुर्द कर दिया गया है।

### हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने मछरिहवा में हुए सनसनीखेज हत्या का सोमवार खुलासा किया। मामले में पुलिस ने आलाकत्ल के साथ वांछित को गिरफ्तार किया है। एसपी राहुल भाटी ने बताया कि भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मछरीहवा के मजरा मुरावन पुरवा निवासी कल्लू का शव बूढ़ी राप्ती नदी के किनारे मिला था। इस मामले में परिवार के लोगों ने गांव के ही कृष्ण कुमार मौर्या पुत्र साधू मौर्या पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया था। घटना का खुलासा करते हुए प्रभारी निरीक्षक भिनगा राज प्रकाश सिंह ने मुखबिर की सूचना पर अँटा तिराहे के राजपुर रोड के बाएं तरफ जंगल में जानकी नगर जाने वाली कच्ची सड़क के पास से कृष्ण कुमार मौर्य को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से आलाकत्ल एक लकड़ी का खूनालूदा फट्टा बरामद किया है। पूछताछ में कृष्ण कुमार मौर्या ने बताया कि वह मृतक कल्लू को रात नौ बजे अपनी बाइक से घर से ले गया, जिसे मृतक की पुत्री व पुत्र ने देखा था। गांव के बाहर ले जाकर मैने उसे शराब पिलाई, जिससे वह नशे में हो गया। ऐलहवा कर्बला के पास नाले के समीप दोनों के बीच गाली–गलौज व पैसों को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद पास पड़ी लकड़ी की फट्टी से उसके सिर पर वार किया। बाद में पकड़े जाने के डर से गला दबाकर हत्या कर दी और साक्ष्य छिपाने के लिए शव को नाले में फेंक दिया था।

### आरसी जारी कर की जायेगी ऋण वसूली

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि रु. 377.92 लाख का ऋृण दिया गया था, समय से ऋृण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि रु. 1893.55 लाख़ हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद. भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त ने ऋृण की वसूली नगण्य होने पर नाराज़गी व्यक्त की गई है। उन्होंने डिफाल्टर ऋृणधारकों निर्देशित किया है कि 25 फरवरी तक बकाया जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें नहीं तो आरसी जारी की जाएगी।

### प्रणव ने द्वितीय जूनियर एशियन सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2026 में रचा इतिहास



प्रणव मिश्रा।

**बहराइच।** लुधियाना (पंजाब) में 03 से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली द्वितीय जूनियर एशियन सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2026 में जनपद के युवा सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी प्रणव मिश्रा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। मिक्स्ड टीम इवेंट में प्रणव ने निर्णायक क्षणों में अद्भुत आत्मविश्वास, तकनीकी कौशल और शानदार टीम भावना का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। वहीं डबल्स स्पर्धा में भी उन्होंने दमदार और संतुलित खेल दिखाते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि मोहल्ला बख्शीपुरा चांदमारी निवासी प्रणव मिश्रा वर्तमान समय में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई (सोनीपत, हरियाणा) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रणव ने बताया कि उनके द्वारा अर्जित की गई उपलब्धि में कोच शनीष मणि मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन, अनुशासन और रणनीतिक तैयारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोच श्री मिरा ने कहा कि प्रणव की यह उपलब्धि बहराइच की युवा प्रतिभाओं के लिए एक नई दिशा और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रणव की सफलता यह सिद्ध करती है कि छोटे शहरों और कस्बों से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं। प्रणव की सफलता पर जनपदवासियों विशेष कर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों गर्व महसूस कर रहे हैं।

### स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह संपन्न

**कैसरगंज (बहराइच)।** पीएमश्री कम्पोजिट स्कूल पवही में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास, उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षमा सिंह ए.आर.पी. अंग्रेजी तथा विशिष्ट अतिथि उमेश कुमार सिंह अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं दीपमाला ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके उपरांत अतिथियों का माल्यार्पण एवं बैच अलंकरण कर भव्य स्वागत किया गया।छात्राओं सलोनी, मानवी, प्रीती, अनीता एवं शिवानी द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।हम यूपी वाले भैया हैं।मेरे अच्छे चंदामामा, मोर बन यो रसिया,एक दो तीन चार मैं निकला गड्डी लेके तथा चमकेगा इंडिया" जैसे गीतों पर प्रस्तुत नृत्यों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सड़क सुरक्षा पर आधारित एकांकी रही, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से यातायात नियमों के पालन का सशक्त संदेश दिया। इसके अतिरिक्त महारास, कव्वाली 'कामयाबी', होली गीत 'ऐसी होली तोय खेलाऊँ' तथा "दादा जी छड़ी" जैसी प्रस्तुतियों ने मंच पर सांस्कृतिक विविधता को जीवंत कर दिया।बच्चों द्वारा एकल कविता, भाषण एवं गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी रोचक बनाया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर नोडल संकुल रामानन्द गुप्ता, बृजेश चौधरी, कमलेश कुमार राव, अकील अहमद शिक्षक संकुल, अजय कुमार वर्मा प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभात शुक्ला, वेदप्रकाश वर्मा, सर्वेश कुमार वर्मा, आरती शुक्ला, मनीषा शर्मा, आकांक्षा सिंह, कोमल राव, नाजमा बेगम सहित समस्त शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### गीता ब्लॉक अध्यक्ष व शारती बनीं महामंत्री

**जमुनहा, (श्रावस्ती)।** आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष माया जायसवाल के निर्देश पर हरिहरपुररानी के जूनियर विद्यालय मछवरिया में सोमवार को ब्लॉक कार्यकारणी का गठन किया गया। इसमें ब्लॉक प्रभारी आनंद कुमार मिश्र, संरक्षक दिनेश शर्मा व संयोजक जीतेन्द्र वर्मा को बनाया गया। जबकि मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी महमूद खान को दी गई। इसी क्रम में ब्लॉक अध्यक्ष गीता देवी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूनम शर्मा, उपाध्यक्ष ममता रानी, महामंत्री शारती सिंह, कोषाध्यक्ष मंशा देवी, संगठन मंत्री मीरा, उपमंत्री फातिमा बानो, ऑडिटर सुनीता देवी, मंत्री गीता रानी, प्रचार मंत्री उमा श्रीवास्तव तथा सदस्य की जिम्मेदारी अनोखा, रुक्मणि, अस्मिता शुक्ला, श्याम कली, रीना देवी को दी गई।

### एसएसबी के जवानों ने किया रक्तदान

**श्रावस्ती।** 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा में सोमवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें जवानों ने रक्तदान किया। एसएसबी कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण के निर्देशन में वाहिनी स्थित चिकित्सालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिला अस्पताल भिनगा के ब्लड बैंक के सहयोग आयोजित शिविर में जिला अस्पताल के डॉ. वीएन वर्मा तथा एसएसबी की चिकित्सक डॉ. कल्पना महादेव पाटिल (एसीएमओ) व टीम की निगरानी में एसएसबी के अधिकारी व जवानों ने 14 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान उप कमांडेंट सोनू कुमार, गोबर्धन पुजारी सहित वाहिनी के अन्य जवान मौजूद रहे।

### फर्नीचर की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**सिरसिया( श्रावस्ती)।** सिरसिया कस्बे में रविवार देर रात एक फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। मौके पर एकत्र हुए लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखे फर्नीचर समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सिरसिया थाना क्षेत्र के सिरसिया कस्बे में स्थित दुर्गा मंदिर के पास रिंकू विश्वकर्मा की फर्नीचर की दुकान संचालित है। रविवार शाम को वह दुकान बंद कर घर चला गया। रात करीब एक बजे अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते दुकान में रखे फर्नीचर धूं धूं कर जलने लगे। आग लगा देख आस पास के लोगों ने शोर मचाया तो मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# वैज्ञानिकों ने किसानों को दी उन्नत गन्ना खेती की जानकारी

जरवल रोड (बहराइच)


किसान गोष्ठी में मौजूद गन्ना किसान व मिल के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईपीएल फाउंडेशन द्वारा संचालित अमृत इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत आईपीएल शुगर मिल जरवल रोड यूनिट परिसर में किसान गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों एवं अमृत इंटर्न को गन्ना खेती से जुड़ी आधुनिक, व्यवहारिक और तकनीकी जानकारी प्रदान करना रहा।

गोष्ठी में यूनिट हेड टीएस राणा, केन हेड संजीव चौधरी, कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनय मिश्रा तथा राइज फाउंडेशन के सचिव अभय त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा गन्ना की उन्नत किस्मों, वैज्ञानिक बुआई विधि, बीज चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण तथा उत्पादन वृद्धि के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अतिथियों का स्वागत राइज फाउंडेशन के सचिव अभय त्रिपाठी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। यूनिट हेड टीएस राणा ने इंटर्न को संबोधित करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में जाकर किसानों से सीधे संवाद स्थापित करें, सही फील्ड डाटा संकलित करें और व्यवहारिक अनुभव के साथ कार्य करें। केन हेड श्री संजीव चौधरी ने गन्ना प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी बिंदुओं को साझा करते हुए किसानों को आधुनिक पद्धतियाँ अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनय मिश्रा ने वैज्ञानिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नई तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन केन हेड संजीव चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर शुगर यूनिट की टीम एवं बड़ी संख्या में किसान और इंटर्न उपस्थित रहे।

# किसान इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव की धूम


मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार


कंचन शिशु मन्दिर कैसरगंज में पुरस्कारों के साथ मौजूद बच्चे। अमृत विचार

पयागपुर (बहराइच)

आयोजन

**अमृत विचार।** किसान इंटर कॉलेज, लहरौरा के प्रांगण में भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और कौशल से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र सम्मिलित हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल की ऐसी प्रतिभाएं ही आगे चलकर देश का नाम रोशन करती हैं वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। देशभक्ति गीत, लोक नृत्य और लघु नाटकों के जरिए बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे कार्यक्रम में प्रबंधक लाल मोहम्मद खान,प्राचार्य शिव कुमार पांडेय, कमल तिवा री, परशुराम सिंह, इमरान खान, पूर्व प्रधान महेंद्र प्रताप वर्मा, सोनू मिश्रा और आशुतोष सिंह उपस्थित रहे।

**पुर स्कृत किए गए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतिभागी, कैसरगंज (बहराइच):** स्थानीय कंचन शिशु मंदिर में एक कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा समन्वयक राजमणि त्रिपाठी ने सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस परीक्षा में प्रिया यादव को प्रथम सनी जायसवाल को द्वितीय आस्था श्रीवास्तव व राजितराम को तृतीय स्थान मिला। इन्हे सम्मानित किया गया। इसके अलावा हिमांशी विश्वकर्मा, अनुभव सिंह, कहकशां, वैष्णवी यादव, हर्षित जायसवाल, गौतम निषाद,अभय कुमार, राहुल यादव, अनुज यादव, प्रिया, शुभम राजपूत, अर्पित, अभय कुमार, रागिनी, आस्था, ममता, राजित राम, सनी जायसवाल, सुमित,सौरभ कश्यप, आराध्या श्रीवास्तव ,आंचल, अंकित कुमार यादव, आयशा ,अरशिया, मीना, अलशिफा,अंजलि, आस्था, काजल निषाद, प्रीति यादव, महबूब आलम, धन लाल यादव ,अमर, साजन, शिवांशु यादव, हिमांशु यादव, अर्शिया फातिमा, सुमित्रा राठौर आदि छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार मौर्या, राम जी मिश्रा, रमाकांत त्रिपाठी, रूबी मौर्य, सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

सख्ती

## जिलाधिकारी ने पयागपुर ब्लॉक के औचक निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

# गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें अधिकारी : डीएम

पयागपुर (बहराइच)


पयागपुर का निरीक्षण करते डीएम व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचा र।** जिलाधिकारी बहराइच ने सोमवार को वार्षिक निरीक्षण के क्रम में विकास खंड पयागपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरा न उन्होंने ब्लॉक परिसर की स्व च्छता से लेकर सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत तक का बारीकी से जायजा लिया। डीएम ने गौशालाओं के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

निरी क्ष ण की शुरुआत में जिलाधि कारी ने पूरे ब्लॉक परिसर का भ्र म ण किया। परिसर के भी त र साफ-सफाई की स्थिति सं तो ष ज नक पाई गई, जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने खंड विकास कार्यालय के विभिन्न काउंटरों का रुख किया और वहां चल रहे जनहित के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष का भी निरीक्षण किया और डिजिटल रिकॉड्‌र्स के रख-रखाव को परखा। खंड विकास कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने ब्लॉक के अंतर्गत संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने गार्ड फाइल का अवलोकन किया और पत्रावलियों को अपडेट रखने के निर्देश दिए पत्रकारों से वार्ता करते हुए जि लाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है।

पयागपुर खंड विकास अधिकारी द्वारा गौशालाओं को लेकर की गई पहल पर जिलाधिकारी ने दिशा-निर्देश दिए है कि सभी ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वयं गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें ताकि वहां की व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें और गोवंश को किसी प्रकार की समस्या न हो।

### कलेक्ट्रेट सभागार में आज मनाया जाएगा सुरक्षित इंटरनेट दिवस

**बहराइच, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) के अवसर पर 10 फरवरी पूर्वान्ह 10 :30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में ''स्मार्ट तकनीक : सुरक्षित विकल्प और सभी चीजों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की खोज'' की थीम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएम ने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने–अपने विभागों से सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों, कृषक एवं व्यापारिक बन्धुओ, कार्मिको, ग्राम–प्रधान, स्कूल, कालेज के अध्यापकों व अन्य सम्बन्धित के साथ कार्यशाला में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### छानस, अमानक स्टाक की नीलामी 17 को

**बहराइच।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जिले के राजकीय कृषि प्रक्षेत्र नानपारा, बालचन्दपुर, बखारी व घाघराघाट के खरीफ 2024 व रबी वर्ष 2024-25 के छानस/अमानक स्टाक की नीलामी 17 फरवरी 2026 को अपरान्ह 01:00 बजे से कृषि भवन बहराइच के सभागार में की जायेगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि धान छानस 373.53 कु., उर्द 2.37 कु., मूंगफली 2.01 कु., अरहर 3.10 कु., गेहूं 329.44 कु., मसूर 3.15 कु., मटर 1.00 कु., सरसों 2.75 कु. तथा धान अमानक 52.20 कु. कल 769.65 कुण्टल छानस/अमानक स्टाक की नीलामी की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर नीलामी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



अतीत चाहे दु :खद ही क्यों न हो,
उसकी स्मृतियां मधुर होती हैं।
–मुंशी प्रेमचंद, साहित्यकार

## महत्वपूर्ण है मलेशिया

एशिया–प्रशांत की बदलती भू-राजनीति में मलेशिया भारत के लिए एक रणनीतिक धुरी बनता जा रहा है। हिंद महासागर से दक्षिण चीन सागर को जोड़ने वाले मलक्का जलडमरू मध्य के किनारे स्थित मलेशिया उस समुद्री मार्ग की निगरानी में अहम है, जिससे भारत के कुल समुद्री व्यापार का आधे से अधिक हिस्सा गुजरता है। ऐसे में कुआलालंपुर के साथ गहराता सहयोग केवल व्यापार नहीं, बल्कि समुद्री सुरक्षा और सामरिक संतुलन का प्रश्न भी है। ऊर्जा, व्यापार, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में हुए समझौते इस साझेदारी को संस्थागत आधार देते हैं। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और सोलर परियोजनाओं में सहयोग भारत की ऊर्जा विविधीकरण नीति को मजबूती देगा, वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष, सस्ती दवाओं और नर्सिंग सेवाओं में तालमेल दोनों देशों के सामाजिक क्षेत्र को लाभ पहुंचा सकता है। रक्षा क्षेत्र में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास और समुद्री सहयोग से हिंद–प्रशांत में भारत की उपस्थिति सुदृढ़ होगी।

पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखला संकट के बीच भारत का क्षेत्रीय सहयोग पर जोर स्वाभाविक है। 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट' की नीति अब आर्थिक और सामरिक दोनों रूपों में परिपक्व हो रही है। मलेशिया, जो आसियान में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, इस प्रक्रिया का प्रवेश द्वार बन सकता है। 2016 में भारत–आसियान व्यापार 65 अरब डॉलर था, जो 2025 तक 123 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है। नए समझौतों के बाद इसमें उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है, विशेषकर सेमीकंडक्टर और डिजिटल क्षेत्र में। सेमीकंडक्टर उद्योग में मलेशिया के चार दशकों के अनुभव और मजबूत इकोसिस्टम का भारत को सीधा लाभ मिलेगा। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और चिप निर्माण को बढ़ावा दे रहा है; ऐसे में संयुक्त निवेश, तकनीकी साझेदारी और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग से भारत आयात निर्भरता घटेगी। मलेशिया को भी विशाल भारतीय बाजार और उत्पादन आधार का लाभ मिलेगा, यह परस्पर पूरकता का उदाहरण है। डिजिटल क्षेत्र में मलेशिया–इंडिया डिजिटल काउंसिल, यूपीआई और पेननेट के जुड़ाव से व्यापार, पर्यटन तथा निवेश में सहजता आएगी। भारत की फिनटेक तकनीक को विस्तार मिलेगा। रुपये–रिंगिट में लेन-देन की व्यवस्था डॉलर निर्भरता घटा सकती है। मलक्का जलडमरू मध्य और दक्षिण चीन सागर में चीन–ताइवान–अमेरिका तनाव के कारण समुद्री मार्ग संवेदनशील बने हुए हैं। ऐसे में भारत–मलेशिया समुद्री सहयोग का महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और सीमा-पार कट्टरपंथ पर समन्वय का निर्णय भी सुरक्षा सहयोग को नया आयाम देता है। मलेशिया ने अतीत में क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर संतुलित रुख अपनाया है, किंतु हाल के वर्षों में आतंकवाद विरोधी सहयोग में सक्रियता दिखाई है। मलेशिया में लगभग 29 लाख भारतीय रहते हैं, प्रवासी भारतीयों की तीसरी सबसे बड़ी संख्या, ऐसे में नया वाणिज्य दूतावास, तिरुवल्लुवर केंद्र और छात्रवृत्ति सांस्कृतिक कूटनीति को गहराई देंगे। सोशल सिक्योरिटी समझौता, मुफ्त ई-वीजा और यूपीआई का विस्तार भारतीय कामगारों और पर्यटकों के लिए राहतकारी कदम होंगे।

### प्रसंगवश

## फरवरी का महीना खत से सोशल मीडिया तक

फरवरी का महीना आते ही प्यार की ऋतु का आगमन हो जाता है। इस बसंत महीने में नवयुवकों और नवयुवतियों के मन में अलग तरह की अनुभूति होने लगती है। यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। इस उम्र में ऐसा होना बिल्कुल स्वाभाविक है। अक्सर इस समय सही और गलत समझने की शक्ति पूरी तरह विकसित नहीं होती, क्योंकि मन अनियंत्रित-सा इधर-उधर अपने संग-साथी की तलाश में भटकता रहता है।

आज का प्यार पहले की तुलना में कम टिकाऊ दिखाई देता है। ज़रा-सी गलतफ़हमी या गुस्सा आ जाए, तो आज के युवाओं में सब्र करने की शक्ति कम पड़ जाती है। रिश्ते में मेहनत और समझदारी दिखाने के बजाय वे तुरंत निर्णय ले लेते हैं। रिश्ते को खत्म कर आगे बढ़ जाना और कुछ ही दिनों में नए रिश्ते की तलाश शुरू कर देना आम हो गया है। आज के दौर में प्रेम कई बार छणिक-भंगुर सा महसूस होने लगा है। युवा बिना ठहराव के रिश्ते बदल देते हैं और गहरी समझ-बूझ की जगह लिव-इन रिलेशनशिप ने ले ली है। स्थायित्व, त्याग और प्रतीक्षा जैसी भावनाएं अब पहले जैसी दिखाई नहीं देतीं।



धनीश शर्मा
लेखक

फ़रवरी का महीना आरंभ होते ही युवाओं में नई उमंगें तैरने लगती हैं। इस महीने का इंतज़ार पहले से ही शुरू हो जाता है। मन के अंदर दबे अहसासों को बयां करने की हिम्मत मिलती है— कुछ कामयाब होते हैं, तो कुछ नाकाम। नब्बे के दशक में युवा अपने दिल की बात ख़त के ज़रिये पहुंचाते थे। वो खत किसी वफ़ादार दोस्त के हाथों आदान–प्रदान होते थे और जवाब के इंतज़ार में महीनों गुज़र जाते थे। अगर जवाब मिल जाए तो खुशी, वरना फिर अगले साल फ़रवरी आने तक इंतज़ार सिर्फ़ इंतज़ार। उस दौर में प्यार धीमी रफ़्तार वाला था। भावनाएं गहरी थीं और धैर्य सबसे बड़ी ताकत थी।

पहले प्यार पर बनने वाली फ़िल्में—लैला–मजनू, हीर–रांझा, सोनी–माहिवाल—जो कभी प्रेम की मिसाल मानी जाती थीं, वक़्त के साथ जैसे कहीं गुम हो गई हैं। उन कहानियों में त्याग, तपस्या और लंबे इंतज़ार की गहरी परतें थीं। वहीं आज की पीढ़ी तेज़ रफ़्तार, त्वरित जवाब और बिना संघर्ष वाली प्रेम कहानियों की आदी हो चुकी है। पुराने प्रेम की वह आत्मा अब परदे पर भी कम ही दिखाई देती है।

साल 2000 आते-आते बहुत कुछ बदल चुका था। मोबाइल का जमाना शुरू हो गया था और युवा अब अपनी दिल की बात ख़त में नहीं, बल्कि टेक्स्ट मैसेज में लिखने लगे थे। फ़रवरी का सफ़र अब कागज़ के पन्नों से निकलकर मोबाइल की स्क्रीन पर सीमित हो गया था। जो इंतज़ार पहले महीनों का होता था, वह अब मिनटों और घंटों में सिमट गया। भावनाओं की गहराई जैसी-की-तैसी रही, लेकिन अभिव्यक्ति का माध्यम तेज़ और सरल हो गया।

धीरे-धीरे मोबाइल का स्वरूप और तकनीक दोनों विकसित हुए। जहां युवा सिर्फ़ टेक्स्ट भेजकर 'हां' या 'न' का इंतज़ार करते थे, वहीं 2010 आते-आते वीडियो कॉलिंग का दौर शुरू हो गया। अब चेहरे के हावभाव, मुस्कान, झिझक और शर्म भी स्क्रीन पर दिखाई देने लगे। रिश्तों में एक नई नज़दीकी और एक नया अंदाज़ जन्म लेने लगा। कुछ लोग इस बदलाव से खुश हुए, तो कुछ को लगा कि भावनाओं की गंभीरता अब कम होने लगी है।

साल दर साल वक़्त बदलता गया, लेकिन फ़रवरी का महत्व वही रहा—उत्सुकता, उमंग, उम्मीद और थोड़ी-सी घबराहट वाला महीना। अब 2026 तक आते-आते वीडियो कॉलिंग से लेकर इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और व्हाट्सऐप तक प्यार कई रंगों में बदल चुका है। अब स्टोरी, रील, स्टेटस और इमोज़ी भी प्रेम के संदेश बन गए हैं।

# वैश्विक व्यापार की धुरी बनता भारत





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

विश्व की कुल आबादी का करीब 17.7 प्रतिशत हिस्सा रखने वाला भारत आज 1.47 अरब मानव संसाधन के साथ दुनिया का अग्रणी व सर्वाधिक युवा शक्ति वाला देश है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। ये ऐसे युवा हैं, जिनके पास व्यापक विजन, दक्षता, उत्साह, अपने व राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का जज्बा तो है ही, वैश्विक व्यापारिक समझ में भी किसी विकसित देश से कमतर नहीं हैं। भारत व यूरोपीय संघ के मध्य चाहें 'मदर आफ आल डील' को जमीन पर उतारना हो या संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के साथ सात फरवरी अर्थात शनिवार को हुआ द्विपक्षीय व्यापारिक समझौता... भारत ने वैश्विक बाजार में अपनी 'साख व धाक' बना ली है।

मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं, वरन एक बड़ा बाजार भी बन चुका है। उपभोक्ताओं का समंदर बन चुका भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं। उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप के दो बड़े देशों कनाडा व यूएसए के अलावा दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के देशों अर्थात ब्राजील, अर्जेंटीना, चिली, मैक्सिको, क्यूबा व पैरागुए से भी भारत का आयात-निर्यात परवान चढ़ रहा है। यूरोपीय संघ के देशों यानी फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, स्पेन व इटली से भी व्यापारिक लेन-देन सुदृढ़ हो चला है।

अफ्रीकी महाद्वीप के कुछ देशों के साथ हमारी व्यापारिक गतिविधियां सकारात्मक दिशा की ओर तो बढ़ ही रही हैं, एशिया-ओसियाना के देशों में भी हमने अपनी व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाई हैं। चीन व रूस के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार सतत आगे बढ़ रहा है। जापान, दक्षिण कोरिया के अलावा इंडोनेशिया, मलेशिया, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड से भी आपसी व्यापार पटरी पर दौड़ रहा है।

विकसित, अर्द्धविकसित व विकासशील देशों की अनेकानेक वस्तुओं का आयात तो भारत कर ही रहा है, अपनी गुणवत्तापरक चीजों व आधारभूत संरचनाओं को उन्हें बड़े पैमाने पर निर्यात भी कर रहा है। उत्तम व्यापारिक समझ, मजबूत सेवा निर्यात व विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण आज भारत का भुगतान संतुलन सही दिशा में है। हमारे पास 11 महीनों से अधिक के आयात के बराबर का मुद्रा भंडार है, जो छह माह के आदर्श से बेहतर है। हम 135.4 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ विश्व का सबसे बड़ा प्रेषण प्राप्तकर्ता बन चुके हैं। यह हमारी बाह्य क्षेत्र को स्थिरता को दर्शा रहा है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश व अन्य पूंजी प्रवाह में स्थिरता है, ये हमारी भुगतान संतुलन को मजबूत सहारा दे रहे हैं। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले प्रमुख देशों में सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, नीदरलैंड व जापान अग्रणी हैं। सिंगापुर व मॉरीशस तो भारत के लिए शीर्ष निवेशक आज भी बने हुए हैं। अंतरदेशीय या द्विपक्षीय व्यापार पारस्परिक लाभ, समानता, निष्पक्षता व राज्य के आर्थिक विकास के साधन पर निर्भर होता है। वैश्विक व्यापार आपसी समझ व साख को खास तरजीह देता है। व्यापारिक समझौते साझा विकास पर आधारित होने चाहिए, न कि एक पक्ष द्वारा दूसरे के शोषण पर। विभिन्न देशों के साथ व्यापार करते समय भारत को अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना होगा।

दुनिया के बाजार में भारत को फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना चाहिए, वह चाहे यूएसए या ईयू के साथ व्यापारिक रिश्ते ही क्यूं न हों। भारत-ईयू के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते के तहत वर्ष 2031 तक 51 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना है। शनिवार को यूएसए के साथ हुए अंतरिम व्यापारिक समझौते में भारतीय निर्यातकों, विशेष तौर पर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए करीब 30 हजार अरब अमेरिकी डालर का बाजार खुलने की बात हो रही है। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ अब 18 प्रतिशत रह जाने के बाद वहां निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं के उत्पादकों को भारी राहत मिलेगी।

भारत के कुल निर्यात में यूएसए का का हिस्सा 18 प्रतिशत, जबकि आयात में 6.22 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डालर तक पहुंच गया है। भारत-अमेरिका के मध्य हुए व्यापारिक समझौते से भारत में किसानों व उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत से यूएसए को निर्यात किए जाने वाले मसालों, फलों, सब्जियों के अलावा कृषि उत्पादों, रत्न-आभूषणों शुल्क रहित होंगे। भारत से करीब 13 अरब डालर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। दोनों देशों की डील में भारतीय किसानों की रक्षा के लिए गेहूं, चावल, चीनी व डेयरी उत्पादों को बाहर रखा गया है।

व्यापारिक समझौते से निर्यात ढांचे, निवेश आकर्षण के साथ रोजगार सृजन की दिशा को बल मिलेगा। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने यह समझा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं। इन देशों के लिए भारत का सबसे बड़ा आकर्षण इसका विशाल मध्यम वर्ग, बढ़ती खपत क्षमता और युवा आबादी है, जो आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा व डिजिटल सेवाओं की मांग को लगातार बढ़ा रही है।

विशाल उपभोक्ता बाजार, निवेश का भरोसेमंद ठिकाना व साख आधारित साझेदारी के कारण विकसित देशों की पसंद बन चुका है। वैश्विक व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में भारत को बेहद चौकन्ना भी रहना होगा। कौटिल्य ने अपनी कृति 'अर्थशास्त्र ' में लिखा है कि आपसी व्यापार में अत्यधिक विश्वास नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अवसरों की विश्वसनीयता की जांच करने पर जोर देते हुए यह भी लिखा है कि समान लोगों के बीच ही प्रेम या स्नेह (संबंध) फलते-फूलते हैं।

> मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं वरन एक बड़ा बाजार भी है। भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं।

### आमने सामने



राजस्थान में कांग्रेस सरकार के दौरान एक निर्दोष दर्जी की सरेआम हत्या कर दी गई थी। उस समय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। राजस्थान में जो भी हिंसा और लिंचिंग जैसी घटनाएं हुईं, वे कांग्रेस के शासनकाल में ही फली–फूलीं।

–निर्मला सीतारमण
केंद्रीय वित्तमंत्री

कन्हैयालाल हत्याकांड में राजस्थान पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए कुछ ही घंटों में हत्यारों को अरेस्ट किया था, फिर पुलिस से केस लेकर केंद्र सरकार ने जांच एनआईए को दे दी। 2022 से आज 2026 तक कन्हैयालाल का परिवार न्याय का इंतजार कर रहा है।

–अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# दुनिया से हर साल कहां गुम जाते हैं 80 लाख लोग



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही में दिल्ली में 807 लोगों के लापता होने की खबर छपी। इनमें 137 बच्चे और 63 फीसदी महिलाएं तथा लड़कियां शामिल हैं। यह कुल लापता लोगों का बड़ा हिस्सा है। बताया गया कि एक जनवरी से 27 जनवरी तक हर दिन औसतन 27 लोग गायब हुए। इन 807 मामलों में से केवल 235 लोगों का ही अभी तक पता लग सका है। वहीं 538 लोग अब भी लापता हैं, जिनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं लापता लोगों के परिवार भी पुलिस से सहयोग नहीं मिल पाने की शिकायत कर रहे हैं। दिल्ली की इन घटनाओं ने एक बार फिर लापता लोगों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। ऐसा नहीं है कि केवल दिल्ली से ही लोग लापता हुए हैं। भारत सहित पूरी दुनिया में हर साल लापता लोगों के मामले सामने आते हैं।

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पूरी दुनिया में हर साल 80 लाख लोग लापता होते हैं, जिनमें से कुछ ही मिल पाते हैं। अधिकतर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाती। कुछ साल पहले मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी दुनिया भर में गायब होने वाले लोगों पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए गहरी चिंता जताई थी। उसका कहना था कि दुनिया में अधिकतर लोगों को जबरन उठा लिया जाता है और उन्हें युद्ध सहित कई अनैतिक कामों में धकेल दिया जाता है। संगठन का कहना है कि सीरिया में साल 2011 से लेकर अब तक लगभग 82,000 लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है। इनमें से अधिकांश लोग सशस्त्र विपक्षी समूहों और खुद को इस्लामिक स्टेट कहने वाले सशस्त्र समूह द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद लापता हो गए हैं। वहीं श्रीलंका में 1980 से लेकर अब तक करीब 60,000 से अधिक लोग गायब हो गए हैं।

अगर इतिहास की बात करें तो अर्जेंटीना में बीसवीं शताब्दी में सामूहिक रूप से लोगों के जबरन गायब किए जाने का सबसे प्रसिद्ध उदाहरण अंतिम तानाशाही थी। 1976-1983 के बीच दक्षिण अमेरिकी देश में सैन्य शासन के दौरान सुरक्षा बलों ने लगभग 30,000 लोगों का अपहरण किया, जिनमें से कई का अभी भी कोई सुराग नहीं लगा है। इस दौरान व्यापक और व्यवस्थित रूप से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ, जिसमें बड़े पैमाने पर यातनाएं और गैर-न्यायिक हत्याएं शामिल थीं। इनमें कुख्यात मौत की उड़ानें भी शामिल थीं, जिनमें पीड़ितों को सैन्य विमानों या हेलीकॉप्टरों से गिराकर मार डाला गया था। दुनिया भर में कई संगठन लंबे समय से गायब होने वाले लोगों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, हालांकि अधिकतर मामलों में ज्यादा कुछ सफलता नहीं मिल पाई है। इतना जरूर है कि कुछ मामलों में जिम्मेदारों को दोषी ठहराने के लिए अभियान चलाया गया। इसके बाद कुछ दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने में सफलता मिली।

असल में जबरन गुम किए जाने के शिकार वे लोग होते हैं, जो सचमुच गायब हो जाते हैं। वे तब लापता हो जाते हैं, जब उन्हें सड़क या उनके घरों से उठा लिया जाता है। अधिकतर मामलों में इनकी गुमशुदगी से इनकार किया जाता है या यह बताने से मना कर दिया जाता है कि वे कहां हैं। कभी-कभी ये गुमशुदगी सशस्त्र गैर-सरकारी तत्वों जैसे सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत यह एक अपराध है। इन लोगों को अक्सर रिहा नहीं किया जाता और उनका क्या हुआ, यह भी अनिश्चित रहता है।

बताया जाता है कि इन लापता लोगों को गलत कामों में धकेल दिया जाता है। लड़कियों को वेश्यावृत्ति में भेज दिया जाता है। बच्चों को चाइल्ड ट्रैफिकिंग में फंसा दिया जाता है। इन लापता लोगों को अक्सर यातनाएं दी जाती हैं। इनमें से कई मारे जाते हैं या फिर मारे जाने के भय में जीते हैं। वे जानते हैं कि उनके परिवार को पता नहीं है कि वे कहां हैं और उनकी मदद की संभावना बहुत कम है। भले ही वे मौत से बच जाएं और रिहा हो जाएं, लेकिन शारीरिक और मानसिक घाव उनके साथ रह जाते हैं।

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि जबरन गुमशुदगी एक वैश्विक मुद्दा है। दुनिया के कई देशों में ऐसे लोगों का इस्तेमाल अक्सर समाज में आतंक फैलाने की रणनीति के रूप में किया जाता है। इससे उत्पन्न असुरक्षा और भय की भावना केवल गुमशुदगी के करीबी रिश्तेदारों तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि समुदायों और पूरे समाज को प्रभावित करती है। कभी सैन्य तानाशाहों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की जाने वाली ये गुमशुदगियां अब दुनिया के हर क्षेत्र में और विभिन्न परिस्थितियों में घटित होती हैं। ये आमतौर पर आंतरिक संघर्षों में विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को दबाने की कोशिश कर रही सरकारों या सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती हैं। लापता लोगों के परिवार और मित्र मानसिक पीड़ा से जूझते हैं। उन्हें यह नहीं पता होता कि उनका बेटा या बेटी, मां या पिता जीवित हैं या नहीं। उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उन्हें कहां रखा गया है या उनके साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है।

> भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लापता लोगों के मामले सामने आते रहे हैं। हर साल पूरी दुनिया में 80 लाख लोग लापता होते हैं, अधिकतर के बारे में सुराग ही नहीं मिल पाता।

### सोशल फोरम

## "...अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"

छोटा कुर्ता, खुला पायजामा, पांव में कोल्हापुरी, यदा कदा मुंह में बीड़ी, लंबे बिखरे बाल। यह सब एक बाहरी व्यक्तित्व हैं। किंतु जब उनकी जुबां खुलती, "यह आकाशवाणी है, अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"...। खनकदार आवाज, उसमें अजब सा भारीपन, स्पष्ट उच्चारण, हर शब्द का असल असर। पांडेय साहब भारत के सबसे अधिक सुने जाने वाले समाचार वाचक थे।



ललित शर्मा
ब्लॉगर

21 मार्च 1948 से शुरू हुआ उनका समाचार वाचक का करियर 1983 तक चला। पेशे से रंगकर्मी, लेखक, उद्घोषक कानपुर में जन्मे पांडेय साहब देश की आवाज नाम से जाने जाते थे। मौलाना आजाद, लियाकत अली, लाल बहादुर शास्त्री, जवाहर लाल नेहरू, संजय गांधी के मृत्यु समाचार उन्होंने ही पढ़े। ऑल इंडिया रेडियो में कार्यरत पांडेय साहब का दूरदर्शन में भी काफी दखल रहा।

इन्होंने राष्ट्र को भाषा क्या है, के विषय में बताया। सही उच्चारण, कॉमा, पूर्ण विराम, पॉज केवल लिखने के लिए नहीं बोलने में भी महत्वपूर्ण है, बताया। उन्होंने भाषा के लिए नए मानक तय किए।

कहा जाता है कि सुबह आठ बजे जब उनका बुलेटिन शुरू होता था, तो लोग अपनी घड़ियां मिलाते थे। उनकी पाबंदी और उच्चारण (Pronunciation) इतना सटीक था कि उसमें एक सेकंड या एक मात्रा की भी गलती की गुंजाइश नहीं होती थी।

वे इतने विश्वसनीय थे कि संजय गांधी के निधन (1980) के समय, देवकी नंदन पांडेय जी रिटायर हो चुके थे, लेकिन प्रशासन ने विशेष रूप से उन्हें घर से बुल्वाया, क्योंकि उनका मानना था कि इतनी बड़ी और दुखद खबर अगर पांडे जी की भारी आवाज़ में नहीं जाएगी, तो शायद लोगों को यकीन नहीं होगा। आज की तेज़-तर्रार मीडिया के दौर में, देवकी नंदन पांडे की वो 'ठहरी हुई' और 'दमदार' आवाज़ एक सुनहरी याद बनकर रह गई है।

आज के जमाने में समाचार वाचक का कोई खास महत्व नहीं है। समाचार वाचक, एक संदेश वाहक मात्र है। उसका अपना ओपिनियन उसके चेहरे पर नजर नहीं आना चाहिए, आवाज में झलकना नहीं चाहिए। इस युग में अब इसका कोई महत्व नहीं। न्यूज रीडर ही न्यूज बना रहा है, वही हैंडल कर रहा है। न भाषाई शुद्धता है और न ही व्यवहारिक आचरण। युवक आज यही सीख भी रहा है।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## नर्सरी से कॉलेज तक दाखिले की युद्धभूमि

आज शिक्षा का अर्थ सीखना नहीं, बल्कि साबित करना हो गया है। साबित करना कि बच्चा बेहतर है, तेज़ है, दूसरों से आगे है और यह साबित करने की ज़िम्मेदारी बच्चे से ज़्यादा उसके माता-पिता के कंधों पर डाल दी गई है। नतीजा यह है कि नर्सरी से लेकर विश्वविद्यालय तक, 'दाख़िला' अब एक सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक तनाव का कारण बन चुका है।

दाख़िले की इस दौड़ में सबसे पहले निशाने पर आता है मासूम बच्चा। वह उम्र, जब खेलना, कल्पना करना और सवाल पूछना चाहिए, उसी उम्र में उसे फ़ॉर्म, इंटरव्यू, टेस्ट और रैंक के बोझ तले दबा दिया जाता है। नर्सरी एडमिशन के नाम पर माता-पिता छुट्टियां लेते हैं, स्कूल-दर-स्कूल भटकते हैं, सिफ़ारिशें ढूंढते हैं और कई बार आत्मसम्मान तक गिरवी रख देते हैं। यह सब इसलिए नहीं कि बच्चा सीख सके, बल्कि इसलिए कि वह 'अच्छे स्कूल' का टैग हासिल कर सके।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

आज शिक्षा संस्थान ज्ञान के मंदिर कम और प्रतिस्पर्धी बाज़ार ज़्यादा बनते जा रहे हैं। अख़बारों में 'मिशन एडमिशन' जैसे शब्द आम हो चुके हैं। टीवी चैनलों पर दाख़िले को लेकर बहसें होती हैं, कोचिंग संस्थान भविष्य की गारंटी बेचते हैं और स्कूल-कॉलेज अपनी ब्रांड वैल्यू चमकाने में लगे रहते हैं। इस पूरे तंत्र में बच्चा एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक प्रोजेक्ट बन जाता है, जिसे हर हाल में सफल दिखाना ज़रूरी है।

कभी 60–65 प्रतिशत अंक लाना सम्मान की बात हुआ करती थी। सेकंड डिविज़न जीवन की हार नहीं मानी जाती थी। आज हालात यह हैं कि 90 प्रतिशत से नीचे अंक लाने वाला बच्चा और उसके माता-पिता अपराधबोध में जीते हैं। 95–96 प्रतिशत अंक लाने वालों को भी चैन नहीं है, क्योंकि कट-ऑफ़ हर साल नई ऊंचाई छू रहा है। ऐसा लगता है मानो अंकों की इस दौड़ का कोई अंत ही नहीं।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब ज़्यादातर बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर अंक ला रहे हैं, तो क्या वास्तव में सब असाधारण प्रतिभाशाली हैं? या फिर मूल्यांकन प्रणाली ही अपना संतुलन खो चुकी है? शिक्षा का उद्देश्य समझ विकसित करना था, लेकिन वह अब अंकों और रैंक के गणित में सिमट कर रह गया है। ज्ञान से ज़्यादा प्रदर्शन मायने रखता है, और प्रदर्शन से ज़्यादा उसका प्रचार।

इस पूरी प्रक्रिया का सबसे भयावह पहलू है बच्चों पर पड़ने वाला मानसिक दबाव। परीक्षा, इंटरव्यू और चयन की अनिश्चितता बच्चे के भीतर डर और असुरक्षा पैदा करती है। असफलता की स्थिति में पहला सवाल यही होता है— "अब क्या होगा?" यह सवाल सिर्फ़ भविष्य का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी होता है। बच्चा यह मानने लगता है कि उसकी असफलता उसके माता-पिता की हार है। यह भाव उसके आत्मविश्वास को गहरे तक चोट पहुंचाता है।

विडंबना यह है कि माता-पिता भी इस दबाव के शिकार हैं। समाज ने उनके सामने सफलता की एक संकीर्ण परिभाषा रख दी है- टॉप स्कूल, टॉप कॉलेज और टॉप करियर। वे यह सोचने से डरते हैं कि अगर उनका बच्चा इस तय ढांचे में फिट नहीं हुआ, तो लोग क्या कहेंगे। परिणामस्वरूप वे बच्चे की रुचि, क्षमता और स्वभाव को नज़रअंदाज़ कर देते हैं।

शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त असमानता इस समस्या को और गंभीर बना देती है। जिनके पास संसाधन हैं, वे महंगी कोचिंग, प्राइवेट स्कूल और मैनेजमेंट कोटा खरीद सकते हैं, लेकिन मध्यम और निम्न वर्ग के बच्चों के लिए यह दौड़ कहीं ज़्यादा कठिन है। योग्यता के बावजूद अवसर न मिलना, व्यवस्था पर से भरोसा तोड़ देता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# अंतस



हिन्दू पंचांग के अनुसार, महाशिवरात्रि हर साल फाल्गुन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष यह पावन पर्व 15 फरवरी रविवार को है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पावन पर्व भगवान शिवजी को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव के भक्त उनकी कृपा पाने के लिए उनकी विधि-विधान के साथ पूजा आराधना करते हैं। इस दिन रात्रि पूजन भी किया जाता है, लेकिन इससे महत्वपूर्ण चार पहर की पूजा होती है। मान्यता है कि चार पहर की पूजा करने से व्यक्ति जीवन के पापों से मुक्त हो जाता है तथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि के दिन चार पहर की पूजा संध्या काल से शुरू होकर अगले दिन ब्रह्म मुहूर्त तक की जाती है। सामान्य गृहस्थ को महाशिवरात्रि के दिन शुभ और मनोकामना पूर्ति के लिए सुबह और संध्या काल में शिव की आराधना करनी चाहिए।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक, ज्योतिषाचार्य

# महाशिवरात्रि

## देवों के देव महादेव की आराधना का पर्व

### समग्रता के प्रतीक शिव

भगवान शिव का व्यक्तित्व एवं स्वरूप समग्रता का प्रतीक है यह उनके जीवन का वह दर्शन प्रदान करता है, जो मनुष्य को उसके व्यक्तित्व के उच्चतम शिखर तक ले जाता है। भगवान शिव का यह चरित्र मानवीय जीवन के उच्चतम आदर्शों की पराकाष्ठा है। महादेव गृहस्थ भी हैं और वीतरागी आदियोगी भी, उनका यह गुण संदेश देता है कि योग के मार्ग पर चलने के लिए ईश्वर की भक्ति के लिए संसार त्याग आवश्यक नहीं है। त्याग तो स्वयं की दुष्प्रवृत्तियों का, आसत्ति व अहंकार का करना चाहिए ताकि अंतःकरण को योग के अनुकूल बनाया जा सके। कैलाशवासी भगवान शिव एक ओर तो परम पवित्र हिमालय में तपस्या में लीन रहते हैं, तो दूसरी ओर भूतगणों के साथ श्मशान में निवास करते भी माने जाते हैं। इसका व्यावहारिक आशय यह है कि पवित्र और श्रेष्ठ के संपर्क में रहना श्रेयकर है, किंतु घृणित और पापी किसी को नहीं समझा जाना चाहिए। सब परमात्मा की ही संतान हैं एवं वे स्वयं सबको बराबर स्नेह करते हैं। शिव यहां सम्यक दृष्टि व मैत्री की शिक्षा देते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन शिवजी पहली बार प्रकट हुए थे। शिव का प्राकट्य ज्योतिर्लिंग यानी अग्नि के शिवलिंग के रूप में था। ऐसा शिवलिंग जिसका न तो आदि था और न अंत। बताया जाता है कि शिवलिंग का पता लगाने के लिए ब्रह्माजी हंस के रूप में शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग को देखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। वह शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग तक पहुंच ही नहीं पाए। दूसरी ओर भगवान विष्णु भी वराह का रूप लेकर शिवलिंग के आधार ढूंढ रहे थे, लेकिन उन्हें भी आधार नहीं मिला।

### शिव और शक्ति मिलन

महाशिवरात्रि को पूरी रात शिवभक्त अपने आराध्य के लिए जागरण करते हैं। शिवभक्त इस दिन शिवजी की शादी का उत्सव मनाते हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि को शिवजी के साथ शक्ति की शादी हुई थी। इसी दिन शिवजी ने वैराग्य जीवन छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। शिव जो वैरागी थे, वह गृहस्थ बन गए। माना जाता है कि शिवरात्रि के 15 दिन पश्चात होली का त्योहार मनाने के पीछे एक कारण यह भी है। इसलिए महाशिवरात्रि हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों एवं भगवान शिव के उपासकों का एक मुख्य त्योहार है। मान्यता यह भी है कि इस दिन भगवान शिव की सेवा में दान-पुण्य करने व शिव उपासना से उपासक को मोक्ष मिलता है। शिवरात्रि के पर्व पर जागरण का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा है कि एक बार पार्वतीजी ने भगवान शिवशंकर से पूछा, 'ऐसा कौन-सा श्रेष्ठ तथा सरल व्रत-पूजन है, जिससे मृत्युलोक के प्राणी आपकी कृपा सहज ही प्राप्त कर लेते हैं?' उत्तर में शिवजी ने पार्वती को 'महाशिवरात्रि' के व्रत का उपाय बताया। चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिव हैं। अतः ज्योतिष शास्त्रों में इसे परम शुभफलदायी कहा गया है। वैसे तो शिवरात्रि हर महीने में आती है, परंतु फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को ही महाशिवरात्रि कहा गया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य देव भी इस समय तक उत्तरायण में आ चुके होते हैं तथा ऋतु परिवर्तन का यह समय अत्यंत शुभ कहा गया है।


### पूजा से शांत होते हैं कुंडली के दोष

महाशिवरात्रि में शिवलिंग की पूजा करने से जन्मकुंडली के नवग्रह दोष तो शांत होते हैं विशेष करके चंद्रजनित दोष जैसे मानसिक अशान्ति, मां के सुख और स्वास्थ्य में कमी, मित्रों से संबंध, मकान-वाहन के सुख में विलम्ब, हृदयरोग, नेत्र विकार, चर्म-कुष्ट रोग, नजला-जुकाम, स्वांस रोग, कफ-निमोनिया संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है और समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ती है। सुहागिन महिलाओं को इसदिन मां पार्वती को श्रृंगार हेतु मेंहदी चढ़ानी चाहिए और पुरुषों को पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से स्नान कराकर बेलपत्र पर अष्टगंध, कुमकुम अथवा चंदन से राम-राम लिखकर 'ॐ नमः शिवाय करालं महाकाल कालं कृपालं ॐ नमः शिवाय'



कहते हुए शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। साथ ही भांग, धतूरा और मंदार पुष्प तथा गंगाजल भी अर्पित हुए काल हरो हर, कष्ट हरो हर, दुःख हरो, दारिद्रय हरो, नमामि शंकर भजामि शंकर शंकर शंभो तव शरणं। मंत्र से प्रार्थना करनी चाहिए।

## समस्त सृष्टि के स्वामी शिव



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

देवों के देव महादेव, भूतभावन, व्योमकेष, जीवों का परम कल्याण करने वाले भगवान आषुतोश भोले भंडारी के परम उत्सव पर अपनी लेखनी को पवित्र करने का लेख संवरण नहीं कर पा रहा हूं। शिवरात्रि हिन्दुओं के सबसे पवित्र त्योहारों मे से एक है। शिव ही समस्त सृष्टि के स्वामी हैं। भूतभावन भगवान शंकर ही इस चराचर जगत के समस्त प्राणियों (मनुश्य, पशु, पक्षी, देव, दानव) को इस धरा पर अस्तित्व प्रदान करते हैं। वे ही आदि हैं और वे ही अंत हैं। भूत का तात्पर्य केवल भूत-प्रेत आत्माओं से नहीं है, बल्कि भूत का मूल अर्थ, जो इस धरा पर उत्पन्न हुआ है, अर्थात पंचभूत से बना हर जीव भूत है। भावनः का तात्पर्य है-इनका पालन करने वाला एवं इनका कल्याण करने वाला।



बाबा विश्वनाथ के इस पर्व को मनाने के पीछे कई कथाएं प्रचलित हैं। शिव पुराण में महाशिवरात्रि का विस्तार से वर्णन किया गया है। शिव पुराण के रुद्र संहिता (पार्वती खंड) में भगवान शिव के पार्वती से विवाह उत्सव का वर्णन मिलता है। बसंत पंचमी के बाद आने वाला यह पर्व प्रकृति के अत्यंत सुंदर मनभावन स्वरूप के समय मनाया जाता है। यहां शिव को चेतना एवं शक्ति को ऊर्जा (शक्ति) के योग का उत्सव भी माना जाता है। शिवरात्रि में आध्यात्मिक रूप यदि देखा जाए तो शिव का अर्थ है-कल्याण और रात्रि का अर्थ है विश्राम अथवा अंधकार। महाशिवरात्रि का यह पर्व अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर आत्मज्ञान के प्रकाश की और बढ़ने के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

महाशिवरात्रि को मनाने के पीछे दूसरी पौराणिक गाथा का वर्णन समुद्र मंथन और विशपान से जुड़ा है। समुद्र मंथन के समय जब हलाहल नामक विष समुद्र से निकला, तो उसे ग्रहण करने को सुर-असुरों में से कोई भी तैयार नहीं हुआ, ऐसे समय में भगवान शिव ने इस हलाहल को पीकर अपना नाम नीलकंठ चरितार्थ किया। इसी उपकार के कारण भी आभार स्वरूप भक्त लोग इस व्रत को रखते हैं और शिवरात्रि का पर्व मनाते हैं। महाशिवरात्रि को उपवास रखने का नियम है, जिसका तात्पर्य है, हमें अपनी इन्द्रियों पर संयम रखना चाहिए। रात्रि जागरण करके हम अज्ञान से जागरण की शिक्षा प्राप्त करते हैं। बेल पत्र को शिवलिंग पर अर्पण करने का तात्पर्य त्रिगुणों पर विजय है।

## पौराणिक कथा

### विधि का लेख



एक बार भगवान विष्णु गरुड़ पर आरूढ़ होकर कैलाश पर्वत पहुंचे। द्वार पर गरुड़ को छोड़कर वे स्वयं महादेव से मिलने भीतर चले गए। गरुड़ बाहर खड़े कैलाश की अलौकिक प्राकृतिक शोभा को निहार रहे थे। हिमशिखरों की दिव्यता, मंद समीर और दिव्य शांति उन्हें मंत्रमुग्ध कर रही थी। तभी उनकी दृष्टि एक अत्यंत सुंदर, नन्हीं-सी चिड़िया पर पड़ी। वह इतनी कोमल और आकर्षक थी कि गरुड़ का मन अनायास ही उसी में उलझ गया। उसी क्षण यमराज कैलाश पधारे। भीतर जाने से पहले उन्होंने उस चिड़िया को एक गहरी और आश्चर्यपूर्ण दृष्टि से देखा।

गरुड़ यह संकेत समझ गए। उन्हें आभास हो गया कि उस चिड़िया की मृत्यु निकट है और यमराज कैलाश से लौटते समय उसे अपने साथ ले जाएंगे। करुणा से भरकर गरुड़ का हृदय द्रवित हो उठा। वे इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरते हुए नहीं देख सके। उन्होंने उसे अपने पंजों में सहेजा और कैलाश से हजारों कोस दूर एक निर्जन वन में, एक ऊंची चट्टान पर सुरक्षित छोड़ दिया। इसके बाद वे पुनः कैलाश लौट आए। जब यमराज बाहर आए, तो गरुड़ ने विनम्रतापूर्वक पूछा-"प्रभु, आपने उस छोटी-सी चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी दृष्टि से क्यों देखा था?"

यमराज बोले- "गरुड़, जब मैंने उस चिड़िया को देखा, तब मुझे ज्ञात हुआ कि कुछ ही क्षणों बाद वह यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा निगल ली जाएगी। मैं इसी बात पर विचार कर रहा था कि वह इतनी अल्प अवधि में इतनी दूर कैसे पहुंचेगी? पर अब वह यहां नहीं है, तो निश्चय ही उसका अंत हो चुका होगा।" यह सुनकर गरुड़ को सत्य का बोध हो गया। वे समझ गए कि मृत्यु को टाला नहीं जा सकता, चाहे कितनी ही चतुराई क्यों न कर ली जाए। इसीलिए परमात्मा कहते हैं-"तू करता वही है, जो तू चाहता है, पर होता वही है, जो मैं चाहता हूं। तू वही कर, जो मैं चाहता हूं- फिर होगा वही, जो तू चाहेगा।"

## सोमनाथ और घटता-बढ़ता चंद्रमा

चंद्रमा बहुत सुंदर था। उसकी सुंदरता के चर्चे सर्वत्र होते थे। चंद्रमा की सुंदरता पर मोहित होकर दक्ष प्रजापति की सत्ताइस पुत्रियों ने उससे विवाह कर लिया था। कुछ दिन हंसी-खुशी में व्यतीत हुए फिर चन्द्रमा रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों से नाराज रहने लगा। एक दिन तो उसने हद ही कर दी। रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों को उसने महल से निकाल दिया। अपमानित दक्ष पुत्रियों ने मायके जाकर अपने पिता दक्ष प्रजापति से रो-रोकर अपनी व्यथा सुनाई। दक्ष ने चन्द्रमा को बुलाकर समझाया पर चन्द्रमा नहीं माना। उसने दक्ष प्रजापति को उल्टे बहुत भला-बुरा कहा। इस पर दक्ष प्रजापति को गुस्सा आ गया। उन्होंने चन्द्रमा को शाप दे दिया- 'तुम्हें अपने रूप-सौंदर्य का बड़ा गर्व है, जा तुझे क्षय रोग हो जाएगा। तू- कांतिहीन हो जाएगा। दक्ष के शाप से छुटकारे के लिए चन्द्रमा ने भोले शंकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की। शिव प्रसन्न हुए और चन्द्रमा से वर मांगने को कहा। चन्द्रमा ने शिव को सारी घटना बताई और श्राप से मुक्त होने का वर मांगा। शिव बोले- वत्स, मैं दक्ष के श्राप को समाप्त तो नहीं करूंगा, पर उसे कम करके लगभग निष्प्रभावी कर दूंगा। अब महीने के पहले पन्द्रह दिन तुम दक्ष के श्राप से क्षय रोग से ग्रसित रहोगे, प्रतिदिन घटते रहोगे। पर शेष 15 दिन तुम दक्ष के श्राप से मुक्त होकर तुम कांतिवान होकर बढ़ते रहोगे। दक्ष के श्राप से तुम अमावस्या को क्षय रोग से पूर्णतः ग्रसित होगे, जबकि पूर्णिमा को पूर्ण रूप से मुक्त होकर तुम विश्व को मोहित करोगे। तुम्हारी 27 पत्नियों के नाम अब तुम्हारे साथ जुड़कर अमर हो जाएंगे। ये सभी नक्षत्र मंडल में होंगी।





शिवचरण चौहान
लेखक

तब से चन्द्रमा क्षय रोग से ग्रसित हो गया। दक्ष के श्राप के कारण वह प्रत्येक मास पहले पक्ष में पहले क्षय रोग के कारण धीरे-धीरे घटता रहता है और अमावस्या को लोप हो जाता है। इसे कृष्ण पक्ष कहते हैं। शिव के वरदान के कारण अमावस्या के बाद चन्द्रमा क्षय रोग से धीरे-धीरे मुक्त होता रहता है और पूर्णिमा को पूर्ण मुक्त हो जाता है। इसे शुक्ल पक्ष कहते हैं। पूर्णिमा के चांद की सुंदरता की तुलना सदियों से मनुष्यों द्वारा की जाती रही है। कहते हैं कि गुजरात के प्रभाष पाटन क्षेत्र में जहां चन्द्रमा ने भगवान शिव की पूजा की थी, वहां उसने महादेव शिव का भव्य मंदिर बनवाया था, जो सोमनाथ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज भी प्रभाष क्षेत्र (गुजरात) में सोमनाथ का मंदिर हैं, जहां लाखों लोग भगवान शिव के दर्शन को जाते हैं। यहां पर पिंड दान भी किया जाता है और महाशिवरात्रि, भादौ, कार्तिक तथा चैत्र के महीने में मेला भी लगता है।

## बोधकथा

### विवेक और उदारता

विनीता संस्कारों की छाया में पली-बढ़ी एक सुलझी हुई बेटी थी। उसका स्वभाव उतना ही विनम्र था जितना उसका नाम। बड़ों का आदर, सेवा-भाव और अनुशासित जीवन उसकी दिनचर्या का हिस्सा थे। पढ़ाई के साथ-साथ वह दूसरों के काम आने को भी अपना कर्तव्य मानती थी। इसी सहजता और सरलता के कारण वह जहां जाती, लोगों के मन में जगह बना लेती। भाग्य ने उसे ऐसे परिवार की बहू बना दिया, जहां धन तो बहुत था, पर दान और करुणा का अभाव था। उस घर में संपत्ति को केवल भोगने और बढ़ाने की सोच थी, बांटने की नहीं। धर्म और पुण्य की बातें वहां केवल शब्द बनकर रह गई थीं। एक दिन घर के द्वार पर एक वृद्ध आया, कमज़ोर, भूखा और बेसहारा। विनीता ने उसे देखा और जो घर में उपलब्ध था, वही उसे दे दिया, सूखी, बासी रोटी। वृद्ध ने उसे हाथ में लेकर कहा- "बेटी, यह मुझसे नहीं खाई जाएगी।" विनीता ने बिना किसी कटुता के उत्तर दिया- "बाबा, इस घर में ऐसा ही भोजन होता है।"



वहीं खड़े उसके श्वसुर यह सुनकर चौंक पड़े। वे बहू के व्यवहार से सदा प्रसन्न रहते थे। उन्होंने पूछा- "बेटी, तुम ऐसा क्यों कह रही हो?" विनीता ने शांत स्वर में कहा- "पिताजी, मैंने इस घर में यही देखा है कि जो धन पूर्व पुण्य से मिला है, उसे केवल संजोया और भोगा जाता है। दान, सेवा और धर्म का आचरण यहां दिखाई नहीं देता।" उसके शब्दों ने श्वसुर के मन को झकझोर दिया। उन्हें पहली बार अपनी भूल स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उसी क्षण उन्होंने बहू को उचित कार्य करने की अनुमति दी। विनीता ने तुरंत उस वृद्ध को सम्मानपूर्वक अच्छा भोजन कराया, उससे स्नेह से बातें कीं और उसके जीवन के बारे में जाना। उसे सच्चरित्र पाकर घर के पास ही रहने की व्यवस्था कर दी। कुछ समय बाद वृद्ध बीमार पड़ा। अल्प समय में ही, ईश्वर का स्मरण करते हुए, आत्मा की शुद्धता का चिंतन करते हुए, सबके प्रति क्षमाभाव रखकर वह शांतिपूर्वक इस संसार से विदा हो गया। उसका जीवन एक मौन संदेश छोड़ गया- धन की कमी मनुष्य को केवल परेशान करती है, पर धन की अधिकता यदि विवेक से रहित हो जाए, तो वही धन मनुष्य को अहंकार, विलास और निर्दयता की ओर ले जाकर उसके पतन का कारण बन जाता है।

## आधुनिक युग में माता सीता की प्रासंगिकता और नारी सम्मान

भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक चेतना में माता सीता केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण, धैर्य, करुणा, असीम पवित्रता और नारी मर्यादा की ऐसी जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो युगों-युगों से नारी शक्ति को परिभाषित करती आई हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी ही कठिन क्यों न हों, यदि मन में धर्म, संयम और आत्मविश्वास अडिग हो, तो जीवन की हर अग्निपरीक्षा सार्थक बन जाती है। माता सीता का व्यक्तित्व स्त्री चेतना का वह स्वरूप प्रस्तुत करता है, जिसमें सौम्यता के साथ अडिग शक्ति का संतुलन दिखाई देता है।



श्वेता गोयल
लेखिका

माता सीता के प्राकट्य की कथा भारतीय परंपरा की सबसे दिव्य और अर्थपूर्ण कथाओं में से एक है। रामायण के अनुसार मिथिला में एक समय भयंकर अकाल पड़ा था। ऋषियों के परामर्श पर मिथिला के राजा जनक ने स्वयं हल चलाने का संकल्प लिया, जिससे धरती माता प्रसन्न हों और वर्षा हो। जब राजा जनक खेत जोत रहे थे, तब हल का अग्र भाग, जिसे 'सीत' कहा जाता है, धरती में गड़े एक स्वर्ण कलश से टकराया। उस कलश से एक दिव्य, तेजस्वी और अनुपम सौंदर्य से युक्त कन्या प्रकट हुई। निःसंतान राजा जनक ने उसे ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार किया। हल के अग्र भाग से उत्पन्न होने के कारण उनका नाम सीता पड़ा, राजा जनक की पुत्री होने के कारण वे जानकी कहलाईं और धरती से जन्म लेने के कारण भूमिजा। इस प्रकार माता सीता का जन्म स्वयं प्रकृति और धर्म के पवित्र मिलन का प्रतीक बन गया।

माता सीता का संपूर्ण जीवन त्याग, सहनशीलता और आत्मबल की जीवंत मिसाल है। राजमहल की सुख-सुविधाओं को छोड़कर वनवास स्वीकार करना, अपहरण, अकेलापन, लोकापवाद और कठोर परीक्षाओं को सहन करना-इन सबके बावजूद उन्होंने अपने चरित्र, आत्मसम्मान और धर्म से कभी समझौता नहीं किया। वे केवल भगवान राम की अर्धांगिनी नहीं थीं, बल्कि उनके धर्मपथ की सहचरी और नैतिक शक्ति भी थीं। उनका जीवन यह दर्शाता है कि नारी शक्ति मौन सहनशीलता नहीं, बल्कि मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता है।



माता सीता को आदर्श पत्नी, पुत्री और स्त्री के रूप में देखा जाता है, लेकिन उनकी भूमिका इन पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे जाती है। वे संबंधों में समर्पण के साथ आत्मसम्मान का संतुलन स्थापित करती हैं। उनका आचरण यह सिखाता है कि प्रेम में भी स्वाभिमान आवश्यक है और त्याग का अर्थ आत्मविस्मरण नहीं होता। यही कारण है कि माता सीता आज भी पारिवारिक जीवन, सामाजिक संरचना और नैतिक मूल्यों की आधारशिला मानी जाती हैं।

भारतीय परंपरा में माता सीता को लक्ष्मी स्वरूप भी माना गया है-सुख, समृद्धि और स्थायित्व का प्रतीक। उनके व्यक्तित्व में बाहरी वैभव से अधिक आंतरिक समृद्धि का महत्व दिखाई देता है। यही संदेश आज के उपभोक्तावादी और भौतिकतावादी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। स्त्री को केवल सहनशील या त्यागमूर्ति के रूप में नहीं, बल्कि सृजन, संतुलन और सामाजिक शक्ति के केंद्र के रूप में देखने की दृष्टि माता सीता के जीवन से ही विकसित होती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, मानसिक तनाव और रिश्तों में बढ़ती जटिलताओं के बीच माता सीता का जीवन आत्मचिंतन की प्रेरणा देता है। वे सिखाती हैं कि धैर्य कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। जब मन स्थिर होता है, तो निर्णय स्पष्ट होते हैं और रिश्तों में मधुरता स्वतः विकसित होती है। यही कारण है कि आज भी ग्रामीण समाज से लेकर महानगरों तक, माता सीता का नाम पारिवारिक शांति और सामाजिक संतुलन से जुड़ा हुआ है।

माता सीता की आराधना केवल बाह्य पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके गुणों-संयम, करुणा, आत्मबल और सत्यनिष्ठा-को जीवन में उतारने का संकल्प है। यदि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, चाहे वह परिवार हो, समाज हो या व्यक्तिगत संघर्ष, तो जीवन की कठिन से कठिन राह भी सहज और अर्थपूर्ण बन सकती है। जिस प्रकार उन्होंने अशोक वाटिका में रहते हुए भी अपने आत्मसम्मान और धैर्य को अडिग रखा, वह हर युग के लिए एक प्रेरणास्रोत है। आज के समय में, जब नारी सम्मान, मानसिक संतुलन और संवेदनशील रिश्तों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है, माता सीता का जीवन हमें सच्ची शक्ति का अर्थ समझाता है-वह शक्ति जो भीतर से आती है और पूरे समाज को दिशा देती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,065.75 | 25,867.30 |
| बढ़त | 485.35 | 173.60 |
| प्रतिशत में | 0.58 | 0.68 |

सोना 1,58,500 0 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, मंगलवार, 10 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### जेटवर्क को छोड़ फॉल्गर डिक्सन में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** जेटवर्क के इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार प्रमुख जोश फॉल्गर ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है और वह प्रतिद्वंद्वी डिक्सन टेक्नोलॉजीज की अनुषंगी कंपनी में शामिल हो गए हैं। कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ से पहले एक महीने में कंपनी के यह दूसरे शीर्ष अधिकारी का इस्तीफा है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को बताया कि फॉल्गर को पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में आईटी हार्डवेयर एवं नए प्रोजेक्ट्स के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है, जो डिक्सन की स्वामित्व वाली/गैर-सूचीबद्ध अनुषंगी कंपनी है।

### मारुति ने रेलवे से रिकॉर्ड 5.85 लाख वाहन भेजे

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने रेलवे से 2025 में 5.85 लाख से अधिक वाहनों को भेजा। यह 2024 की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने कहा कि आपूर्ति में रेल परिवहन की उसकी हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है जो 2016 में 5.1 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 26 प्रतिशत हो गई है। इससे कार्बन उत्सर्जन, देश के तेल आयात में उल्लेखनीय कमी आई है और सड़क पर लगने वाला जाम भी कम हुआ है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने इसकी जानकारी दी।

### पर्पल इक्विटी वारंट से जुटाएगी 69 करोड़

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पर्पल फाइनेंस ने 55 रुपये प्रति इक्विटी वारंट की दर से 1.26 करोड़ इक्विटी वारंट जारी कर 69.30 करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। हालांकि यह नियामकीय मंजूरी के अधीन होगा। पर्पल फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस संबंध में फैसला छह फरवरी को हुई निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया। मौजूदा एवं नए दोनों निवेशकों की निरंतर भागीदारी उसके कारोबारी मॉडल, प्रशासनिक ढांचे और दीर्घकालिक वृद्धि रणनीति में बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। कंपनी विस्तार के समर्थन के लिए अपने पूंजी आधार को और मजबूत कर रही है।

# भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता

## भारत पर लगा शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश की तुलना में कम



- समझौते के अनुसार अमेरिका भारत पर लगाए जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिए जाने से घरेलू निर्यातकों को शुल्क के मोर्चे पर तत्काल निश्चितता और बेहतर समझ मिलेगी। अमेरिका इस पेश रूपरेखा के अनुसार भारत पर लगाए जाने वाले जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। इससे पहले वह रूसी कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा चुका है। भारत पर लगाया शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में सबसे कम है।

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के साझेदार रुद्र कुमार पांडे ने कहा कि यह रूपरेखा हालिया शुल्क युक्तिकरण पर अत्यंत आवश्यक परिचालन स्पष्टता प्रदान करती है। रूपरेखा स्पष्ट रूप से पुष्टि करती है कि वस्त्र एवं परिधान, चमड़ा एवं जूते, प्लास्टिक व रबर, कार्बनिक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद तथा चयनित मशीनरी क्षेत्रों सहित कई प्रमुख भारतीय निर्यात क्षेत्रों पर 18 प्रतिशत की जवाबी शुल्क दर लागू होगी।

निर्यातकों के लिए यह रूपरेखा निश्चितता और बेहतर समझ प्रदान करती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 18 प्रतिशत शुल्क भारत को बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया और चीन जैसे प्रतिस्पर्धी निर्यातकों की तुलना में सापेक्ष लाभ की स्थिति में रखता है। इन देशों पर अमेरिकी शुल्क अपेक्षाकृत अधिक हैं।

उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों के लिए बाजार हिस्सेदारी में क्रमिक वृद्धि की उचित संभावना है। ऊर्जा, विमान एवं विमान कलपुर्जों, पूंजीगत वस्तुओं तथा प्रौद्योगिकी उत्पादों सहित पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान की खरीद की भारत की घोषित मंशा को बुनियादी ढांचा विस्तार, विमानन वृद्धि और डिजिटल अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप रणनीतिक आयात प्रतिबद्धता के रूप में देखा जाना चाहिए।

### गैर-शुल्क बाधाओं के हटने से बढ़ेगा मुक्त व्यापार

डेलॉयट इंडिया के साझेदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने पर ध्यान देने से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति में यह समग्र रूप से एक अत्यंत सकारात्मक विकास है और इससे भारतीय निर्यातकों को तात्कालिक तथा दीर्घकालिक दोनों ही अवधि में लाभ होगा। फ्लोरेंस शू कंपनी के चेयरमैन एवं ग्रैंड अटलांटिया पनपक्कम एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अकील पनारुना ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के जूता एवं चमड़ा क्षेत्र के लिए बड़ा प्रोत्साहन है। पहले भारतीय जूता निर्यात पर अमेरिका में 50% तक शुल्क था जिससे प्रतिस्पर्धात्मकता एवं दीर्घकालिक सोर्सिंग प्रभावित थी। नए समझौते से शुल्क युक्तिकरण, बाजार पहुंच की बहाली और भारतीय निर्माताओं को आत्मविश्वास के साथ निर्यात बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। हम तमिलनाडु में अपने 2,500 करोड़ रुपये के संयुक्त उद्यम का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। इसमें हमारे ताइवानी साझेदार शामिल हैं जो दुनिया के दूसरे एथलेटिक फुटवियर उत्पादकों में से हैं। निर्माणाधीन इकाई के अप्रैल तक पूरे होने की उम्मीद है। भविष्य में भी निवेश की योजना है और परिवार संचालित चमड़ा कारोबार का विस्तार जारी रहेगा।

# 2026-27 में जीडीपी रहेगी 6.4% : मूडीज

- रेटिंग एजेंसी ने जी-20 देशों में तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आगामी वित्त वर्ष में 6.4% रहने का अनुमान है जो घरेलू खपत में मजबूती, नीतिगत उपायों और स्थिर बैंकिंग प्रणाली के दम पर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में ये बात कही।

मूडीज ने बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बनी रहेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में कुछ दबाव देखने को मिल सकता है। इसके बावजूद, बैंकों के पास ऋण नुकसान को झेलने के लिए पर्याप्त भंडार है। मजबूत व्यापक आर्थिक परिस्थितियों और संरचनात्मक सुधारों के समर्थन से 2026 में बैंकों के लिए परिचालन माहौल मजबूत रहेगा। 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी दर 6.4% रहेगी जो मजबूत घरेलू खपत एवं नीतिगत उपायों से सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का युक्तिकरण और इससे पहले व्यक्तिगत आयकर की सीमा बढ़ाए जाने से उपभोक्ताओं की वहन क्षमता सुधरेगी एवं खपत आधारित वृद्धि को समर्थन मिलेगा। 2026-27 के लिए मूडीज का यह अनुमान वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में जताई गई 6.8-7.2 प्रतिशत की सीमा से कम है।

### 2025-26 में वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना

आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत की वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना है जो 2024-25 में दर्ज 6.5% से अधिक है। मूडीज ने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने और वृद्धि की गति मजबूत बने रहने से वह उम्मीद करता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 2026-27 में मौद्रिक नीति में और ढील तभी देगा, जब आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिलेंगे। आरबीआई ने 2025 में अपनी नीतिगत दर में 1.25% की कटौती कर इसे 5.25% कर दिया है। मूडीज के अनुसार, समूची बैंकिंग प्रणाली में ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2026-27 में मामूली बढ़कर 11-13% रह सकती है जो 2025-26 में अब तक 10.6% रही है।




## आयकर कानून का नया नियम अनुपालन बोझ को करेगा कम

नई दिल्ली, एजेंसी

- मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किए जाने की उम्मीद, नियमों की संख्या 35% घटाकर की 333, फॉर्म संख्या में 50% की कटौती

नये आयकर कानून के लिए जारी नियमों का मसौदा एवं फॉर्म को काफी सरल बनाया गया है। इसमें नियमों की संख्या 35 प्रतिशत घटाकर 333 कर दी गई है जबकि फॉर्म की संख्या में 50%से अधिक की कटौती की गई है। इस पहल का मकसद करदाताओं के लिए प्रावधानों को सरल बनाना, अनुपालन बोझ को कम करना और व्यवस्था को करदाताओं के अनुकूल बनाना है।

आयकर विभाग के सूत्रों ने कहा कि नये मसौदा नियम और फॉर्म पर लोगों के सुझाव आने के बाद इसे मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कर विभाग ने बीते सप्ताह शनिवार को नये आयकर कानून, 2025 के तहत नियमों का मसौदा एवं फॉर्म जारी किये थे। आयकर विभाग ने 22 फरवरी तक आयकर नियम, 2026 के मसौदा नियम और फॉर्म पर संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं। नया आयकर कानून, 2025 एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

### नकद जमा में पैन के उल्लेख को लेन-देन सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** आयकर नियम के मसौदे में बैंकों में नकद जमा/निकासी, गाड़ी व संपत्ति खरीदने और होटल बिल भुगतान के लिए पैन का उल्लेख करने को लेकर लेन-देन सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव है।

मसौदे में नियोक्ताओं द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का मूल्य बढ़ाने और क्रिप्टो एक्सचेंज के लिए कर विभाग के साथ जानकारी साझा करना अनिवार्य करने का भी प्रस्ताव है। इसमें केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर भी शामिल किया गया है। मसौदा नियम में आवास किराया भत्ते (एचआरए) का दावा करने के मकसद से बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को शामिल करने के लिए श्रेणी-1 महानगरों की सूची का विस्तार किया गया है। इस सूची में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई शामिल हैं।

### पीएसबी का लाभ 18% बढ़कर 52,603 करोड़

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 52,603 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभ कमाया है। यह सालाना आधार पर 18% की वृद्धि है।

- एसबीआई का 52,603 करोड़ के लाभ में 40% का योगदान

सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) ने मिलकर 2024-25 की दिसंबर तिमाही में 44,473 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के मुकाबले लाभ में कुल मिलाकर 8,130 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। एसबीआई ने अकेले 52,603 करोड़ के कुल लाभ में 40% का योगदान दिया। स्टेट बैंक का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 21,028 करोड़ रुपये रहा।

## भारत-अमेरिका समझौते से सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

- बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उत्साह और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।



बीएसई सेंसेक्स 485.35 अंक बढ़कर 84,065.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 734.28 अंक चढ़ा था। वहीं, एनएसई निफ्टी 173.60 अंक बढ़कर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में एसबीआई, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, सन फार्मा और एशियन पेंट्स में तेजी हुई। पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एचडीएफसी, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.31 और मिडकैप 1.27 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक सबसे अधिक 2.83 प्रतिशत चढ़ा।



# राहुल को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति

## लोकसभा : कांग्रेस सदस्यों के हंगामे से सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए की गई स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में बजट पर चर्चा से पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अन्य विषय पर आसन से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बीच कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बजट पर चर्चा से पहले अपनी बात रखने की अनुमति देने का वादा किया है, वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि कांग्रेस नेता की बात सही नहीं है और अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता से कहा था कि पहले वह विषय बताएं जो वह सदन में उठाना चाहते हैं।



- राहुल गांधी का दावा- लोस अध्यक्ष ने अपनी बात रखने की अनुमति देने का किया वादा



- संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू बोले- कांग्रेस नेता की बात सही नहीं अध्यक्ष ने विषय बताने को कहा

दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने केंद्रीय बजट पर चर्चा के लिए कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम पुकारा। थरूर ने उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने देने की अनुमति मांगी। पीठासीन सभापति ने कहा कि यदि नेता प्रतिपक्ष बजट पर चर्चा में भाग लेना चाहते हैं तो वह बात रख सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ देर पहले लोकसभा अध्यक्ष के पास कक्ष में कांग्रेस के सदस्य गए थे और बिरला ने हमें वादा किया था कि मुझे बजट पर चर्चा से पहले बोलने की अनुमति दी जाएगी। लेकिन अब वह पीछे हट रहे हैं। पीठासीन सभापति संध्या राय ने कहा कि उनके पास किसी तरह का नोटिस नहीं है और वर्तमान स्थिति में वह केवल बजट पर बोलने की अनुमति दे सकती हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की बैठक में वह भी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने पहल की थी कि अगर सभी पक्ष मान जाएं तो सदन चलना चाहिए। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने जब बैठक में कहा कि नेता प्रतिपक्ष सदन में कुछ बोलना चाहते हैं तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जब वह विषय बताएंगे, तब अनुमति दी जाएगी, इसलिए राहुल गांधी ने स्पीकर से वादा किए जाने की जो बात कही है वह सही नहीं है। रीजीजू ने कहा कि अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगर वह नेता प्रतिपक्ष को बोलने का अवसर देंगे तो अन्य दलों के नेताओं को भी मौका देंगे और सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री पक्ष रखेंगे। हम सरकार की ओर से हमेशा तैयार हैं।

### बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव का नोटिस देने की तैयारी में विपक्ष

विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने की तैयारी में है और इसके लिए सदन के सदस्यों के हस्ताक्षर लिए जाने की प्रक्रिया जारी है। सूत्रों ने बताया कि सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत नहीं देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 94सी के तहत यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सदन में की टिप्पणियों को लेकर उन पर कार्रवाई शुरू नहीं करने और कांग्रेस की महिला सांसदों पर बिना साक्ष्य के आरोप लगाने के मामले में भी अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव के लिए नोटिस देने पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही लोकसभा में एक वैधानिक प्रस्ताव लाया जा सकता है। विपक्ष प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा के 100 सदस्यों के हस्ताक्षर लेने का प्रयास कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दोपहर दो बजे तक करीब 20 सांसदों ने प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए थे तथा 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने के बाद इसे लोकसभा सचिवालय को सौंपा जाएगा।

### राहुल को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भी हंगामा, विपक्ष का बहिर्गमन

लोकसभा में राहुल गांधी को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। प्रश्नकाल शुरू होते ही दोपहर 12 बजे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह मुद्दा उठाया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वह दूसरे सदन में हुई घटनाओं पर चर्चा न करें। खरगे ने कहा कि वह संविधान से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं और संसद दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर बनी है। उन्होंने कहा कि निचले सदन में नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हालांकि, सभापति ने लोकसभा से संबंधित इस मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी और कहा कि खरगे द्वारा कही कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। सभापति ने प्रश्नकाल की कार्यवाही आगे बढ़ाई, लेकिन खरगे और अन्य विपक्षी नेता बोलने की मांग करते रहे।

## बजट : उच्च सदन में पक्ष विपक्ष आमने सामने

### बजट में पूंजीगत व्यय में कमी का दावा गलत : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

बजट में पूंजीगत व्यय कम करने के कांग्रेस के आरोप को खारिज करते हुए भाजपा सांसद अरुण सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कमी लाए बिना राजकोषीय घाटे को कम करने की घोषणा की है, जो सराहनीय है। उच्च सदन में आम बजट 2026-27 पर चर्चा में भाग लेते हुए अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में बजट का कुल आकार 16.65 लाख करोड़ था। उन्होंने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की आलोचना को खारिज कर दिया कि बजट में पूंजीगत व्यय को कम किया गया है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि बजट में साढ़े बारह लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय है, जो कांग्रेस नीत सरकार के समय दो से ढाई लाख करोड़ के बीच थी। केंद्र सरकार आगामी वित्त वर्ष में 17.72 करोड़ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खर्च करने जा रही है जबकि 4.5 करोड़ की सब्सिडी दी जाएगी। जीएसटी में सुधार से देशवासियों को एक लाख करोड़ का लाभ हुआ। एक तरफ खर्च बढ़ाना और दूसरी तरफ जीएसटी के माध्यम से लोगों को लाभ देना, उसके बावजूद यदि अगले साल के लिए 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा गया है तो वह वित्त मंत्री की इस बात के लिए अभिनंदन करना चाहते हैं कि किसी भी प्रकार से पूंजीगत व्यय में कटौती नहीं की गयी। इससे पहले बजट 2026-27 पर उच्च सदन में चर्चा शुरू करते हुए कांग्रेस नेता चिदंबरम ने इस बात पर चिंता जतायी थी कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है।

### पूंजीगत व्यय बढ़ाने को कुछ नहीं: चिदंबरम

राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने घटते पूंजीगत व्यय पर चिंता जताते हुए कहा कि आम बजट में इसे बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया गया तथा यह एक ऐसा बजट है जिसे भुला दिया जाना चाहिए। उच्च सदन में चिदंबरम ने बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है। 1,44,376 करोड़ के पूंजीगत व्यय में कमी की गयी हैं, जिसमें केंद्र के पूंजीगत व्यय में 25,335 करोड़ तथा राज्यों के पूंजीगत व्यय में 1,19,041 करोड़ रुपये की कमी हुई है।

### बजट वास्तविक स्थिति से बिल्कुल उलट है : विपक्ष

सरकार पर बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने तथा उसके अनुकूल काम न करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के सदस्य ने सोमवार को राज्यसभा में दावा किया कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है। उच्च सदन में बजट 2026-27 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है, शायद इसीलिए इस बजट को खोदा पहाड़ निकली चुहिया कहा जा रहा है। सपा की जया बच्चन ने कहा कि वह फिल्म उद्योग से आती हैं और यह उद्योग सबसे अधिक आयकर तथा जीएसटी देता है। बजट में इस उद्योग को राहत की उम्मीद थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान ने सरकार से जानना चाहा कि पिछले साल भी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का बजट 46 हजार करोड़ रुपये रखा गया था, इस बार भी इतना ही है जबकि अन्य राज्यों के बजट में 12 से 18 फीसदी की वृद्धि की गई है। आम आदमी पार्टी के डॉ अशोक मित्तल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और इस बजट में विरोधाभास हैं। बजट पर चर्चा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्य जी के वासन, बीजू जनता दल के निरंजन बिशी, अन्नाद्रमुक के एम धनपाल और मनोनीत सदस्य मीनाक्षी जैन ने भी हिस्सा लिया। चर्चा अधूरी रही।

## आतंकवाद के आरोपी रहमान की फरीदाबाद जेल में हत्या

फरीदाबाद(हरियाणा), एजेंसी

- जम्मू कश्मीर से आए कैदी की रहमान से नीमका जेल में हुई झड़प
- फैजाबाद के रहमान पर है अयोध्या विस्फोट की साजिश का आरोप

फरीदाबाद जिले की नीमका जेल में बंद आतंकवाद के आरोपी अब्दुल रहमान की कारागार में झड़प के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जम्मू कश्मीर से इस जेल में स्थानांतरित किए कैदी अरुण चौधरी ने रहमान की हत्या कर दी। जेल में रविवार रात दो कैदियों के बीच विवाद होने के बाद यह घटना हुई।

जम्मू कश्मीर के चौधरी ने रहमान पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले के मिल्कीपुर निवासी रहमान 2025 में अपनी गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद था। उसे गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ता और हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने फरीदाबाद के पास पाली गांव से पकड़ा था। रहमान के खिलाफ फरीदाबाद के डबुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज थी। उसकी गिरफ्तारी के समय, अधिकारियों ने बताया था कि रहमान अयोध्या में विस्फोट को अंजाम देने की साजिश में शामिल था। एसटीएफ ने बताया था कि उसके तार आईएसआई से जुड़े होने का संदेह है।

## वकील से मारपीट पर सीजेआई बोले- गुंडा राज अस्वीकार्य



- तीस हजारी अदालत में एडीजे की अदालत में आरोपी के वकील पर हमले का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि हमें गुंडा राज अस्वीकार्य है और उन्होंने सात फरवरी को एक जिला अदालत के कक्ष में मारपीट का आरोप लगाने वाले वकील को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने के लिए कहा। एक वकील ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया।

वकील ने कहा कि तीस हजारी अदालत में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) हरजीत सिंह पाल की अदालत में मैं आरोपी की ओर से पेश हुआ था। शिकायतकर्ता के वकील ने कई गुंडों के साथ मिलकर मुझ पर हमला किया। उन्होंने मुझे पीटा और न्यायाधीश वहीं बैठे थे। अदालत के सभी सदस्य वहां मौजूद थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि यह घटना सात फरवरी को हुई थी। क्या आपने इसकी सूचना दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दी ? मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखें और मुझे भी इसकी सूचना दें। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संज्ञान लें। कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर होगी।

### शराब घोटाला : चैतन्य बघेल की जमानत पर एक हफ्ते बाद सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह चैतन्य बघेल को शराब घोटाले के मामलों में मिली जमानत को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। चैतन्य, पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजारिया की पीठ को छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने बताया कि चैतन्य बघेल को जमानत मिलने के बाद मामले के महत्वपूर्ण गवाहों में से एक सामने नहीं आ रहा है। ईडी ने संबंधित धन शोधन मामले में चैतन्य बघेल की जमानत को अलग से चुनौती दी है।

### मेटा-व्हाट्सएप गोपनीयता नीति पर सुनवाई 23 तक स्थगित

उच्चतम न्यायालय ने मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप की उन याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को 23 फरवरी तक स्थगित कर दी जो गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई हैं। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं एनवी अंजारिया की पीठ से कहा गया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और इसलिए सुनवाई स्थगित कर दी जानी चाहिए। वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए दायर याचिकाओं पर 23 फरवरी को सुनवाई करेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल: जेन जी आंदोलन के जांच आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ा

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने पिछले साल जेन जी विरोध प्रदर्शन के दौरान अत्यधिक बल प्रयोग की जांच के लिए गठित आयोग का कार्यकाल सोमवार को 25 दिनों के लिए और बढ़ा दिया। यह तीसरी बार है जब जांच आयोग की समय सीमा बढ़ाई गई है। आयोग के प्रवक्ता एवं सदस्य विज्ञान राज शर्मा ने कहा कि मंत्रिपरिषद की एक बैठक में समय सीमा 11 मार्च तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। आयोग का कार्यकाल बुधवार यानी 11 फरवरी को समाप्त हो रहा था। पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व में तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था।

### ईशनिंदा : पाकिस्तान में पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत की सजा रद्द

**लाहौर।** लाहौर उच्च न्यायालय ने ईशनिंदा के मामले में एक पूर्व सैन्य अधिकारी को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को रद्द करते हुए सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया है। एक सत्र न्यायालय ने पिछले साल पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर रावलपिंडी शहर में पैगंबर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कर्नल (सेवानिवृत्त) मुहम्मद आरिफ को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी। इस मामले में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान नामक कट्टरपंथी इस्लामी संस्थान के एक कार्यकर्ता ने शिकायत की थी। हाल ही में शहबाज शरीफ सरकार ने इस संगठन को प्रतिबंधित किया है।

### टोरंटो में भारतीय कनाडाई व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा के टोरंटो में एक व्यस्त शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में 37 वर्षीय एक भारतीय-कनाडाई व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस संबंध में रविवार को जारी एक बयान में टोरंटो पुलिस ने मृतक की पहचान ब्रैम्पटन निवासी चंदन कुमार राजा नंदकुमार के रूप में की है। बयान के अनुसार, शनिवार को दोपहर लगभग 3 :31 बजे पुलिस को रेक्सडेल बुलेवार्ड और राजमार्ग 27 पर स्थित वुडबाइन शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में गोलीबारी की सूचना मिली।

## एप्स्टीन से संबंधों के खुलासे के बाद जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत का इस्तीफा

ओस्लो, एजेंसी

- इस्तीफा देने के बाद भी जूल के खिलाफ जांच कराएगी सरकार

नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को सही और आवश्यक बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क गंभीर निर्णयात्मक चूक को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था।

मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी बताया कि उसने उस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति संस्थान को दिए गए अनुदानों और उससे हुए संपर्कों की समीक्षा शुरू की है, जब जूल के पति टेर्जे रोड-लार्सन इस संस्था के प्रमुख थे।

## तेल आयात: भारत के लाभ और हानि

कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति का परिदृश्य एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। इसमें एक तरफ अमेरिका अपनी तेल उत्पादन क्षमता के कारण दुनिया का नेतृत्व कर रहा है, दूसरी तरफ ओपेक प्लस देशों की बाजार हिस्सेदारी कम हो रही है। भारत के लिए यह स्थिति रणनीतिक बदलावों की है, जिसमें वह रूस पर निर्भरता कम करते हुए अमेरिका और दूसरे देशों से आयात बढ़ाकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा के उपाय कर रहा है। तेल आयात का मुद्दा चूंकि सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि भू रणनीतिक मुद्दों से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए कई नई तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। पिछले कुछ सालों में अमेरिका रूस और सऊदी अरब को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश भी बन चुका है। इसी के साथ उसने वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है जो अलग किस्म की चुनौती है।

## रूस बनाम अमेरिका



### बदलता वैश्विक परिदृश्य

- वर्तमान वैश्विक तेल बाजार में मांग से अधिक आपूर्ति होने की संभावना है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार 2026 में वैश्विक तेल आपूर्ति मांग से लगभग 3 .85 मिलियन बैरल प्रतिदिन अधिक हो सकती है।
- ओपेक प्लस की बाजार हिस्सेदारी 2016 में 53% थी जो 2025 और 2026 में गिरकर 46% होने का अनुमान है। यह रूस और वेनेजुएला जैसे देशों पर प्रतिबंधों और अमेरिका के बढ़ते उत्पादन के कारण है।

### दुनिया पर हावी अमेरिका

- अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित कर रहा है।
- अमेरिका ने 2024 में 13 .2 मिलियन बीपीडी औसत उत्पादन किया, अब 13 .6 मिलियन उत्पादन का अनुमान।
- अमेरिका कोटा से बंधा नहीं है, 2015 से 2024 के बीच वैश्विक आपूर्ति में वृद्धि का 90% अकेले पूरा किया है।
- ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर रहा है। भारत पर रूसी तेल खरीदने पर 25% अतिरिक्त टैरिफ उदाहरण।

### भारत के लिए बदलती स्थितियां

- अमेरिका से व्यापार समझौते के बाद भारत ने रूसी तेल के आयात में कटौती शुरू कर 50% तक कम कर दिया है।
- भारत ने पांच वर्षों में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर मूल्य के ऊर्जा व तकनीकी उत्पाद खरीदने की योजना बनाई है।
- भारत अब नाइजीरिया, अंगोला और वेनेजुएला जैसे देशों से भी तेल आयात कर रहा है। इससे तेल आयात बिल बढ़ेगा।

### रूस से आयात न करने का असर

- अनुमान के अनुसार रूस से आयात बंद करने पर भारत का वार्षिक तेल आयात बिल 9 बिलियन से 11 बिलियन डॉलर तक बढ़ सकता है।
- अमेरिका या लैटिन अमेरिका से तेल मंगाना महंगा है। अमेरिकी खाड़ी तट से भारत तक तेल पहुंचने में 54 दिन लगते हैं, रूस से केवल 36 दिन।
- भारतीय रिफाइनरी रूस के मीडियम-सोर तेल को प्रोसेस करने के लिए अनुकूल हैं। अमेरिकी तेल के लिए सेटिंग्स बदलना महंगा पड़ेगा।

### रणनीतिक चुनौती

- रूस से तेल बंद करना भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के लिए चुनौती माना जा सकता है। अमेरिका के दबाव में आने का संकेत दुनिया में जाने का खतरा।
- रूस भारत का पुराना रक्षा और कूटनीतिक साझेदार है। तेल आयात बंद करने से इन दोनों क्षेत्रों में तनाव पैदा हो सकता है।

### वैश्विक प्रभाव

- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, रूसी तेल आयात बंद करने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं।

# सेंगर की याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करने का निर्देश

## दिल्ली हाईकोर्ट को तीन महीने में अपील का निस्तारण करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट को उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली याचिका पर निर्धारित तारीख से पहले सुनवाई करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि इस पर तीन महीने के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हाईकोर्ट के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली सेंगर की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार की ओर से दायर की गई कोई अपील हो तो उस पर भी सेंगर की याचिका के साथ हाईकोर्ट को सुनवाई करनी चाहिए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें 10 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया गया था। सीजेआई ने पीड़ित के वकील की ओर से मीडिया में बयान देने पर नाराजगी जताई। कहा, हम किसी अलग-थलग जगह पर नहीं बैठे हैं। हम जानते हैं कि बाहर 'मीडिया ट्रायल' चल रहा है।



### दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत बढ़ाने की सेंगर की भाई की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई की उस याचिका पर सोमवार को सीबीआई से जवाब तलब किया, जिसमें उसने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में अंतरिम जमानत तीन महीने और बढ़ाने का अनुरोध किया है। जयदीप सेंगर के वकील ने कहा कि अंतरिम जमानत की अवधि 11 फरवरी को समाप्त हो रही है और याचिकाकर्ता मुंह के कैंसर से पीड़ित होने के कारण जमानत बढ़ाने का अनुरोध करता है। जयदीप को एक निचली अदालत ने मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी।

### वांगचुक की हिरासत की समीक्षा में अभी कोई प्रगति नहीं... केंद्र ने कोर्ट से कहा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि सोनम वांगचुक की हालत बिल्कुल ठीक है और हिरासत में रहने के दौरान उन्हें एम्स जोधपुर से सर्वोत्तम उपचार मिल रहा है। केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ को यह भी बताया कि वांगचुक की हिरासत की समीक्षा के संबंध में अभी कोई प्रगति नहीं हुई है। न्यायमूर्ति वराले ने कहा कि पिछली बार भी यही दलील दी गई थी। उन्होंने कहा, समस्याएं हैं और इससे आप भी इन्कार नहीं कर रहे हैं। डॉक्टर का भी कहना है कि समस्या है और इलाज चल रहा है। इस पर नटराज ने कहा, वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, जयपुर इलाज के लिए लद्दाख से बेहतर जगह है। इस पर न्यायमूर्ति वराले ने कहा, आप ऐसा नहीं कह सकते। पीठ ने वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें रासुका 1980 के तहत उनकी हिरासत को अवैध घोषित करने की मांग की गई है। पीठ ने स्पष्ट किया कि आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा।

## वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण और मजबूत करेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण मजबूत करने और फलस्तीनी प्राधिकरण की पहले से ही सीमित शक्तियों को कमजोर करने वाले कदमों को मंजूरी दी। दक्षिणपंथी वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच के कार्यालय ने कहा कि ऐसे फैसले लिए गए हैं जिनसे यहूदी बस्तियों के लिए फिलिस्तीनियों को जमीन छोड़ने के लिए मजबूर करना आसान हो जाएगा। उसने एक बयान में कहा, हम फिलिस्तीनी राष्ट्र के विचार को खत्म करना जारी रखेंगे। निगरानी समूह ''पीस नाउ'' के शोधकर्ता योनातन मिजराची ने कहा कि इस फैसले को लागू करने के लिए ''वेस्ट बैंक'' के लिए इजराइल के शीर्ष कमांडर की मंजूरी की आवश्यकता है। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने एक बयान में इस फैसले को खतरनाक और बस्ती विस्तार एवं भूमि अधिग्रहण को वैध बनाने का इजराइल का खुला प्रयास करार दिया।

## भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी



- मोदी ने कहा- विश्वास की साझा दृष्टि से जुड़े हैं भारत व सेशेल्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक बातचीत की जिसके बाद भारत ने सोमवार को इस द्वीप राष्ट्र को विकास सहायता के रूप में 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की। दोनों पक्षों ने सतत विकास, व्यापार, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक व्यापक दृष्टिपत्र पर भी सहमति व्यक्त की।

हर्मिनी भारत की छह दिवसीय यात्रा पर आए हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में सेशेल्स भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी देश है। मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, भारत और सेशेल्स केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए साझा दृष्टि से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत आधारशिला रही है। उन्होंने कहा, हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, आज हम 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करने जा रहे हैं।

मोदी ने कहा कि यह पैकेज ठोस परियोजनाओं को समर्थन देगा, जो सामाजिक आवास, परिवहन सुविधा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लागू की जाएंगी।

## हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को 20 वर्ष कारावास

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज एवं चीन के मुखर आलोचक जिमी लाई को सोमवार को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। लाई को चीन की ओर से लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। यह इस कानून के तहत अब तक दी गई सबसे लंबी सजा है। इस कानून ने हांगकांग में असंतोष की आवाजों को लगभग पूरी तरह दबा दिया है।



- प्रेस की स्वतंत्रता का पतन, चीन के मुखर आलोचक रहे हैं लाई

लाई के खिलाफ मुकदमे को व्यापक पैमाने पर हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता के पतन के एक संकेत के रूप में देखा गया है। उन पर ''एप्पल डेली'' के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ मिलकर, हांगकांग या चीन के खिलाफ प्रतिबंध लगाने या उनके विरुद्ध अन्य शत्रुतापूर्ण गतिविधियों में शामिल होने का विदेशी ताकतों से आग्रह करने का आरोप लगाया गया है। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में अधिकतम आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती थी। लाई को इस मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई है। लाई के पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। उनके सह-आरोपियों को छह साल तीन महीने से लेकर 10 साल कारावास तक की जेल की सजा मिली है।

सजा सुनाए जाने के समय लाई मुस्कुराए और समर्थकों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। जब उनसे पूछा गया कि वह इस फैसले को चुनौती देंगे तो उनके वकील ने कहा कि वे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। लाई को सजा सुनाने से चीन और विदेशी सरकारों के बीच तनाव पैदा हो सकता है। लाई की दोषसिद्धि की अमेरिका और ब्रिटेन ने आलोचना की थी।

## वेनेजुएला में जेल से रिहा होते ही मचाडो के करीबी सहयोगी पाब्लो का अपहरण

**काराकस।** वेनेजुएला में विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाडो ने कहा है कि उनके सबसे करीबी सहयोगियों में से एक जुआन पाब्लो गुआनिपा का जेल से रिहा होने के कुछ ही घंटों बाद अपहरण कर लिया गया है। सरकार ने राजनीतिक रूप से प्रेरित लंबी हिरासत के बाद रविवार को कई विपक्षी सदस्य रिहा किए थे, जिनमें गुआनिपा भी शामिल थे।

मचाडो ने सोशल मीडिया पर बताया कि गुआनिपा का मध्यरात्रि राजधानी काराकस से अपहरण कर लिया गया। चार वाहनों में आए भारी हथियारबंद पुरुषों ने उन्हें हिंसक तरीके से अगवा कर लिया। विपक्षी नेताओं की रिहाई ऐसे समय में हुई है जब कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की सरकार पर उन सैकड़ों लोगों को रिहा करने का दबाव बढ़ रहा है जिनकी गिरफ्तारी महीनों या वर्षों पहले उनकी राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ी हुई थी।

## थाईलैंड : अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का एलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने संसदीय चुनाव जीत लिए हैं।

चर्नविराकुल ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग की ओर से 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया। पीपुल्स पार्टी दूसरे और फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व, पीपल्स पार्टी के नेता नत्ताफोंग रुंगपान्यावुत ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उनकी पार्टी नतीजों को स्वीकार करती है।

## ट्रेन में जहरखुरानी का शिकार हुए दो यात्री

**इटावा।** मुरी एक्सप्रेस से वैष्णों देवी के दर्शन कर लौट है दो यात्रियों को जहर खुरानों ने ट्रेन में नशीला पदार्थ खिला दिया और नकदी सहित कीमती सामान लूट कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सुरेश साहू निवासी झारखंड व प्रदीप निवासी झारखंड परिजनों के साथ वैष्णों देवी के दर्शन करने गए थे और वह मुरी एक्सप्रेस से वापस लौट रहे थे रास्ते मे कुछ लोग अपने आपको पूर्व सैनिक बताकर सीट पर बैठ गए। इसके बाद दोनों जहरखुरानी का शिकार हो गए।

## ईरान में अब सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी हस्तियों को हिरासत में लेने का अभियान

**दुबई।** ईरानी सुरक्षा बलों ने देश में जारी सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी प्रमुख हस्तियों को हिरासत में लेने के लिए अभियान शुरू कर किया। सुरक्षा बलों के इस कदम से दमनकारी कार्रवाई और भी तेज हो गई है।

इससे पहले अधिकारियों ने हिंसा के जरिए देशव्यापी प्रदर्शनों को दबा दिया था। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए थे और हजारों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया था। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर सात साल से अधिक जेल की एक और सजा सुनाई गई है। ईरान सरकार अशांति के खिलाफ बगावत करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को चुप करा रही है क्योंकि ईरान, अमेरिका के साथ नई परमाणु वार्ता का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो वह देश पर हमला कर सकते हैं।

## नाइजीरिया में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की जान गई


**कानो।** उत्तरी नाइजीरिया में एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

कानो के गवर्नर कार्यालय के बयान के अनुसार, लापरवाही से वाहन चला रहे ट्रक चालक ने कानो के गेजावा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के क्वानार बार्डे कस्बे में एक राजमार्ग पर ट्रक ने नियंत्रण खो दिया जिससे 30 लोगों की मौत हो गई। ट्रक रविवार तड़के कानो के गुजुंगु कस्बे की ओर कुछ यात्रियों को ले जा रहा था तभी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गवर्नर के प्रवक्ता के अनुसार गंभीर घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# बच्चों के यौन शोषण पर घिरा मेटा

सांता फे, एजेंसी

मेटा के खिलाफ, सोशल मीडिया पर बच्चों के यौन शोषण के खतरों और अपने प्लेटफॉर्म की सुरक्षा को लेकर भ्रामक जानकारी देने के आरोपों से जुड़े मुकदमे की सुनवाई न्यू मैक्सिको में सोमवार से शुरू हो गई। यह बच्चों को होने वाले नुकसान को लेकर मेटा समेत प्रमुख सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ दायर मुकदमों की श्रृंखला में पहली स्वतंत्र सुनवाई है। सुनवाई के दौरान ऑनलाइन मौजूद आपत्तिजनक सामग्री और उसके प्रभावों पर विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है। न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज़ ने वर्ष 2023 में मेटा के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। मुकदमे में कहा गया है कि मेटा जानबूझकर बच्चों को यौन शोषण और मानसिक स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के दोहरे खतरों के सामने उजागर करता है और इसका उद्देश्य मुनाफा कमाना है। मेटा ने सभी आरोपों से इन्कार करते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष चुनिंदा सबूतों के जरिए सनसनीखेज दलीलें पेश कर रहा है। मेटा ने जांच को संदिग्ध बताते हुए आरोप लगाया कि फर्जी खातों में बच्चों की तस्वीरों का इस्तेमाल कर और जांच से जुड़ा डेटा नष्ट किया गया। मेटा ने यह भी कहा कि वह लंबे समय से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उसने कई सुरक्षा फीचर विकसित किए हैं।





"अगर हम अपनी ताकत पर टिके रहते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हम किसी पर भी दबाव डाल सकते हैं। बेशक हम जानते हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ यह मुश्किल होगा। वे एक विश्व स्तरीय टीम हैं।
–रिची बेरिंगटन, स्कॉटलैंड के कप्तान


# स्टेडियम

अयोध्या, मंगलवार, 10 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| नामीबिया–नीदरलैंड्स | पूर्वाह्न 11 बजे |
| न्यूजीलैंड–यूएई | दोपहर 3 बजे |
| पाकिस्तान–अमेरिका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट



अभ्यास सत्र के दौरान नीदरलैंड्स के माइकल लेविट। एजेंसी

### नीदरलैंड्स का मैच नामीबिया से आज

**नई दिल्ली/कोलंबो।** पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुकाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। मैच सुबह 11:00 बजे शुरू होगा।

### कर्नाटक रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत उत्तराखंड से होगी।

### मनु को 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर सोमवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचकर रोमांचक शूट ऑफ में पिछड़ गईं जिससे उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि उनकी साथी भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह को कांस्य पदक मिला। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र के सबसे करीब मुकाबले में से एक में स्वर्ण पदक विजेता एनगुयेन थुय ट्रंग और मनु दोनों ने फाइनल में समान 35 का स्कोर किया।

### सुधीर ने किकबॉक्सिंग कप में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारतीय किकबॉक्सिंग के उभरते सितारे सुधीर सक्सेना ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाते हुए 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप में रजत पदक अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम (के.डी. जाधव इंडोर हॉल) में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा किया गया।

# दक्षिण अफ्रीकी टीम ने कनाडा को दिया 214 रनों का विशाल लक्ष्य

## टी-20 विश्व कप : कप्तान एडेन मार्करम ने खेली आक्रामक अर्धशतकीय पारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

कप्तान एडेन मार्करम ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए आक्रामक अर्धशतक लगाकर कनाडा के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप डी के मैच में सोमवार को दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट पर 213 रन तक पहुंचाया।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर माक्ररम ने दूसरे ओवर में डिलोन हेलाइगर को तीन चौके लगाए। मार्करम ने 32 गेंद में 59 रन बनाए। क्विंटोन डि कॉक ने 22 गेंद में 25 रन बनाए और साद बिन जफर को लगातार दो चौके जड़े। दोनों ने पहले विकेट के लिये 6. 5 ओवर में 70 रन की साझेदारी की और सभी गेंदबाजों को नसीहत दी।



एक–दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर व ट्रिस्टन स्टब्स। एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका डिकॉक के रूप में लगा जो कनाडा के कप्तान और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज दिलप्रीत बाजवा का शिकार हुए। मार्करम ने बाजवा को चौका लगाकर सिर्फ 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं रियान रिकेलटन ने 21 गेंद में तीन चौकों

- डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच हुई 37 गेंद में 75 रन की अटूट साझेदारी

और एक छक्के के साथ 31 रन बनाए। मार्करम को बायें हाथ के स्पिनर अंश पटेल ने लांग आन पर हेलाइगर के हाथों लपकवाया। इसके बाद रिकेलटन भी पटेल की गेंद पर हर्ष ठाकेर को सीधा कैच देकर लौटे। डेवाल्ड ब्रेविस चार गेंद तक ही टिक सके और इसी ओवर में मिड आफ पर निकोलस किर्टोन को कैच देकर पवेलियन लौट गए। आखिर में अनुभवी डेविड मिलर ने 23 गेंद में नाबाद 39 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंद में 34 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को बड़ा स्कोर दिया। दोनों ने 37 गेंद में 75 रन की अटूट साझेदारी की। कनाडा के अंश पटेल ने तीन विकेट चटकाए।

## भारत से मैच के लिए शरीफ से अनुमति लेंगे नकवी

**कराची, एजेंसी**

- त्रिकोणीय शृंखला की मांग आईसीसी ने खारिज की

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष की सलाह पर भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मुकाबले का बहिष्कार वापस लेने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध करेंगे। यह जानकारी पीसीबी के एक सूत्र ने दी। समझा जाता है कि नकवी ने भारत-पाक द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली और बांग्लादेश समेत एक त्रिकोणीय शृंखला की मांग रखी है ताकि भारत में टी20 विश्व कप नहीं खेल रहे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके।

भारत-पाक द्विपक्षीय क्रिकेट आईसीसी के दायरे में नहीं है और त्रिकोणीय शृंखला की मांग खारिज कर दी गई है। भारत ने एक दशक से अधिक समय से कोई त्रिकोणीय शृंखला नहीं खेली है। आईसीसी अगले अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को दे सकती है।

सूत्र के अनुसार नकवी सोमवार को इस मुद्दे पर हालिया घटनाक्रम की जानकारी प्रधानमंत्री को देंगे। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है। सूत्र ने कहा नकवी प्रधानमंत्री को बांग्लादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) क्रिकेट बोर्ड तथा आईसीसी के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी देंगे और उन्हें इस संकट से अवगत कराएंगे। सूत्र ने कहा कि नकवी संभवतः प्रधानमंत्री से टीम को विश्व कप में भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति देने का अनुरोध करेंगे। वह प्रधानमंत्री को विशेष रूप से श्रीलंका, यूएई और बांग्लादेश बोर्ड के आग्रह और हाल में हुई बातचीत का ब्योरा देंगे। इस मामले में हालांकि अंतिम फैसला शरीफ का होगा और पीसीबी उसका पालन करेगी। सूत्र ने कहा कि ख्वाजा के साथ हुई बातचीत में नकवी ने कई मुद्दे उठाए। नकवी ने ख्वाजा से सवाल किया कि अगर पाकिस्तान टीम ने एशिया कप ट्रॉफी किसी भारतीय बोर्ड अधिकारी से स्वीकार करने से इन्कार कर दिया होता तो क्या आईसीसी ने चुप्पी साधी होती। यह ट्रॉफी फिलहाल दुबई स्थित एशियाई क्रिकेट परिषद मुख्यालय के एक बंद कमरे में है। नकवी ने स्पष्ट किया था कि वह मीडिया की मौजूदगी में ट्रॉफी सौंपेंगे। बांग्लादेश को भारत में खेलने से इंकार करने के बाद विश्व कप से बाहर किया गया था।

## तेज गेंदबाज हर्षित राणा की सफल सर्जरी, चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से हुए थे बाहर

**बेंगलुरु।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा, जो चोट के कारण पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे, ने रविवार को भारतीय क्रिकेट फ़ैंस के लिए राहत की खबर दी, जब उन्होंने बताया कि उनकी सर्जरी सफल रही है। हर्षित ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से एक फ़ोटो शेयर की, मुस्कुराते हुए और फ़ैंस को अपनी हालत के बारे में अपडेट करते हुए। युवा पेसर ने कहा कि उनका फ़ोकस अब दो मिशन पर है – जल्दी ठीक होना और टीम इंडिया में वापसी। उनके पॉज़िटिव अपडेट ने भारतीय कैंप की चिंताओं को कम कर दिया है, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में जल्द वापसी करेंगे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाज़ों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है। हालांकि, मेगा इवेंट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह चोट टी20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिंग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ़ हुई, जो तेज़ी से बिगड़ गई। वह सिर्फ़ एक ओवर ही कर पाए और मैदान छोड़ने से पहले रन–अप के दौरान दो बार जूझते रहे, उनके घुटने में साफ़ दर्द था। बाद में मेडिकल जांच से यह कन्फ़र्म हो गया कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उनके हटने के बाद, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में उनकी जगह शामिल किया गया। सिराज ने तुरंत असर डाला, यूनाइटेड स्टेट्स के ख़िलाफ़ शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने तीन विकेट लिए और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

# गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया

**कोलंबो, एजेंसी**

ब्लेसिंग मुजरबानी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद ब्रायन बेनेट की 36 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी से जिम्बाब्वे ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां 45 गेंद शेष रहते ओमान को आठ विकेट से शिकस्त दी। ओमान को 103 रन पर आउट करने के बाद जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

मुजरबानी ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लेते हुए ओमान के शीर्ष क्रम को झकझोरा। उन्हें रिचर्ड नगारवा का (चार ओवर में 17 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रैंड इवांस ने 3.5 ओवर में 18 रन पर तीन विकेट लेते हुए जिम्बाब्वे के निचले क्रम को आउट किया।



तीसरा विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी। एजेंसी

ओमान ने 27 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे और टीम पर काफी कम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। विनायक शुक्ला (21 गेंद में 28 रन), सूफियान महमूद (39 गेंद में 25) और नदीम खान (18 गेंद में 20) की उपयोगी पारियों से टीम ने 100 रन के आंकड़े को पार किया। इन तीनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में रन बनाने में नाकाम रहा। विनायक और सूफियान ने छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर ओमान को जल्दी आउट होने बचाया तो वहीं नदीम ने आखिरी ओवरों में कुछ बड़े शॉट के साथ टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज तादिवांशे मारुमनी ने 11 गेंदों में 21 रन की तेज पारी खेली, लेकिन महमूद की गेंद पर वसीम अली ने शानदार कैच लेकर उन्हें पवेलियन भेज दिया। महमूद ने उसी ओवर में डियोन मायर्स को खाता खोले बिना आउट कर दिया। इसके बाद बेनेट और अनुभवी विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर जिम्बाब्वे को 13.3 ओवर में ही जीत दिला दी। बेनेट पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उन्होंने इससे पहले घरेलू सरजमीं पर तीन अर्धशतक लगाकर जिम्बाब्वे को इस विश्व कप में जगह दिलाई थी।

## केंद्रीय अनुबंध में बी श्रेणी में खिसके कोहली व रोहित

**नई दिल्ली।** सीनियर सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई के ताजा सालाना केंद्रीय अनुबंध में अपेक्षा के अनुरूप बी श्रेणी में रखा गया है जबकि बोर्ड ने सात करोड़ की रिटनेरशिप वाली ए प्लस श्रेणी खत्म कर दी है।

बीसीसीआई ने सोमवार को 30 पुरूष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी श्रेणी के सालाना अनुबंध देने की घोषणा की। दो प्रारूप में कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट हरफनमौला रविंद्र जडेजा को ए श्रेणी में रखा गया है। बीसीसीआई ने तीनों श्रेणियों की रिटेनरशिप फीस की घोषणा नहीं की है। इससे पहले ए श्रेणी में पांच करोड़ रूपये, बी में तीन करोड़ और सी में एक करोड़ रूपये दिये जाते थे। कोहली और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने के बाद एक ही प्रारूप में खेलते हैं और इसलिये शीर्ष श्रेणी में नहीं रह सकते।

समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरूआत की थी। यह तीनों प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों के लिये था और इतने वर्ष में सिर्फ कोहली, रोहित, जडेजा और बुमराह ही इस श्रेणी में रहे हैं।

# स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से रौंदा, मुन्से और लीस्क चमके

**कोलकाता, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से के आक्रामक अर्धशतक और माइकल लीस्क के ऑलराउंड खेल से स्कॉटलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां इटली को 73 रन से रौंदकर पहली जीत दर्ज की।

स्कॉटलैंड के 208 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम ऑफ स्पिनर लीस्क (17 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने बेन मानेंती (52) के अर्धशतक और हैरी मानेंती (37) के साथ उनकी चौथे विकेट की 73 रन की साझेदारी के बावजूद 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई।

स्कॉटलैंड ने इससे पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज मुन्से की 54 गेंद में दो छक्कों और 14 चौकों से 84 रन की पारी और माइकल जोन्स (37) के साथ पहले विकेट की उनकी 126 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 207 रन बनाए और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली पहली टीम बनी। ब्रैंडन मैकमुलेन (नाबाद 41, 18 गेंद, चार छक्के) और लीस्क ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लीस्क ने अंतिम ओवर में थॉमस ड्रेका पर दो छक्के और दो चौके से 22 रन जुटाए।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते जॉर्ज मुन्से। एजेंसी

इटली को मैच की शुरुआत में ही झटका लगा जब चौथे ओवर में कप्तान वेन मेडसन के बाएं कंधे में चोट लगी और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए। पिछले साल जुलाई में यूरोपीय क्वालीफायर में चार मैच में इटली के खिलाफ एकमात्र हार के बाद स्कॉटलैंड की टीम विश्व कप में सीधे जगह बनाने से चूक गई थी। बांग्लादेश के सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार करने के बाद स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में जगह मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इटली ने पहली ही गेंद पर जस्टिन मोस्का का विकेट गंवा दिया जिनका लीस्क की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर मुन्से ने शानदार कैच लपका। जेजे स्मट्स (22) ने लीस्क पर चौके से खाता खोलने के बाद ब्रेड व्हील की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन ब्रेड क्यूरी की गेंद पर स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन को कैच दे बैठे।

# हैलेंड के गोल से मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को हराया

### फुटबाल राउंडअप

**लंदन, एजेंसी**

एर्लिंग हैलेंड के अंतिम लम्हों में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लिवरपूल को 2-1 से हराकर खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

नॉर्वे के हैलेंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागकर रविवार को अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। मैनचेस्टर सिटी की टीम 25 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अब उसके और शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल के बीच छह अंक का अंतर है। लीवरपूल को 74वें मिनट में डोमीनिक जोबोज्लाई ने बढ़त दिलाई थी जिसके 10 मिनट बाद बर्नार्डो सिल्वा ने स्कोर 1-1 कर दिया। हैलेंड ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। एक अन्य मुकाबले में क्रिस्टल पैलेस ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर 12 मैच से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया।



स्पेन में स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान वालेंसिया के खिलाफ दूसरा गोल करने के बाद अल्वारो कैरेरास के साथ जश्न मनाते रियल मैड्रिड के किलियन एमबाप्पे (बाएं)।

### इंटर मिलान ने आठ अंक की बढ़त बनाई

**रोम।** इंटर मिलान ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे सासुओलो को रविवार को 5-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी बढ़त आठ अंक कर ली।

## विश्व बैडमिंटन महासंघ ने भारत को दिया झटका

**कुआलालंपुर।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत का बड़ा झटका लगा है क्योंकि देश में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर दो कर दी गई है। जिसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर 750 दर्जा बरकरार रखा है लेकिन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 का दर्जा घटाकर सुपर 100 कर दिया गया।

विश्व टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंटों को हटाया गया है उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर 100 टूर्नामेंट शामिल हैं। इन टूर्नामेंटों को 2023 में शुरू किया गया था। लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय का आयोजन राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन सैयद मोदी की स्मृति में होता है।

### डेविस कप

नीदरलैंड्स के खिलाफ जीत दिलाने वाले स्टार खिलाड़ी ने कहा–ये तो बस शुरुआत है

# मैंने कुछ अलग तरह की टेनिस खेली : दक्षिणेश्वर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत के नए डेविस कप हीरो दक्षिणेश्वर सुरेश का कहना है कि देश के लिए उनका शानदार प्रदर्शन 'बस शुरुआत है' क्योंकि वह एक अमेरिकी विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एटीपी टेनिस टूर पर पूरी तरह से प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी में कम्युनिकेशन स्टडीज की पढ़ाई कर रहे 25 साल के दक्षिणेश्वर इस साल मई में अपनी डिग्री पूरी करेंगे। सितंबर 2025 में पदार्पण करने के बाद सिर्फ दो मुकाबलों में दक्षिणेश्वर ने अपने सभी चार मैच जीते हैं। इनमें से तीन जीत उन्हें पिछले सप्ताहांत बेंगलुरु में नीदरलैंड के खिलाफ मिलीं।

दक्षिणेश्वर ने कहा अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। यह



तो बस शुरुआत है। दक्षिणेश्वर ने इसके साथ 2004 में जापान के खिलाफ एक ही मुकाबले में तीन मैच जीतने के लिएंडर पेस की उपलब्धि की बराबरी की। दक्षिणेश्वर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराकर डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई जहां वे सितंबर में कोरिया से भिड़ेंगे। उन्होंने कहा मैं अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए अमेरिका जाऊंगा, फिर मई में वापस आकर अपना कार्यक्रम तय करूंगा। एक बार जब यह तय हो जाएगा तो मैं टूर में शामिल हो जाऊंगा और अगले डेविस कप मुकाबले की तैयारी करूंगा। दक्षिणेश्वर के शानदार रिकॉर्ड पर कप्तान रोहित राजपाल ने कहा बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो डेविस कप मुकाबले में 4-0 का रिकॉर्ड बनाते हैं, विशेषकर अच्छे विरोधियों के खिलाफ। वह लगातार अच्छी सर्विस करते हैं और अच्छे फोरहैंड लगाते हैं। मुझे उम्मीद है कि वह अपने टेनिस का आनंद लेते रहेंगे और अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे। भारत का प्रतिनिधित्व करने से उनके खेल का एक अलग पहलू सामने आया है। उन्होंने कहा जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं तो यह एक अलग एहसास होता है। आप सिर्फ अपने लिए नहीं खेल रहे होते, आप पूरे देश के लिए खेल रहे होते हैं।

### शेर की तरह लड़े नागल : कप्तान

कप्तान रोहित राजपाल ने चोटिल सुमित नागल की भी तारीफ की जो पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद टीम की अगुआई कर रहे थे। सुमित 50 प्रतिशत भी फिट नहीं थे। उनके कूल्हे में ग्रेड टू की चोट थी और हम फिजियो के साथ दिन–रात काम कर रहे थे। उन्होंने एक शेर की तरह लड़ाई लड़ी और टीम की वैसे ही अगुआई की जैसे भारत के नंबर वन खिलाड़ी को करनी चाहिए। राजपाल ने सहयोगी स्टाफ, विशेषकर फिजियो के योगदान की खास तौर पर तारीफ की और कहा कि इस मुकाबले ने भारत की बढ़ती ताकत को दिखाया है। चोट के कारण तीन हफ्ते बाहर रहे नागल अपने दोनों एकल मैच हार गए थे। यह एक मुश्किल हफ्ता था लेकिन अपनी लड़ाई से उन्हें हौसला मिला।